# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बुधवार, 30 अप्रैल 2025 • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 336 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 2.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


### देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1908: खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर में किंग्सफोर्ड के मजिस्ट्रेट की हत्या करने के लिए बम फेंका।

1936: महात्मा गांधी ने अपना आवास बदला और वर्धा में सेवाग्राम आश्रम रहने लगे।

1991: बांग्लादेश में भीषण चक्रवात में सवा लाख से अधिक लोगों की मौत और 90 लाख लोग बेघर।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक ने की अपने दादा की हत्या

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मेराल थाना क्षेत्र के विकताम गांव में एक सिरफिरे युवक ने अपने ही घर में खूनी खेल खेला है। सिरफिरे युवक ने अपने बुजुर्ग दादा पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। युवक इतना नशे में चूर था कि उसने अपने दादा की हत्या के बाद अपनी पत्नी, मां, भाभी और भाई के साथ भी मारपीट की और कई लोगों का सिर फोड़ दिया है। इतना करने के बाद भी जब नशा नहीं उतरा तो उन्होंने अपने घर को ही आग के हवाले कर दिया। सिरफिरा युवक अपने 90 साल के दादा की हत्या के बाद परिवार के लोगों के साथ मारपीट करके घर में आग लगाकर घर से फरार हो गया।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से दंपति की मौत

**कटिहार(नबिटा ब्यूरो)।** आजमनगर थाना क्षेत्र में आजमनगर-कुमेदपुर रेलखंड के बरहट रेलवे गेट के पास मालगाड़ी की चपेट में आकर एक दंपती की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान पंचकोणीय गांव निवासी मोहम्मद सजाऊल और उनकी पत्नी रूबेदी खातून के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक दोनों अपने बीमार बच्चे को इलाज के लिए ई-रिक्शा से सालमारी ले जा रहे थे। रास्ते में बरहट रेलवे फाटक बंद मिला तो वे ई-रिक्शा से उतरकर पैदल ही पटरी पार करने लगे तभी तेज रफ्तार मालगाड़ी ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

### नाबालिग की गोली मारकर हत्या

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के संकटमोचन मंदिर के समीप 17 वर्षीय काजू यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और आक्रोशित लोगों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बेखौफ अपराधियों ने काजू यादव पर तीन गोलियां दागीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' 6 मई को


**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में गठबंधन सरकार की भागीदार कांग्रेस अब एक्टिव मोड में नजर आ रही है। पार्टी आगामी 6 मई को राजधानी रांची में 'संविधान बचाओ रैली' का आयोजन करेगी। इस रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता राज्यभर में जुटे हुए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रैली की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मुख्य अतिथि होंगे। उनके साथ कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई वरिष्ठ नेता भी शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि रैली के बाद पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें संगठन को मजबूती देने से जुड़े कई अहम निर्णय लिए जाएंगे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ की बैठक

# आतंकवाद पर करारी चोट करना हमारा राष्ट्रीय संकल्प : पीएम मोदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी इस बैठक का हिस्सा थे। बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। यह बैठक उस समय हुई है, जब दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे। सरकारी सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर



करारी चोट करना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूरा विश्वास और भरोसा जताया। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें (सशस्त्र बलों को) हमारी प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी स्वतंत्रता है। पीएम मोदी ने वादा किया है कि इस हमले के पीछे जो आतंकवादी और उनके मददगार हैं, उन्हें दुनिया के आखिरी छोर तक ढूंढ कर 'कल्पना से परे' सख्त सजा दी जाएगी। यह पाकिस्तान की ओर इशारा माना जा रहा है, जिसका भारत में आतंकवाद फैलाने का इतिहास रहा है। इससे पहले सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। यह बैठक उस दिन हुई, जब सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राजनाथ सिंह को पहलगाम आतंकी हमले के बाद लिए गए कुछ फैसलों की जानकारी दी। बता दें कि पहलगाम हमले के बाद सरकार ने एक सर्वदलीय बैठक भी बुलाई थी। इसमें विपक्षी दलों ने आतंकियों के खिलाफ सरकार किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन देने की बात कही। हमले के अगले दिन कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक भी हुई थी। इस बैठक में बताया गया कि इस आतंकी हमले के तार सीमा पार से जुड़े हुए हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब जम्मू-कश्मीर में चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं और राज्य धीरे-धीरे आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है।

# 10 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा गया पंचायत सचिव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पाकुड़।** एसीबी की टीम ने 10 हजार रुपये रिश्वत लेते पंचायत सचिव वतन कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वतन, पाकुड़ सदर प्रखंड के जमशेदपुर पंचायत के पंचायत सचिव हैं। दुमका से आयी एसीबी की टीम ने उसे गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी। गिरफ्तार पंचायत सचिव को एसीबी टीम अपने साथ दुमका ले गयी। एसीबी की टीम की कार्रवाई के बाद सरकारी एवं अनुबंध कर्मियों में हड़कंप मच गया। एसीबी के पदाधिकारी ने बताया कि लाभुक सिंचाई कूप के निर्माण कार्य को लेकर एजेंट से 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहा था, जिससे लाभुक तंग आकर इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो दुमका से की। इस शिकायत के आधार पर एसीबी टीम ने जांच शुरू की। जानकारी के मुताबिक पंचायत सचिव को रिश्वत की राशि देने के लिए सदर प्रखंड कार्यालय के निकट एक नाश्ते की दुकान में बुलाया और 10 हजार रुपये की राशि लेते ही एसीबी की टीम ने धर दबोचा। इसके बाद टीम ने पंचायत सचिव को बीडीओ कार्यालय में ले गयी और फिर सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे अपने साथ दुमका ले गयी। इस मामले में एसीबी टीम में शामिल अधिकारियों ने कैमरे के सामने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। हालांकि इतना जरूर बताया कि सिंचाई कूप निर्माण में लाभुक एजेंट से 20 हजार रुपये रिश्वत मांग रहा था, जिसे टीम ने आज 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पंचायत सचिव वतन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

# 10 फीट गहरी खाई में गिरी हाइवा, टला बड़ा हादसा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

धनबाद। जोगता थाना क्षेत्र के सिजुआ स्टेडियम के पीछे बीसीसीएल एरिया-4 अंतर्गत जोगता साइडिंग में मंगलवार की सुबह एक बड़ा हादसा उस वक्त होते-होते टल गया जब कोयला गिराकर लौट रही एक हाइवा अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट गहरी खाई में जा गिरी। गनीमत रहा कि हादसे के समय चालक हाइवा पर नहीं था, जिससे कोई जान-माल की क्षति नहीं हुई। घटना के बाद साइडिंग में अफरा-तफरी मचने के साथ स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। बताया जा रहा है कि कोयला गिराने के बाद गाड़ी को साइडिंग में खड़ा किया गया था। हल्की ढलान होने के कारण कुछ देर में ही वाहन धीरे-धीरे खिसकने लगा और अचानक खाई में गिर गया। बाद में बड़ी मशीनों की मदद से गाड़ी को बाहर निकाला गया। स्थानीय मजदूरों और कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि जोगता साइडिंग में प्रतिदिन दर्जनों ऐसे भारी वाहन चलाएं जाते हैं जो पूरी तरह तकनीकी रूप से फिट नहीं होते। कई गाड़ियों के ब्रेक काम नहीं करते या लाइटें खराब होती हैं। बिना जांच के गाड़ियों का चलाना एक दिन किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

### गोटेबोर्ग एबी की मिस कैटरीना क्लास ने हेमंत सोरेन को दिया आमंत्रण

# विकास के साझेदार बनें : हेमंत सोरेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** खनिज संपदा से परिपूर्ण झारखंड और विकसित राष्ट्र स्वीडन के बीच औद्योगिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वीडन दौरे पर हैं। इस यात्रा में उनके साथ उनकी पत्नी व गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन और एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी शामिल है। मुख्यमंत्री का उद्देश्य स्वीडन की अग्रणी कंपनियों को झारखंड में निवेश के लिए आमंत्रित करना है ताकि राज्य में औद्योगिक विकास को गति मिल सके और युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हों। मुख्यमंत्री को गोटेबोर्ग एबी में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की प्रमुख मिस कैटरीना क्लास और इवीएस 38 के आयोजकों द्वारा रणनीतिक सहयोग के लिए आमंत्रित किया गया है। यह आमंत्रण मुख्यमंत्री



की वैश्विक स्तर पर बढ़ती प्रभावशीलता और झारखंड की औद्योगिक संभावनाओं को लेकर उनकी सक्रियता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने स्वीडन की कई कंपनियों को झारखंड आने का निमंत्रण देते हुए कहा कि राज्य में निवेश के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध है। उन्होंने कंपनियों से आग्रह किया कि वे झारखंड आकर संभावनाओं को नजदीक से देखें और राज्य के औद्योगिक विकास में साझेदार बनें। झारखंड देश के प्रमुख संसाधन-संपन्न राज्यों में से एक है और इसका औद्योगिक योगदान काफी महत्वपूर्ण है। राज्य में पहले से ही टाटा स्टील, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), एनटीपीसी, वेदांता रिसोर्सेज, टाटा पावर और अदाणी पावर जैसी बड़ी कंपनियों ने निवेश कर रखा है। इन निवेशों के तहत स्टील उत्पादन, ऊर्जा उत्पादन और गैस इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी परियोजनाएं संचालित हो रही हैं। अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि झारखंड में स्वीडन की तकनीक और निवेश के जरिए नई संभावनाएं विकसित हों, जिससे राज्य का समग्र विकास और तीव्र गति से हो सके।

# टीएसपीसी के पांच नक्सली गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार।** पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए हथियार के साथ टीएसपीसी के पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली हिंसक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार नक्सलियों में लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र निवासी उपेंद्र उरांव, निरंजन उरांव, बबलू यादव, अशोक साहू और चतरा निवासी बालेश्वर उरांव शामिल हैं। दरअसल टीएसपीसी नक्सलियों के द्वारा पिछले कुछ दिनों से बालूमाथ से टंडवा के बीच में कोयला परिवहन को लेकर निर्माणाधीन कन्वेयर बेल्ट के संवेदक को धमकी देकर रंगदारी की मांग की जा रही थी। इसकी सूचना मिलने के बाद लातेहार एसपी



कुमार गौरव ने पुलिस की एक टीम बनाकर मामले की छानबीन आरंभ की। इसी बीच एसपी को गुप्त सूचना मिली कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के आरा गांव के पास स्थित जंगल में कुछ संदिग्ध लोग किसी हिंसक घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम तत्काल जंगल में छापामारी करने पहुंची। हालांकि पुलिस को देखकर सभी अपराधी भागने लगे परंतु पुलिस ने घेराबंदी कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों से जब पूछताछ की गई तो सभी की पहचान टीएसपीसी नक्सलियों के रूप में हुई। इधर मंगलवार को प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी विनोद रवानी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर टीएसपीसी के पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। इनमें तीन ऐसे नक्सली हैं जो पहले भी कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के पास से एक बंदूक, सात जिंदा गोली, नक्सलियों का पर्चा, चितकबरा वर्दी समेत कई अन्य सामग्री बरामद की गई है। उन्होंने कहा कि छापेमारी के दौरान कुछ नक्सली पुलिस को चकमा देकर फरार भी हो गए हैं। उनकी भी पहचान कर गिरफ्तारी के लिए पुलिस के द्वारा छापेमारी की जा रही है।


अक्षय तृतीया डबल धमाका ऑफर

GUARANTY OF QUALITY 100% Hallmark Exclusive Showroom

न्यू चेतन ऑरनामेन्ट्स

"भरोसा आपका – साथ हमारा"

आपकी सेवा में 44 वर्षों से तत्पर

दुकान सातों दिन खुली रहेगी।

22 कैरेट हॉलमार्क सोने के आभूषण का सबसे कम मूल्य

83,900/- प्रति 10 ग्राम

अक्षय तृतीया

+ जितना सोना उतना चांदी बिल्कूल मुफ्त

ऑफर दिनांक 29/04/2025 से 30/04/2025

22 कैरेट हॉलमार्क सोने के आभूषण

आज का भाव ₹ 89,900/- हमारा भाव ₹ 83,900/- प्रति 10 ग्राम

* शर्तें लागू

डायमंड के आभूषणों की खरीद पर 100% मेकिंग चार्ज फ्री | चाँदी के आभूषणों के मेकिंग चार्ज में 50% की छूट | ग्रहरत्न पर 20% की छूट | HUID हॉलमार्क के सारे आभूषण उपलब्ध है

यह ऑफर दोनो जगह गोविंदपुर एवम बैंक मोड़ में वैध है।

चेतन ऑरनामेन्टस For Today's Women

DHANBAD: 8-A, Rathore Mansion, Bank More, Dhanbad Phone: 6299709575

GOVINDPUR: Shiv Shambhu Plaza, Govindpur Phone: 7061677637


# जल्द दूर होगी चिकित्सकों की कमी : स्वास्थ्य मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** निजी अस्पतालों की मनमानी रोकने के लिए राज्य सरकार कड़े नियम बनाने जा रही है। इसके तहत पैसे के अभाव के कारण मरीजों को इलाज के दौरान निजी हॉस्पिटल संचालक जबरन सरकारी अस्पताल रेफर नहीं कर सकेंगे। नए नियम के तहत निजी हॉस्पिटल प्रबंधन को मरीज के एडमिट होने के वक्त ही इलाज की गारंटी देनी होगी। यह बातें राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने आयुष्मान भारत कार्ड के आधार पर मरीजों के इलाज में हो रही परेशानी को लेकर निजी अस्पतालों के प्रबंधकों के साथ आयोजित सेमिनार के दौरान कही। उन्होंने कहा कि निजी हॉस्पिटल की तुलना में सरकारी हॉस्पिटल में ज्यादा मौतें होती हैं। इसके पीछे बड़ी वजह यह है कि निजी



हॉस्पिटल प्रबंधन जब तक मरीज के परिजन के पास पैसा रहता है तब तक इलाज करते हैं और जब परिजन के पास पैसे खत्म हो जाता है तो रिम्स या अन्य सरकारी हॉस्पिटल भेज देते हैं। वहां इलाज शुरू होने में देर हो जाती है और उस मरीज की मौत हो जाती है। इतना ही नहीं निजी हॉस्पिटल में मरीजों के मौत हो जाने पर जब तक बकाया बिल का भुगतान नहीं किया जाता है तब तक शव परिजन को नहीं सौंपा जाता है। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों की यह मनमानी नहीं चलेगी। इसके लिए सरकार कड़े कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने आयुष्मान के तहत होनेवाले इलाज के लिए शहरी क्षेत्र के हर निजी अस्पतालों को 50 बेड और ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में 30 बेड की व्यवस्था रखने को कहा है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने निजी अस्पतालों को मनमानी रोकने की चेतावनी देते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड एटीएम की स्वाइप मशीन नहीं है कि पैसा खत्म तो रिम्स रेफर कर दो। मंत्री ने चिकित्सकों की कमी को जल्द दूर करने का दावा करते हुए कहा कि दूसरे राज्यों से झारखंड में आने वाले चिकित्सकों को सरकार दोगुना पैसा देकर उन्हें लाने का काम करने जा रही है। साथ ही चिकित्सकों को यह भी सुविधा है कि वो अपने मनचाहे शहर या ग्रामीण क्षेत्र में सेवा दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में चार नए मेडिकल कॉलेज के अलावा उसमें सीटों की संख्या बढ़ने से चिकित्सकों की संख्या आने वाले समय में बढ़ेगी। पैरामेडिकल और कर्मियों की कमी को दूर करने के लिए सरकार नियुक्ति करेगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस सेमिनार को विभागीय सचिव अजय कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। निजी अस्पताल प्रबंधन की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने उन्हें चेतावनी देते हुए कहा कि एक मौका और दिया जाएगा। बावजूद निजी अस्पतालों के प्रबंधन नहीं आएंगे तो सरकार कार्रवाई के लिए सोचेगी।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

### शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंच रहे शिक्षक और प्रधानाध्यापक, केवल पटना में 450 से अधिक शिकायत दर्ज

**पटना, एजेंसी।** शिक्षा विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर जारी कर सरकारी स्कूल को लेकर शिकायत दर्ज की जा रही है और अभी तक सिर्फ पटना जिला में 450 से अधिक शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है. जिसमें, सबसे अधिक इंफ्रा स्ट्रक्चर से जुड़ी शिकायतें हैं. बच्चे प्रधानाध्यापक के प्रतिदिन स्कूल नहीं पहुंचने या पहुंचने पर हाजिरी बनाकर निकल जाने की भी शिकायत दर्ज कर रहे हैं. पटना जिला में कई जगह से यह शिकायत भी आया है कि सरकारी स्कूल के शिक्षक नशे में स्कूल पहुंच रहे हैं. शिक्षकों और प्रधानाध्यापक के खिलाफ यह शिकायत निश्चित तौर पर चौंकाने वाला है और शिक्षा विभाग इसको लेकर अब पूरी तरह से निगरानी करेगी. जिले के शिक्षा पदाधिकारी को शिक्षा विभाग के टोल फ्री नंबर पर मिलने वाले शिकायत की जानकारी दी जा रही है और ऐसे शिक्षक पर कार्रवाई भी करने का मन शिक्षा विभाग ने बनाया है, जो या तो नशे में स्कूल पहुंच रहे हैं या समय से स्कूल नहीं आ रहे हैं. टोल फ्री नंबर पर सिर्फ नशे में स्कूल पहुंच रहे शिक्षकों की शिकायत ही नहीं बल्कि कैंपस में भी नशीले पदार्थ का उपयोग करने की शिकायत आ रही है और अब शिक्षा विभाग ने इस तरह की शिकायत पर कार्रवाई करने का मन बना लिया है. बहुत जल्द ही शिक्षा विभाग के टोल फ्री नंबर पर आने वाले शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी.

### मोतिहारी में 2 लाख रिश्वत लेते कार्यपालक अभियंता गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण, एजेंसी।** निगरानी विभाग ने भष्ट्राचार के विरूद्ध मंगलवार की सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए योजना एवं विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार को 2 लाख रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गये कार्यपालक अभियंता अजय कुमार संवेदक संतोष यादव से एक कार्य का भुगतान जारी करने के बदले में रिश्वत की मांग कर रहे थे। जिसकी शिकायत पीड़ित ने निगरानी विभाग से की थी।जिसके बाद डीएसपी श्यामबाबू प्रसाद के नेतृत्व में निगरानी विभाग की टीम ने जाल बिछाकर उन्हें रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। इस दौरान टीम ने रिश्वत की 2 लाख की राशि भी बरामद किया है। निगरानी विभाग गिरफ्तार अजय कुमार से गहन पूछताछ कर रही है,इसके साथ ही उनकी संपत्ति तथा अन्य वित्तीय लेन-देन का भी जांच किया जा रहा है।निगरानी विभाग की इस कारवाई के बाद सरकारी महकमा में हड़कंप मचा है।

### पटना से न्यू जलपाईगुड़ी जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस पर हमला, चलती ट्रेन पर बरसाए पत्थर

**पटना, एजेंसी।** पटना से न्यू जलपाईगुड़ी जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर एक बार फिर से पथराव हुआ है। पथराव की इस घटना में कोच का शीशा टूट गया हालांकि पथराव की इस घटना में किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है। जानकारी के मुताबिक, घटना कटिहार-बरौनी रेलखंड के बिहपुर और खरीक रेलवे स्टेशन के बीच हुई है। उपद्रवियों ने ट्रैन की बोगी श्व-1 को निशाना बनाया है। पथराव की घटना में बोगी का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया है। गनीमत की बात रही कि इस घटना में किसी यात्री को चोट नहीं आई है। इस घटना के बाद यात्रियों ने तुरंत इसकी जानकारी टीटीई को दी। जिसके बाद टीटीई ने घटना की जानकारी बिहपुर स्टेशन के आरपीएफ को दी। सूचना मिलते ही बिहपुर आरपीएफ एक्शन में आई और छानबीन शुरू कर दी। बिहपुर आरपीएफ ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### मोतिहारी में धराया एक और घूसखोर इंजीनियर, 2 लाख की रिश्वत लेते निगरानी ने दबोचा

**पटना, एजेंसी।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई निरंतर जारी है। सोमवार को राजस्व कर्मचारी को रिश्वत प्रकरण में गिरफ्तार करने के बाद निगरानी की टीम ने मंगलवार को मोतिहारी में कार्रवाई करते हुए एक और भ्रष्टाचारी अधिकारी को दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। निगरानी ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार योजना एवं विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार पंचायत सरकार भवन के 60 लाख रुपये की योजना की पहली किस्त के भुगतान के एवज में को दो लाख रुपये की रिश्वत मांग रहे थे। जिसके बाद उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

# युवाओं को तोहफा देने जा रही नीतीश सरकार, योजना से मिलेगा 10-10 लाख रुपये का सीड फंड

**पटना, एजेंसी।** राज्य सरकार द्वारा तकनीकी शिक्षा लेने वाले युवाओं के लिए स्टार्टअप स्कीम लागू है। ऐसे में विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने सभी 38 सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में स्टार्टअप सेल गठित करने का निर्देश प्राचार्यों को दिया है।

राज्य सरकार द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेजों में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए 10-10 लाख रुपये का सीड फंड उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि नए वित्तीय वर्ष में इंजीनियरिंग कॉलेजों में स्टार्टअप को बढ़ावा मिल सके।

विभाग के अनुसार, इंजीनियरिंग कॉलेजों में नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सीड फंड उपलब्ध कराना एक बड़ा फैसला है। स्टार्टअप सेल से छात्र-छात्राओं में नवाचार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

स्थायी स्टार्ट : अप को बढ़ावा देना जो नवाचार और प्रौद्योगिकी के माध्यम से वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करते हैं, तथा स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक-आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देते हैं।



राज्य के इंजीनियरिंग कालेजों में स्टार्टअप सेल को स्थापित करने का मूल उद्देश्य यह भी है कि उद्यमिता को एक करियर विकल्प के रूप में छात्रों को लेने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। इसके लिए सेल के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्टार्टअप संबंधी मार्गदर्शन भी कराया जाएगा।

साथ ही साथ स्टार्टअप सेल की स्थापना क्षेत्र और उसके आसपास के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के बीच एक उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने का भी लक्ष्य है जिसमें उद्यमियों के साथ नेटवर्किंग और लोगों से जुड़ाव, वित्तपोषण और वित्त तक पहुंच को बढ़ावा देना है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटा साइंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, क्लाउड कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, एम्बेडेड सिस्टम, रिन्यूएबल एनर्जी, यूएवी, एआर और वीआर, ड्रोन और अन्य जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करके स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाएगा।

### वैभव सूर्यवंशी को 10 लाख रूपये की सम्मान राशि देने का ऐलान किया

पटना, एजेंसी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आईपीएल के इतिहास में सबसे कम उम्र (14 साल) में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने बिहार के समस्तीपुर जिले के रहने वाले वैभव सूर्यवंशी को फोन कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि वैभव सूर्यवंशी अपनी मेहनत और प्रतिभा के बलबूते भारतीय क्रिकेट की एक नई उम्मीद बन गए हैं। सभी को उनपर गर्व है। मेरी शुभकामना है कि वैभव सूर्यवंशी भविष्य में भारतीय टीम के लिए नये कीर्तिमान रचें और देश का नाम रौशन करें। मुख्यमंत्री ने वैभव सूर्यवंशी से दूरभाष पर बात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। वैभव सूर्यवंशी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 12 दिसम्बर 2024 को 01 अणे मार्ग में मुलाकात की थी तथा मुख्यमंत्री ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य सरकार की तरफ से वैभव सूर्यवंशी को 10 लाख रूपये की सम्मान राशि देने का भी ऐलान किया।

## सीएम नीतीश ने क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की जमकर की तारीफ

**पटना, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के 14 साल के बैट्समैन वैभव सूर्यवंशी ने सोमवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सिर्फ 35 गेंदों पर शतक लगाकर सबको हैरान कर दिया।

सूर्यवंशी ने ऐसे-ऐसे शॉट लगाए जिसे देखकर राहुल द्रविड़ भी हैरान रह गए और खुद को खड़े होकर ताली बजाने से रोक नहीं पाए। उनकी टीम के हर खिलाड़ी उनकी बैटिंग को देखकर दंग रह गए। सोशल मीडिया पर मानों सिर्फ सूयवंशी ही सूर्यवंशी नजर आ रहे थे।

11 छक्कों और सात चौकों से सजी पारी में, इस युवा खिलाड़ी ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए और रॉयल्स को 25 गेंदें शेष रहते हुए आठ विकेट से जीत दिलाई।

सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल की तूफानी ओपनिंग साझेदारी की और टाइटन्स के मोहम्मद सिराज, इशांत शर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा, राशिद खान और साई किशोर जैसे गेंदबाजों के आक्रमण को ध्वस्त कर दिया।

वहीं अब वैभव सूर्यवंशी को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। क्रिकेटर से लेकर राजनेता तक बधाई दे रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल पर क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को बधाई दी है।

नीतीश कुमार ने लिखा कि आई?पी?एल? के इतिहास में सबसे कम उम्र (14 साल) में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने बिहार के वैभव सूर्यवंशी को बधाई एवं शुभकामनाएं। वे अपनी मेहनत और प्रतिभा के बलबूते भारतीय क्रिकेट की एक नई उम्मीद बन गए हैं। सभी को उन पर गर्व है।

## 6 जिलों में खुलने जा रहा डे केयर सेंटर

**पटना, एजेंसी।** बिहार में कैंसर के मरीजों की जांच, पहचान और इलाज अब आसान हो जाएगा. कैंसर की मुफ्त स्क्रीनिंग के लिए राज्य के 6 जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर खोले जाएंगे. इसमें राज्य के बेगूसराय, समस्तीपुर, मोतिहारी (पूर्वी चंपारण), सीवान, भोजपुर और किशनगंज शामिल है. पहले इन जिलों के कैंसर मरीजों को पटना महावीर कैंसर संस्थान या दिल्ली/मुंबई जाना पड़ता था, लेकिन अब मरीजों को कीमोथेरेपी के लिए उन्हें बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ने वाली है. अब तक राज्य के सिर्फ 11 जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर ऑपरेट किये जा रहे हैं.

फिलहाल प्रदेश के 11 जिलों में पहले से कैंसर डे केयर सेंटर चलाए जा रहे हैं. इनमें पटना, मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, नालंदा, मधुबनी, छपरा, पूर्णिया, सीवान, बेतिया और दरभंगा शामिल हैं. इन जगहों पर अच्छी संख्या में कैंसर मरीज आ रहे हैं और इन सेंटरों ने इलाज को काफी आसान और सुलभ बना दिया है.

डे केयर सेंटर में कैंसर मरीजों को ओपीडी की सेवाएं दी जाती हैं. इससे उनके शरीर के अंदर जहां भी गांठ है, उसकी टेस्ट की जाती है. टेस्ट के बाद अगर पेशेंट में कैंसर के लक्षण पाए जाते हैं, तो उसे ट्यूमर बोर्ड के पास फाइनल डिसीजन के लिए भेजा जाता है. बोर्ड कैंसर के स्टेज का आकलन करता है. उसके बाद उनके इलाज की लाइन तय की जाती है. डे केयर के मरीजों के लिए कीमोथेरेपी की फैसिलिटी भी उपलब्ध है. कीमोथेरेपी की दवाएं भी मुफ्त में दी जाती है. कैंसर डे केयर के पेशेंट को पैलिएटिव ओपीडी की सुविधा भी दी जाती है.

कैंसर डे केयर सेंटर खोलने का काम केंद्र सरकार की योजना के तहत किया जा रहा है. पूरे देश में ऐसे 200 सेंटर खोले जाने हैं. बिहार में 17 सेंटर बनाने की मंजूरी मिली है. इनमें से 11 पहले से काम कर रहे हैं और अब 6 और जिलों में सेंटर की शुरुआत की जाएगी. बाकी बचे जिलों में भी हालात सुधरते ही आगे का काम शुरू किया जाएगा.होमी भाभा कैंसर अनुसंधान केंद्र के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. (मेजर) केएन सहाय ने बताया कि राज्य में नॉन कम्युनिकेबल डिजीज के तहत वर्तमान में 17 डे केयर सेंटरों की मंजूरी मिली है. विभाग का दावा है कि राज्य में 21 जिले ऐसे हैं, जहां अब तक डे-केयर स्थापित नहीं किए जा सकें हैं. उम्मीद है सरकार की घोषणा के बाद 21 जिलों में ऐसे सेंटर खुलने का रास्ता साफ हो जाएगा.

## आरा में अंधेरी रात में युवक की गोली मारकर हत्या, जीजा और ममेरे भाई को पूछताछ के लिए बुलाया

**आरा/उदवंतनगर, एजेंसी।** भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत इन्द्रपुरा- सुल्तानपुर गांव के बधार में सोमवार की देर रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार की सुबह खेत से शव बरामद किया गया। मृतक 20 वर्षीय विकास कुमार उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव निवासी सुभाष शर्मा के पुत्र थे। गोली दाएं सिर के भाग में मारी गई है। पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है। ठोस साक्ष्य के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस पूछताछ कर हत्या के कारणों के बारे में पता लगा रही है। रात में साथ में निकले रिश्तेदार के एक लड़के से भी गहन पूछताछ चल रही है।



**शव के पास लोगों की भीड़ :**अपने जीजा के साथ सोने के लिए निकला था जानकारी के अनुसार विकास कुमार सोमवार की रात गड़हनी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी अपने ममेरा भाई राकेश कुमार तथा इचरी गांव निवासी अपने जीजा राकेश कुमार एवं अन्य के साथ खाना खाकर जैतपुर गांव के बधार स्थित बोरिंग पर सोने के लिए गया हुआ था। इस दौरान विकास दोनों रिश्तेदारों को बोरिंग के पास छोड़कर मोबाइल पर किसी से बातचीत करते इन्द्रपुरा बधार पहुंच गया। जहां पर उसकी गोली मारकर हत्या की गई। इस दौरान दोनों रिश्तेदारों को भी भनक नहीं लगी।मंगलवार की सुबह सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव और एसआई नीतीश कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस विकास के ममेरे भाई व जीजा को पूछताछ के लिए थाने पर बुलाई है। दारोगा नीतीश कुमार ने बताया कि डीआईयू की टीम मौके पर पहुंच गई है। तकनीकी और वैज्ञानिक रूप से भी जांच चल रही है।

**हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार :**इधर, उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव ने बताया कि हादसे के बाद चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया है। सड़क जाम हटा दिया गया है गंभीर रूप से घायल लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल,आरा भेज दिया गया है। परिचालन बहाल हो गया है।

## साउथ बिहार एक्सप्रेस को जाना था आरा, राजेंद्रनगर टर्मिनल पर ही रोक दी; यात्रियों ने काटा बवाल

**पटना, एजेंसी।** आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस को सोमवार को राजधानी के राजेन्द्रनगर टर्मिनल पर ही रोक दिया गया। यात्रियों को सूचना दी गई कि ट्रेन अब आगे नहीं जाएगी। इसके बाद राजेन्द्र नगर टर्मिनल पर ही यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। यात्री इसके लिए रेलवे पर लापरवाही का आरोप लगा रहे थे।

इससे अधिकांश यात्री आरा नहीं जा सके। नाराज यात्रियों ने बताया कि रेलवे की ओर से पूर्व में कोई सूचना तक नहीं दी गई। पटना जंक्शन के निदेशक अरुण कुमार का कहना है कि ट्रेन गंतव्य तक क्यों नहीं गई, इसकी जानकारी नहीं है।

राजेंद्रनगर टर्मिनल पर ट्रेन आने के बाद करीब 20 मिनट तक यात्री ट्रेन खुलने का इंतजार करे रहे। जब ट्रेन नहीं खुली तो यात्री प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित स्टेशन मास्टर




के चेंबर में गए और ट्रेन को चलाने की मांग करने लगे। वहीं, स्टेशन मास्टर ने जवाब के तौर पर ट्रेन नहीं जाने की बात कही तो यात्री नाराज हो गए। राजेंद्रनगर टर्मिनल पर ही हंगामा करने लगे। यात्रियों का हंगामा तेज हो गया तो रेल पुलिस की टीम पहुंची तो समझा बुझाकर मामले को शांत कराया।

**ट्रेन रनिंग स्टेटस में आरा पहुंची दिखाई दी :**परेशान यात्रियों का कहना था कि ट्रेन अपने तय समय से करीब एक घंटे 45 मिनट देर से रात 8:05 बजे प्लेटफार्म नंबर पांच पर आई, लेकिन ट्रेन को राजेंद्रनगर टर्मिनल पर ही रोक दिया गया। यात्रियों को इस ट्रेन के शार्ट टर्मिनेट की कोई सूचना तक नहीं दी गई। बड़ी बात तो यह है कि ट्रेन रनिंग स्टेट्स में पटना जंक्शन, दानापुर, बिहटा और आरा तक लेट समय के अनुसार पहुंचाने का दिखाया, जबकि यह सूचना बिल्कुल गलत थी।

यात्रियों ने बताया कि बिना सूचना के ही राजेंद्रनगर टर्मिनल पर खड़ी कर दी गई। काफी संख्या में यात्रियों को पटना जंक्शन, दानापुर, बिहटा और आरा तक सफर करना था। परेशान यात्री राजेंद्रनगर टर्मिनल से उतर कर निजी साधनों से अपने घर के लिए प्रस्थान किए, जबकि कई यात्री ट्रेन के दूसरे विकल्प के लिए टर्मिनल पर इंतजार करते रहे।

### बिहार में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल, 10 सीनियर आईएएस अधिकारियों का तबादला

**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार ने 10 सीनियर आईएएस अधिकारियों का तबादला कर राज्य प्रशासन में बड़ा बदलाव किया है। इस फेरबदल में कई अधिकारियों को नए पदों के साथ अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी सौंपी गई हैं। सबसे अहम बदलाव परिवहन विभाग में हुआ है, जहां लंबे समय से पदस्थापित संजय अग्रवाल को हटा दिया गया है। 2006 बैच के आईएएस संदीप कुमार आर पुडकलकट्टी को बिहार का नया परिवहन सचिव बनाया गया है। संदीप पहले से ही पथ निर्माण विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं और अब परिवहन विभाग का काम भी देखेंगे। वहीं संजय अग्रवाल की नई पोस्टिंग को लेकर अभी कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। राजस्व परिषद में भी बदलाव देखने को मिला है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए केके पाठक के स्थान पर 1990 बैच के एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को राजस्व परिषद के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### साइबर ठगी के शिकार हुए डीएमसीएच कर्मी को पुलिस ने दिलाया पैसे वापस, बाकी पैसों की वापसी प्रक्रिया जारी

**पटना, एजेंसी।** राजस्थान निवासी और वर्तमान में डीएमसीएच में कार्यरत सुनील कुमार शर्मा साइबर ठगी का शिकार हो गए थे। ठगों ने उन्हें शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 2 लाख 61 हजार रुपये की चपत लगा दी। घटना की शिकायत पीड़ित ने दरभंगा साइबर थाना में दर्ज कराई थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर थाना की पुलिस ने ठगों के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया और सुनील शर्मा को 65 हजार रुपये वापस दिला दिए। शेष 42 हजार रुपये की वापसी की प्रक्रिया भी प्रगति पर है। साइबर डीएसपी राहुल कुमार ने बताया कि 4 अक्तूबर 2024 को साइबर थाना में कांड संख्या 88/24 के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि साइबर ठगों ने पीड़ित के पैसे राजस्थान स्थित सर्वोदय बैंक के खाते में और शेष राशि कर्नाटक बैंक व एक्सिस बैंक के खातों में स्थानांतरित कर दिए थे। कोर्ट के आदेश पर सर्वोदय बैंक खाते से 65 हजार रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराए गए हैं, जबकि अन्य बैंकों से 42 हजार रुपये की वापसी की प्रक्रिया जारी है।

## रेलवे स्टेशन पर लड़की से गैंगरेप, पुलिस ने आरोपियों का किया एनकाउंटर

**गोपालगंज, एजेंसी।** बिहार पुलिस और अपराधियों के साथ एनकाउंटर में गैंगरेप के तीनों आरोपियों को पैर में गोली लगी है और वो तीनों जख्मी बताए जा रहे हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, तीनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गैंगरेप के आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस पर अपराधियों ने गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया। पुलिस और अपराधियों के साथ एनकाउंटर में गैंगरेप के तीनों आरोपियों को पैर में गोली लगी है और वो तीनों जख्मी बताए जा रहे हैं।दरअसल,यूपी से दिव्यांग पिता का इलाज कराने पहुंची बेटी के साथ गैंगरेप की वारदात हुई थी। गोपलगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र के सासामुसा रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह ये घटना है जहां तीन युवकों ने मिलकर सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और फरार दो आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही थी।लेकिन, यह घटना जिस तरह से घटी है वह पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर जहां सवाल उठाती है वहीं अपराधियों के बेखौफ होने की कहानी बताती है। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश से दिव्यांग पिता का इलाज करने के लिए युवती गोपालगंज पहुंची हुई थी। सासामुसा रेलवे स्टेशन पर उतरकर श्यामपुर में चिकित्सक के यहां इलाज कराई। रविवार की रात में पिता को लेकर लौटने के लिए सासामुसा रेलवे स्टेशन पर पहुंची, जहां ट्रेन छूट गई।

ट्रेन छूट जाने के बाद रात में पिता को लेकर स्टेशन पर रुक गई। सोमवार की सुबह में चार बजे के आसपास रेलवे स्टेशन के चापाकल पर पानी भरने के लिए गयी, जहां तीन युवकों ने युवती को पकड़ लिया और जबरन मुंह दाब कर सुनसान जगह पर लेकर गए और गैंगरेप किया। सामूहिक दुष्कर्म की वारदात के बाद तीनों युवक फरार हो गए थे। वहीं युवती ने शोर मचाते हुए रोने लगी, जिसके बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और जीआरपी को दी। कुचायकोट थाने की पुलिस भी मौके पर जांच के लिए पहुंची और पीड़िता की निशानदेही के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिनसे पूछताछ चल रही है।

## युवक की गोली मारकर हत्या, घंटों सड़क जाम

**नवादा, एजेंसी।** बिहार के नवादा जिले में अपराधियों ने सोमवार की रात्रि 9:30 बजे के करीब नवादा नगर के गोपाल नगर मोहल्ले में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। युवक को लगातार तीन गोलियां दागी गई है ।इस घटना के बाद मोहल्ले में अफरा- तफरी माहौल उत्पन्न हो गया। मृतक के परिजनों तथा मोहल्ले के लोगों ने 12:00 बजे रात्रि तक सड़क जाम कर यातायात बाधित कर दी ।एसपी अभिनव धीमान ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। आपसी दुश्मनी के कारण हत्या का कारण बताया जा रहा है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक को तीन गोली मारी गई थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, वारदात के तुरंत बाद घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस टीम पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर लिया गया। मृतक के पिता राम पदारथ यादव ने पड़ोस के बिहार पुलिस में सिपाही उदय यादव और उसके भतीजे राहुल कुमार , नीतीश कुमार ,सोनू कुमार और रोहित कुमार पर काजू कुमार को गोली मार कर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क को जाम कर दिया । मृतक युवक नाबालिक बताया गया है।मौके पर थाना प्रभारी अविनाश कुमार डीएसपी हुलास कुमार सहित तमाम पदाधिकारी पहुंचकर जाम हटाने की कोशिश कर रहे हैं। नवादा के एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि भारी मशक्कत के बाद रति 12:00 बजे सड़क जाम हटाया गया ।

# भागलपुर वालों की बल्ले-बल्ले, इस जगह बनने जा रहा शानदार पार्क, 2.32 करोड़ का मिला फंड

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर के लोगों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, टीएनबी कालेजिएट मैदान को एक शानदार पार्क के रूप में विकसित करने की मंजूरी मिल गई है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने 2.32 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी है।

इस राशि से प्रवेश द्वार, गार्ड रूम, पानी का फव्वारा, योग कुटीर, वाक वे, पंप हाउस, सीसीटीवी, शौचालय एवं सुंदरीकरण कार्य किया जाएगा। विभाग ने नगर आयुक्त को इस आशय की जानकारी दी है। योजना का कार्यान्वियन नगर निगम द्वारा किया जाएगा।

इसे लेकर सोमवार को सशक्त स्थायी समिति सदस्य डा. प्रीति शेखर ने डीएम डा. नवल किशोर चौधरी से मुलाकात की।



उन्होंने कहा कि पार्क के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए आपके माध्यम से उक्त भूमि की एनओसी अपेक्षित है।

**डीईओ को एनओसी के लिए निर्देश दिया जाएगा :**इसके पश्चात ही नगर निगम द्वारा पार्क निर्माण कराया जा सकेगा। इसके लिए डीएम ने आश्वस्त किया कि डीईओ को एनओसी के लिए निर्देश दिया जाएगा। पार्क के निर्माण में बाधा उत्पन्न नहीं होगा। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन योजना की समाप्ति के बाद अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन-2.0 योजना प्रारंभ की गई है।

टीएनबी कालेजिएट पार्क के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन विभाग द्वारा चयनित एजेंसी द्वारा तैयार कराया गया है। जिसपर मुख्य अभियंता, आधारभूत संरचना एवं परिवहन, (दक्षिण बिहार उपभाग), नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना द्वारा तकनीकी अनुमोदन किया गया। 27 फरवरी को राज्य स्तरीय तकनीकी समिति द्वारा इस परियोजना के लिए राशि की स्वीकृति की अनुशंसा की गई है।

योजना का कार्यान्वयन ई-निविदा के माध्यम से कराया जाएगा। योजना का कार्यान्वयन चिह्नित भूमि पर जिला पदाधिकारी से एनओसी हस्तांतरण होने के उपरांत किया जाएगा। साथ ही कार्य स्थल पर बोर्ड प्रदर्शित कर प्राक्कि्लत राशि व योजना विवरण देना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबूलाल मरांडी का सीएम हेमंत सोरेन पर तंज-मुख्यमंत्री स्पेन गये, तो वहां की बिजली ही ठप्प हो गई

रांची, एजेंसी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्पेन दौरे को लेकर एक तंज किया है। इसे लेकर बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि फ्राज्यों के प्रतिनिधि विदेश जाते हैं तो नाम रोशन करके आते हैं। इधर हमारे मुख्यमंत्री सह उर्जा मंत्री जहां गये वो पूरा देश ही अंधेरे में डूब गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्पेन गये तो उस देश की बिजली ठप्प हो गई। बाबूलाल मरांडी ने अपनी पोस्ट में आगे कहा, गनीमत है कि झारखंड के पेयजल मंत्री फॉरेन टूर वालों की लिस्ट में नहीं गये वर्ना स्पेन में भी लोग बाल्टी लेके टैंकर का इंतजार करते दिखने लगते। खैर झारखंड को अंधेरे में रखने की कसम खा कर दलबल और फ्रमित्रमंडलीफ्र के साथ विदेश गये हेमंत सोरेन वहां भी अपनी कार्यशैली की अमिट छाप छोड़ कर आ रहे है। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री का यह बयान तब आया जब फ्रांस, स्पेन और पुर्तगाल सहित कई यूरोपीय देशों में एक साथ बिजली गुल हो गई। इससे ब्लैकआउट के शिकार सभी यूरोपीय देशों में आवश्यक सेवाएं, जैसे- ट्रैफिक सिस्टम और मोबाइल नेटवर्क ठप हो गये। साथ ही रेल और मेट्रो लाइन पर भी ब्रेक लग गया। इससे 50 मिलियन से अधिक आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली कटौती से हुई परेशानियों को लेकर कैबिनेट की आपातकालीन बैठक बुलाई गई। इस ब्लैकआउट का कारण बिजली की बड़ी कटौती बताई जा रही है। सूत्रों की माने तो, यूरोपीय देशों में हुई भीषण बिजली कटौती के बाद इसकी आपूर्ति दोबारा बहाल करने में 6 से 10 घंटे तक का समय लग सकता है।

### माओवादी एरिया कमांडर सलूका कायम के घर इश्तेहार चिपकाया, ढोल-नगाड़े के साथ पुलिस ने की कार्रवाई

बंदगांव, एजेंसी। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जिले के कराईकेला थाना में कांड संख्या 08/20 और 04/23 के प्राथमिकी अभियुक्त माओवादी संगठन के एरिया कमांडर सालूका कायम के घर इश्तेहार चिपकाया गया है। कराईकेला पुलिस ने माओवादी एरिया कमांडर की गिरफ्तारी के लिए बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, कराईकेला थाना की पुलिस टीम ने सोनुवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदाबुरू गांव स्थित माओवादी सदस्य सालूका कायम के घर में छापेमारी की। पुलिस ने छापेमारी में माओवादी को फरार पाया। सालूका कायम के फरार रहने पर पुलिस ने ढोल-नगाड़े बजाते हुए इश्तेहार चिपकाया। इस दौरान कराईकेला थाना के प्रभारी अंकित कुमार ने सालूका कायम के परिवार वालों से भी बातचीत की। पुलिस ने विधिवत प्रक्रिया के तहत घर के बाहर इश्तेहार चिपकाते हुए सालूका कायम को शीघ्र आत्मसमर्पण करने या गिरफ्तारी के लिए प्रस्तुत होने की चेतावनी दी। गौरतलब है कि सालूका कायम पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है। इधर, सोमवार को बोकारो में एक महिला नक्सली ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाली महिला नक्सली सुनीता मुर्मू भाकपा माओवादी की सक्रिय सदस्य है। उसने मुठभेड़ में मारे जाने के डर से पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

### सरकार बेटियों के लिए दे रही है 20 हजार रुपये

रांची, एजेंसी। इसमें मंईयां सम्मान योजना और मानकी मुंडा स्कॉलरशिप सहित कई लाभकारी योजनाएं शामिल हैं। इन्हीं में से एक है सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना। इसकी शुरुआत महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग ने की थी। इसके तहत सरकार लड़कियों की पढ़ाई में ढाई हजार से 20 हजार तक वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस योजना के माध्यम से सरकार को समाज में बेटियों के जन्म के बारे में नकारात्मक धारणाओं, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, कम बालिका लिंगानुपात और लड़कियों की कमजोर शैक्षिक स्थिति जैसे मुद्दों को संबोधित करना है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में महिला सशक्तिकरण और स्त्री शिक्षा को बढ़ावा देना सहित महिलाओं के सर्वांगीण विकास में सहयोग करना है।

## ग्रामीणों के उग्र आंदोलन में तिसरी सीओ समेत कई घायल,

# आईजी ने घटनास्थल का लिया जायजा

गिरिडीह, एजेंसी। तिसरी अंचल सह प्रखंड कार्यालय में सोमवार को हुए हंगामे के बाद पथराव और तोड़फोड़ के बाद पुलिस एक्शन मोड में है। जहां किसान जनता पार्टी के नेता अधिवक्ता अवधेश सिंह को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। उनके साथियों को भी पुलिस ने पकड़ा है। अवधेश सिंह का इलाज पुलिस अभिरक्षा में किया जा रहा है।



दूसरी तरफ पथराव की घटना में घायल हुई महिला पुलिसकर्मी शकुंतला मेहरा और अवर निरीक्षक नंदजी राय का इलाज सदर अस्पताल में करवाया जा रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र के आईजी माइकल राज भी तिसरी पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली।

इस घटना को लेकर घायल पुलिस पदाधिकारी नंदजी राय का कहना है कि किसान जनता पार्टी के लोग, अंचल से रजिस्टर टू की प्रति मांग रहे थे। इसे लेकर लोग अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे थे। सीओ का कहना था कि लोग अपनी जमीन की प्रति मांगें तो दे देंगे लेकिन दूसरे का नहीं दे सकते। इसी बात को लेकर कहासुनी हुई और फिर आंदोलनकारी हिंसक हो गए और पथराव होने लगा।

किसान जनता पार्टी के नेता अवधेश सिंह का कहना है कि रजिस्टर टू की प्रति की मांग को लेकर 10 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरना चल रहा था। 17 अप्रैल को एसडीपीओ खोरी महुआ गिरिडीह आए तो अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय ने उन्हें भी बुलाया। वे वहां गए और बताया कि हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद सीओ रजिस्टर टू की प्रति नहीं दे रहा है। फिर भी वे तिसरी गए और मामले को सेटल किया गया। वहां आश्वासन मिला की एसडीओ बाहर गए हैं आते ही प्रति मिल जाएगा। इसके बाद तिसरी के लोगों ने फोन किया कि आश्वासन के बाद भी सीओ रजिस्टर टू नहीं दे रहे हैं। ऐसे में वह सोमवार को तिसरी अंचल पहुंचे तो वहां पर आंदोलकारी सीओ से सवाल- जवाब कर रहे थे, इस दौरान नोक झोंक भी शुरू हो गई। मैंने बीच बचाव किया। फिर सीओ से बात की तो वे कहने लगे कि एसडीओ और डीसी ने प्रति देने से मना किया है। मैंने एसडीओ को बुलाने को कहा। अवधेश का आरोप है कि सीओ ने एसडीओ को बुलाने के बजाय माफिया को बुला लिया जो लोग मुझे तरह तरह की धमकी देने लगे। फिर अचानक मेरे सर पर हमला कर किया और मैं नीचे गिर पड़ा, बाद में पता चला कि पब्लिक ने भी पुलिस पर पथराव किया है।

इधर सोमवार की घटना को लेकर अंचल और प्रखंड के कर्मियों ने बताया कि सोमवार को जब सीओ आए तो 8-10 आंदोलनकारी, उनके कक्ष में चले गए और अंदर से दरवाजा लगा दिया। अंचल के मुख्य दरवाजे को भी बंद कर दिया गया। ऐसे में मामले की जानकारी थाना प्रभारी को दी गई। सूचना पर पीछे के रास्ते से पुलिस पहुंची और सीओ को कक्ष से बाहर निकाला। फिर मेन गेट का ताला तोड़ा गया। इस बीच हंगामा शुरू हो गया।

अवधेश सिंह घायल हुए तो पथराव और तोड़फोड़ शुरू हो गया। प्रखंड कार्यालय के खिड़की के शीशा को तोड़ दिया गए। जबकि सीओ, बीडीओ, पुलिस वाहन समेत आधा दर्जन चार पहिया वाहन समेत कई बाइक में तोड़फोड़ हुई। पथराव में एक पुलिस पदाधिकारी और एक महिला पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। जबकि थानेदार समेत कई पुलिसकर्मियों को मामूली चोट आई है।आंदोलन कर रहे लोगों के नेता अवधेश सिंह गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसमें भागीरथ राय को भी चोट लगी है। मामले की सूचना पर खोरी महुआ के एसडीएम अनिमेष रंजन, एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद के साथ पदाधिकारी पहुंचे। इस बीच मामले को बढ़ता देख आईजी ने पूरी घटना की जानकारी ली। आईजी माइकल राज भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरी जानकारी ली।

## अगलगी में बेघर आदिवासी परिवार को अबतक नहीं मिला मुआवजा, सीएम हेमंत सोरेन से की ये मांग

बोकारो, एजेंसी। झारखंड के बोकारो में अगलगी के शिकार हुए एक गरीब आदिवासी परिवार को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। मामला जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत तिलैया पंचायत क्षेत्र का है, यह गांव लुगू पहाड़ की तलहटी में बसा है। दरअसल 3 साल पहले गांव के राजू कुमार हेम्ब्रम के घर में आग लग गई थी। आग लगने के कारण घर में मौजूद लाखों का सामान जलकर खाक हो गया था। उनकी आर्थिक स्थिति भी काफी कमजोर है। लेकिन घटना को इतने समय बीत जाने के बाद भी आज तक उन्हें सरकार की ओर से मुआवजा नहीं मिला है। अब पीड़ित ने सीएम से अबुआ आवास दिलाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित राजू कुमार हेम्ब्रम ने 16-2-2022 को महुवाटांड थाना में सन्हा दर्ज कर गोमिया अंचल और बीडीओ को आवेदन देकर आपदा प्रबंधन से मुआवजा दिलाने की मांग की थी। लेकिन घटना के तीन साल बाद भी उन्हें मुआवजा नहीं मिला। आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होने के कारण राजू हेम्ब्रम अपना घर नहीं बना पा रहे हैं। मजबूरी में उन्हें परिवार के साथ भाई के घर पर रहकर जीवन व्यतीत करना पड़ रहा है। दूसरे के घर में रहने के कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही है। दूसरी तरफ मकान मालिक बार-बार उन पर घर खाली करने का दबाव बनाते हैं।

इसके अलावा राजू को प्रधानमंत्री आवास का लाभ भी नहीं मिला। हेम्ब्रम ने बताया कि उन्होंने पीजी तक की पढ़ाई की है। वर्तमान में एक प्रिटिंग प्रेस मे दैनिक मजदूर के तौर पर काम करते हैं। हेम्ब्रम ने कहा कि काम करने से जो कमाई होती है, उस से परिवार का भरण-पोषण करें या घर बनाएं। उन्होंने जानकारी दी कि कई बार अंचल और प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें मुआवजा नहीं मिला। अब इन सबसे थककर उन्होंने मुआवजा मिलने की आस ही छोड़ दी है। राजू हेम्ब्रम की सीएम हेमंत सोरेन से केवल इतनी मांग है कि उन्हें मुआवजा नहीं मिला ते अबुआ आवास ही दिला दें। ताकि वे अपने घर में आराम से रह सकें।

इधर, सीओ और बीडीओ को मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने राजू की मदद करने की बात कही। सीओ आफताब आलम ने कहा कि यह घटना मेरे समय की नहीं है। न ही मेरे संज्ञान में घटी है।

## आईआईटी-आईएसएम के छात्र को मिला 1 करोड़ का पैकेज, अब तक का सबसे बड़ा जॉब ऑफर




धनबाद, एजेंसी। आईआईटी आईएसएम के छात्र प्लेसमेंट कंपनियों को आकर्षित करने का सिलसिला लगातार जारी है। प्लेसमेंट कंपनियां आकर्षक पैकेज के साथ छात्रों को जॉब ऑफर प्रदान कर रही हैं। संस्थान के एक छात्र को करोड़ों का पैकेज मिला है। जबकि कई छात्रों को लाखों में जॉब ऑफर प्राप्त हुए।

संस्थान में अप्रैल महीने तक करीब 1025 छात्रों का कैंपस सिलेक्शन हुआ है। मिनरल्स एंड मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र सौरव को 1।26 करोड़ का सालाना पैकेज मिला है। यह आईएसएम का अबतक का सबसे अधिक पैकेज है। वहीं, 48 छात्रों को 50 से 60 लाख तक का वार्षिक पैकेज पर जॉब ऑफर दिया गया है। चार ऐसे छात्र हैं, जिन्हें 60 लाख से अधिक का पैकेज मिला है।

कुल रजिस्ट्रेशन संख्या 1622 है, जिसमें 1025 छात्रों को अब तक प्लेसमेंट ऑफर मिल चुका है। 6 से 10 लाख प्लेसमेंट ऑफर पाने वाले छात्रों की संख्या 291 है। जबकि 10 से 20 लाख तक वार्षिक पैकेज पाने वाले छात्रों की संख्या 386 है। 150 वैसे छात्र हैं, जिन्हें 20 से 30 लाख तक का वार्षिक पैकेज मिला है। 58 छात्रों को 30 से 40 लाख तक का पैकेज प्राप्त हुआ है। 27 छात्रों को 40 से 50 लाख तक के पैकेज पर जॉब ऑफर मिला है। 48 वैसे छात्र हैं, जिन्हें 50 से 60 लाख तक का पैकेज कंपनियों ने दिया है। वहीं, चार छात्रों को 60 लाख से अधिक का पैकेज मिला है।

डिप्टी डायरेक्टर प्रो धीरज कुमार ने कहा कि करीब 78 फीसदी छात्रों का प्लेसमेंट हो चुका है। 50 कंपनियां प्लेसमेंट के लिए लाइन में हैं। शेष 22 फीसदी ऐसे छात्र हैं, जिन्हें कही अन्य कंपनियों से भी ऑफर मिला हुआ है। इसे सार्वजनिक नहीं किया जाता है।

## रेलवे ने दिया यात्रियों को बड़ा तोहफा! धनबाद से मुंबई का सफर होगा आरामदायक

धनबाद, एजेंसी। धनबाद से महाराष्ट्र की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। रेलवे ने ट्रेन संख्या कोल्हापुर-धनबाद-कोल्हापुर दीक्षाभूमि एक्सप्रेस ट्रेन नें आइसीएफ कोच की जगह अत्याधुनिक एलएचबी कोच लगाने का ऐलान किया है। चार जुलाई से कोल्हापुर से खुलने वाली गाड़ी संख्या 11045 कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस और सात जुलाई से धनबाद से खुलने वाली गाड़ी संख्या 11046 एलएचबी कोच लगेंगे।

इस ट्रेन में साधारण श्रेणी के चार कोच, शयनयान श्रेणी के सात कोच, तृतीय वातानुकुलित श्रेणी के पांच और तृतीय वातानुकुलित श्रेणी के दो कोच होंगे। आने वाले दिन में कोच के अनुसार टिकट की बुकिंग्खा शुरू होगी।

यह कोच जर्मनी की एक कंपनी का नाम है जिसने इन कोचों को डिजाइन किया था। इसका पूरा नाम Linke Hofmann Busch है। इस कोच की खास बात ये है कि इसमें एंटी-टेलिस्कोपिक डिजाइन होता है। अगर गलती से कभी दो ट्रेनों के बीच टक्कर होती है तो इस कोच के डिब्बे एक-दूसरे के अंदर नहीं घुसते हैं। इससे यात्रियों के बचने का चांस अधिक रहता है। हाइड्रोलिक सस्पेंशन सिस्टम होने के कारण इससे यात्रा करना ज्यादा आरामदायक रहता है। इसके अलावा इन कोचों में यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएं जैसे कि बायो-टॉयलेट, बेहतर वेंटिलेशन और इमरजेंसी विंडो आदि होती हैं।

## केंद्र ने डीजीपी अनुराग गुप्ता के सेवा विस्तार पर लगाई रोक, हेमंत सोरेन को लिखा लेटर




रांची, एजेंसी। केंद्र सरकार ने झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता की 30 अप्रैल को सेवानिवृत्ति के बाद अवधि विस्तार पर रोक लगा दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इससे संबंधित पत्र भेजा है और बताया है कि 30 अप्रैल के बाद अनुराग गुप्ता के डीजीपी के पद पर बनाए रखने का राज्य सरकार का फैसला गलत है।

इधर, विधायक सरयू राय ने भी एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने डीजीपी अनुराग गुप्ता को डीजीपी बनाकर सेवा विस्तार देने के झारखंड सरकार के निर्णय को गलत करार दिया है।

इससे संबंधित पत्र भेजकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सरकार से कहा है कि 30 अप्रैल को अनुराग गुप्ता की सेवा समाप्त हो जाएगी। अधिकारियों ने यह पत्र विदेश यात्रा पर गए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेज दिया है।

अनुराग गुप्ता को राज्य सरकार ने पहली बार 26 जुलाई 2024 को राज्य का प्रभारी डीजीपी बनाया था। हालांकि, झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें भारत निर्वाचन आयोग ने डीजीपी के पद से हटा दिया था।

चुनाव के बाद राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में फिर से सरकार बनते ही 28 नवंबर 2024 को अनुराग गुप्ता फिर से प्रभारी डीजीपी बनाए गए।

इसके बाद राज्य सरकार ने डीजीपी पद पर नियुक्ति के लिए एक नियमावली बनाई, जिसके आधार पर अनुराग गुप्ता को राज्य का स्थाई डीजीपी के संबंध में अधिसूचना जारी की। उस नियमावली के अनुसार, उनका पदस्थापन दो वर्षों के लिए हुआ है।

अगर उस नियमावली के आधार पर राज्य सरकार उनकी नियुक्ति पर अड़ी तो अनुराग गुप्ता 26 जुलाई 2026 तक के लिए डीजीपी बने रहेंगे। फिलहाल, उनकी नियुक्ति प्रक्रिया सवालों के घेरे में है। अब राज्य सरकार क्या निर्णय लेगी, यह जल्द ही सामने आएगा।

## लातेहार में धर्म परिवर्तन का मामला, प्रताड़ना के डर से गांव छोड़कर भागे चार परिवार

लातेहार, एजेंसी। जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत हाटा गांव के चार परिवार अपना गांव-घर छोड़कर परिजनों के यहां शरण लिए हुए हैं। गांव छोड़कर जाने वाले लोगों का कहना है कि उन्होंने अपना धर्म परिवर्तन कर लिया। इस कारण गांव के कुछ ग्रामीण उन लोगों को टारगेट कर लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। किसी अनहोनी के डर से वे लोग 15 दिनों से गांव को छोड़कर परिजनों के यहां रह रहे हैं। हालांकि हाटा गांव के अन्य ग्रामीणों का कहना है कि चारों लोग गांव को बदनाम करना चाहते हैं। मामूली मारपीट की घटना को सांप्रदायिक रंग देकर बेवजह तुल दे रहे हैं।



दरअसल, गांव के श्याम देव उरांव समेत चार परिवार पिछले कई वर्षों से दूसरे धर्म को मानने लगे हैं। दूसरा धर्म अपनाने वाले श्याम देव उरांव ने बताया कि लगभग 20 दिन पहले गांव में सरहुल था। ग्रामीण सरहुल का चंदा मांग रहे थे। गांव के लोग उन लोगों के पास भी चंदा मांगने आए, लेकिन पैसा नहीं रहने के कारण चंदा देने से इनकार कर दिया। इस पर चंदा मांगने वाले लोग नाराज हो गए और लड़ाई झगड़ा करते हुए मारपीट शुरू कर दिया।

स्थिति जब गंभीर हो गई तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद मामला शांत हुआ। लेकिन रात में गांव के कुछ लोग उन लोगों के साथ मारपीट करने की योजना बनाने लगे। इसकी भनक जैसे ही चारों परिवारों को लगी, वैसे ही रात में ही सभी लोग गांव छोड़कर भाग गए। श्याम देव उरांव ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा यह कहा जा रहा था कि तुम लोग चार परिवार हो और हम लोग 2 लाख की संख्या में हैं।

वहीं, नागेश्वर उरांव ने बताया कि चंदा को लेकर मुख्य रूप से श्याम देव उरांव के साथ लड़ाई झगड़ा और मारपीट आरंभ हुई थी। परंतु ग्रामीणों ने श्याम देव के साथ-साथ उन्हें तथा दो अन्य ग्रामीणों के परिवार को भी पिटाई करते हुए प्रताड़ित किया। उन्होंने बताया कि लगभग 10 साल पहले गांव के 6 परिवारनों ने अपना धर्म परिवर्तन कर लिया था। लेकिन गांव में बैठक के बाद दो परिवार वापस पुराने धर्म में लौट आए।

लेकिन जो लोग पुराने धर्म में वापस नहीं लौटे उनका आरोप है कि उन लोगों को कई बार प्रताड़ित किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि इस बार वे लोग गांव छोड़कर नहीं भागते तो कुछ भी अनहोनी हो जाती।

इधर, इस संबंध में गांव के अन्य ग्रामीणों ने बताया कि चारों लोग किसी के इशारे पर बेवजह मामूली विवाद को तूल दे रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि 10 वर्ष पहले इन लोगों ने अपना धर्म बदला था। इतने दिनों तक गांव में रहने में इन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। 10 साल बाद मामूली विवाद को तूल देकर बड़ा विवाद का रूप देना चाह रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मामले में कोई बड़ा रैकेट भी काम कर रहा है। इस प्रकार का विवाद पैदा कर गांव के अन्य ग्रामीणों को बेवजह बदनाम किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जो भी दोषी हो उन पर कार्रवाई हो।

इस संबंध में पूछने पर मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार ने बताया कि चंदा मांगने को लेकर कुछ गांव में विवाद हुआ था। जिसे गांव में ही बैठक कर मामला सुलझा दिया गया था। ग्रामीणों के द्वारा गांव छोड़ने की घटना के संबंध में उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

## कांटाटोली-बूटी मोड़ मार्ग में खराब स्ट्रीट लाइट की मरम्मत नहीं, अंधेरे के कारण हो रहे हादसे

रांची, एजेंसी। रांची का कांटाटोली चौक शहर के व्यस्तम चौक में से एक है। कांटाटोली से लेकर बूटी मोड़ तक जाने वाली सड़क शहर के प्रमुख रास्तों में शामिल हैं। इस रोड पर दिन के अलावा रात के समय भी गाड़ियों की आवाजाही होती रहती है। लेकिन बावजूद इसके पिछले कई दिनों से राजधानी के मुख्य मार्गों में शुमार इस सड़क की स्ट्रीट लाइट खराब है। ये स्ट्रीट लाइट काफी दिनों से नहीं जल रही है। जिसका नतीजा है कि सूरज ढलते ही पूरी सड़क पर अंधेरा फैल जाता है।जानकारी के अनुसार, हाल के दिनों में ही सड़क के पास डिवाइडर भी बनाया गया है। ऐसे में जब रात के वक्त सड़क पर स्ट्रीट लाइट नहीं जल रही होती है, तो अंधेरे के कारण वाहन चालक डिवाइडर से टकरा जाते हैं। इस वजह से दुर्घटना होती है। हालांकि, अब तक यहां कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है। मामले को लेकर बताया गया कि नगर निगम ने स्ट्रीट लाइट की मरम्मत के लिए हेल्पलाइन नंबर 18005701235 जारी किया है।

## 24 सालों की कानूनी लड़ाई के बाद मिला मकान पर कब्जा, किराएदार ने बनाए फर्जी दस्तावेज

रांची, एजेंसी। डोरंडा कुसाई कॉलोनी निवासी अफसर अली को 24 वर्षों के बाद अपने मकान और जमीन पर दखल मिल गया। सिविल जज जूनियर डिवीजन नुमान खान आजम की अदालत के आदेश पर सिविल कोर्ट के नाजीर जीशान अली ने डोरंडा थाना और दंडाधिकारी के सहयोग से अफसर अली को रहमत कॉलोनी स्थित दो मंजिला मकान और जमीन पर दखल दिलाने की कानूनी कार्रवाई पूरी की।इस संदर्भ में पूछे जाने पर पेशे से अधिवक्ता अफसर अली ने बताया कि उक्त जमीन को उसके पिताजी मंसूर अली ने वर्ष 1970 में खरीद कर घर बनाया था। वर्ष 2000 में पिताजी के निधन होने के बाद मोहम्मद अली वहां किराएदार के रूप में रहने आए।



मोहम्मद अली ने उसी मकान में रहते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार कर लिया और मकान पर अपना दावा करना प्रारंभ कर दिया। मोहम्मद अली उक्त मकान पर अनामिका सहकारी गृह निर्माण समिति के नाम से कागजात तैयार कर लिया।इसके बाद अफसर अली ने मकान और जमीन को हासिल करने के लिए तथा मोहम्मद अली को मकान से निकालने के लिए सिविल कोर्ट में मोहम्मद अली के खिलाफ दीवानी मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमा वर्ष 2001 से लगातार 2025 तक चला।मुकदमे में डिक्री प्राप्त करने के बाद अफसर अली वर्ष 2022 में एग्जिक्यूशन मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें कोर्ट से अनुरोध किया कि मोहम्मद अली तथा उसके उत्तराधिकारी पुत्री सैयदा परवीन उसके मकान में नाजायज तरीके से रह रही है, उसे घर से निकला जाए।

एग्जिक्यूशन मुकदमे में दोनों पक्षों का बहस सुनने के बाद कोर्ट ने दो दिन पूर्व सदा प्रवीण को रहमत कालोनी स्थित अफसर अली के मकान से निकालने का आदेश जारी किया। जिसका पालन सिविल कोर्ट के नाजिर द्वारा किया गया।

# अक्षय तृतीया पर 100 साल बाद दुर्लभ राजयोग

दुमका, एजेंसी। इस वर्ष अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। बासुकीनाथ के पुरोहित कुंदन झा कहते हैं कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व हिंदू धर्म में अत्यंत शुभ है। तृतीया तिथि का प्रवेश 29 अप्रैल की रात 8ः12 बजे से होगा और 30 अप्रैल को संध्या 6ः00 बजे तक तृतीया तिथि प्रभावी रहेगी।



उन्होंने कहा कि इस वर्ष अक्षय तृतीया पर एक दुर्लभ राजयोग का निर्माण हो रहा है जो लगभग 100 वर्षों बाद बन रहा है। अक्षय तृतीया को गजकेशरी राजयोग, राजयोग, रवि योग, चतुग्रही योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि एवं शोभन योग और लक्ष्मी नारायण राजयोग बन रहे हैं। यह दुर्लभ संयोग आकस्मिक धन लाभ और तरक्की के योग बना रहे हैं।कहा अक्षय तृतीय पर मां लक्ष्मी के पूजन का विधान है।

कुंदन झा कहते हैं कि अक्षय तृतीया पर सोना, चांदी के आभूषण, पीतल-कांसे के बर्तन, नया वाहन, भूमि खरीदना इस दिन शुभ माना गया है। कहा कि इस दिन सोना व अन्य महंगी वस्तुएं खरीदने को अत्यंत शुभ माना जाता है। यदि महंगी वस्तुएं खरीदना संभव न हो तो मिट्टी के बर्तन जैसे मिट्टी के कुल्हड़, दीपक या अन्य बर्तन खरीदना भी शुभ फलदायक माना गया है।

उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया को नए कार्यों की शुरुआत, निवेश, विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ तिथि माना जाता है। इस दिन किए गए शुभ कार्य अक्षय फल प्रदान करते हैं। कुंदन झा कहते हैं कि अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करने से अक्षय पुण्य और फल की प्राप्ति होती है।

इस दिन गंगा स्नान और दान करने का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं और मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है।अक्षय तृतीया के दिन सोना खरीदने का शुभ मुहूर्त सुबह 5ः41 बजे से ही शुरु है। इस दिन सोने-चांदी की खरीदारी के लिए शुभ और अक्षय फल प्रदान करने वाला होता है।

अक्षय तृतीया को लेकर आभूषण का बाजार सज-धज कर तैयार है। इस वर्ष भी दुमका का तनिष्क शोरूम अक्षय तृतीया पर ग्राहकों के लिए विशेष आफर के साथ मैथिली कलेक्शन को बाजार में उतारा है। इस बार अक्षय तृतीया पर मैथिली कलेक्शन के संग ग्राहकों को सोने की ज्वेलरी के बनवाई के शुल्क पर एवं हीरे के आभूषण के मूल्यों पर 20 प्रतिशत तक छूट देने का एलान किया है।

इसके अलावा 100 प्रतिशत एक्सचेंज मूल्य किसी सोने के आभूषणों के वजन पर 101 रुपये प्रति ग्राम छूट भी आभूषण से खरीदे गए पुराने सोना में देने का एलान किया है।

इधर, दुमका के प्रसिद्ध आभूषण ज्वेलर्स के बबलू वर्मा कहते हैं कि अक्षय तृतीया को लेकर बाजार में उत्साह तो है, लेकिन सोना के भाव में लगातार उतार-चढ़ाव से ग्राहकों में असमंजस भी कायम है।

# नप गये खगड़िया सदर के सीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने खगड़िया सदर के अंचलाधिकारी ब्रजेश कुमार पाटिल को निलंबित कर दिया है। निलंबन की अनुशंसा खगड़िया के जिलाधकारी ने विभागीय अनुशासनिक प्राधिकार से की थी। विभाग के संयुक्त सचिव अनिल कुमार पांडेय के हस्ताक्षर से जारी पत्र के अनुसार पाटिल पर काम में घोर लापरवाही बरतने एवं राजस्व प्रशासन का कार्य नहीं संभाल पाने का आरोप है।

पत्र के अनुसार पाटिल के विरुद्ध बिहार भूमि दाखिल-खारिज अधिनियम के प्रविधानों का उल्लंघन करने एवं वासभूमि विहीन परिवारों को भूमि उपलब्ध कराने में शिथिलता बरतने के अलावा कई अन्य आरोप लगाए गए हैं। एक आरोप हाई कोर्ट के आदेश की अवहेलना का भी है। जिलाधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार पाटिल ने विभाग की किसी सेवा के कार्यान्वयन में कभी रूचि नहीं दिखाई। ऑनलाइन सेवाओं पर भी ध्यान नहीं दिया।

खगड़िया के जिलाधिकारी की रिपोर्ट में कहा गया है कि खगड़िया सदर अंचल में राजस्व के कागजातों की घोर कमी है।

अंचलाधिकारी की कार्यशैली एवं कार्यभावना राजस्व प्रशासन के अनुकूल नहीं है। इस आलोक में खगड़िया अंचल के रैयतों एवं राजस्व हितों को देखते हुए उन्हें निलंबित करने की अनुशंसा की गयी है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय आयुक्त कार्यालय, मुंगेर रहेगा।

विभाग की ओर से बताया गया कि ब्रजेश पाटिल के खिलाफ बिहार भूमि दाखिल-खारिज अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने, विभागीय निदेश के बावजूद सुयोग्य श्रेणी के वासभूमि विहीन परिवारों को भूमि उपलब्ध कराने हेतु अभियान बसेरा-2 के तहत सर्वेक्षित परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र वितरण कार्य में शिथिलता बरतने, ऑनलाइन जमाबंदी में मोबाइल नंबर एवं आधार सीडिंग कार्य की प्रक्रिया पूर्ण करने में शिथिलता बरतने, ई-मापी में अमीन के कार्यों की समीक्षा नहीं करने, समय जमाबंदियों के परिमार्जन नहीं करने की वजह से राजस्व वसूली प्रभावित होने, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा पारित आदेश का पालन नहीं करने, पंचायत सरकार भवन के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध नहीं कराने, ऑनलाइन लगान अद्यतन करने में अभिरूचि नहीं लेने, उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश की अवहेलना करने जैसे आरोप हैं।

## 37 फरार आरोपित गिरफ्तार

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के नेतृत्व में नवादा पुलिस आरोपितों को पकड़ने के लिए निरंतर कार्रवाई कर रही है।

28 अप्रैल को नवादा पुलिस द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में छापामारी की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छापेमारी के क्रम में अनुसूचित जाति/जनजाति मामले में एक, पॉक्सो में एक, मद्य निषेध में 11 एवं अन्य मामले में 24 समेत कुल 37 फरार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

130 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-38 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या- आठ है। वाहन जांच के क्रम में 17 हजार 500 रुपये जुर्माना राशि वसूल की गई। इसके अलावा मोटरसाइकिल- एक और ट्रैक्टर- दो बरामद किया गया।

उधर, रजौली (नवादा) थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्ष की किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपित पिता पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए न्यायालय भेज दिया गया।

पुत्री की शिकायत पर रजौली थाना की पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी।

# नेहा सिंह राठौर के विरूद्ध सनहा दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर कथित विवादित बयान और टिप्पणी किए जाने से आहत भाजयुमो (भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा) के प्रदेश प्रवक्ता कृष्णा सिंह कल्लू ने यूट्यूबर नेहा सिंह राठौर के विरुद्ध सोमवार को गांधी मैदान थाने में सनहा कराया। इससे पहले नेहा पर रविवार को लखनऊ (यूपी) के हजरतगंज थाने में देशद्रोह की प्राथमिकी की गई थी।

गांधी मैदान थानेदार राजेश कुमार ने बताया कि कृष्णा सिंह कल्लू की ओर से लिखित शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

आवेदन में कल्लू ने कहा कि उन्हें इंटरनेट मीडिया और टीवी से जानकारी मिली कि नेहा सिंह राठौर ने भारत एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर देश विरोधी टिप्पणी की है। यह संकेत है कि नेहा पाकिस्तानियों से मिली है।

उन्होंने पुलवामा हमले पर भी राजनीति की थी और अब पहलगाम को लेकर विवादित बयान दे रही हैं, जिसे पाकिस्तान की मीडिया तेजी से



प्रसारित कर रही है।

कवि अभय प्रताप सिंह उर्फ निर्भीक ने तथाकथित कवयित्री सह लखनऊ के अंबेडकरनगर की हीडी पकड़िया निवासी नेहा सिंह राठौर के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि वह अपने एक्स हैंडल से कई गलत टिप्पणी कर रही हैं।

दो समुदाय के विरुद्ध आपसी सौहार्द बिगाड़ने, शांति व्यवस्था को भंग करने के लिए नेहा सिंह राठौर लगातार देश विरोधी बातें कर रही हैं। यही नहीं उनके बयान पाकिस्तान में खूब प्रसारित हो रहे हैं। साथ ही पाकिस्तान में नेहा सिंह राठौर की प्रशंसा हो रही है। सभी देश विरोधी बयान पाकिस्तान की मीडिया में भारत के खिलाफ प्रयोग किए जा रहे हैं।

गाजियाबाद के लोनी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी थाने में नेहा के खिलाफ शिकायत की है।

इसमें उन्होंने कहा है कि नेहा एक्स अकाउंट पर पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर आपत्तिजनक, भ्रामक और देश विरोधी पोस्ट कर रही हैं। इनसे देश के खिलाफ संयोजित प्रोपेगेंडा और पाकिस्तान के लिए सहानुभूति का माहौल तैयार हो रहा है। इससे यह साबित होता है कि वह भारत में आईएसआई के एजेंट के रूप में कट्टरपंथी देश से फंडिंग लेकर कार्य कर रही हैं।

## टिकैत पर मुकदमा चलाने की मांग

**जहानाबाद।** भारतीय किसान यूनियन के नेता नरेश टिकैत द्वारा पहलगाम आतंकी हमले को लेकर दिए गए कथित विवादास्पद बयान के विरोध में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने अरवल मोड़ पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नरेश टिकैत का पुतला फूंका और उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

प्रदर्शन का नेतृत्व बीजेपी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ने किया। उन्होंने टिकैत के बयान को शहीदों के बलिदान का अपमान बताते हुए कहा कि पहलगाम हमले में हमारे वीर जवान शहीद हुए। ऐसे समय में इस तरह का बयान निंदनीय ही नहीं, बल्कि राष्ट्रविरोधी मानसिकता को भी दर्शाता है।

विनोद कुमार ने सरकार से मांग की कि नरेश टिकैत पर तत्काल देशद्रोह का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक टिकैत सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, किसान मोर्चा राज्यव्यापी आंदोलन करेगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने जोरदार नारेबाजी की और कहा कि वे शहीदों के अपमान को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। कार्यक्रम के अंत में शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

# पूर्ववर्ती छात्र संघ का चुनाव संपन्न

## प्रो. विद्यापति चौधरी चुने गए अध्यक्ष




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना मेडिकल कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्र संघ का चुनाव मंगलवार को विधिवत रूप से मजिस्ट्रेट की देखरेख में संपन्न हुआ, जिसमें पटना मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. प्रो. विद्यापति चौधरी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।

वाइस प्रेसीडेंट के रूप में प्रसूति विभाग की एचओडी डॉ. प्रो. गीता सिन्हा, सेक्रेटरी के पद पर हड्डी रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रो. राकेश चौधरी निर्वाचित हुए। जॉइंट सेक्रेटरी के पद पर डॉ. प्रो. महेश प्रसाद, डॉ. गोपाल पासवान और डॉ. अलख कुमार को नियुक्त किया गया। कंवीनर के रूप में डॉ. अरविंद कुमार, जबकि ट्रेजरर के पद पर डॉ. अंजना सिन्हा और डॉ. के मंजू चुने गए।

कार्यकारी सदस्य के रूप में 11 लोगों का चयन हुआ, जिनमें डॉ. देवेंद्र सिन्हा, डॉ. नीतीश कुमार, डॉ. अरुण शर्मा, डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. मारुति नंदन, डॉ. अंजीत कुमार, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. विनय कुमार, डॉ. सजय सिंह, डॉ. रेखा सिन्हा, डॉ. राकेश कुमार और डॉ. शिशिर कुमार प्रमुख हैं।

पटना मेडिकल कॉलेज के न्यू लेक्चर थिएटर में पूर्ववर्ती छात्रों की सामान्य सभा का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक पूर्ववर्ती छात्रों ने भाग लिया। सभी पदों पर सर्वसम्मति से उम्मीदवारों का चयन किया गया। इस चुनाव प्रक्रिया का पर्यवेक्षण सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. रवींद्र कुमार और बायोकेमिस्ट्री विभाग की एचओडी डॉ. मधु सिन्हा ने किया, और यह कार्य सद्भावपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# बढ़े चमकी बुखार के मरीज, विभाग अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में एक बार फिर चमकी बुखार यानी एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम ने दस्तक दी है। श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अब तक एईएस के कुल 14 मरीज भर्ती हो चुके हैं, जिनमें 12 मुजफ्फरपुर जिले के हैं, जबकि दो अन्य जिले सीतामढ़ी और गोपालगंज से हैं। राहत की बात यह है कि सभी बच्चे इलाज के बाद स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं और फिलहाल कोई भी गंभीर स्थिति में नहीं है।

उमस भरे मौसम के बीच जिले में बुखार के मामलों में भी इजाफा हुआ है। आधा दर्जन से अधिक बच्चे बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती हुए हैं, हालांकि सभी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में है और प्रभावित क्षेत्रों में जन-जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। चमकी से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी प्रखंडों के पीएचसी में दवा, डॉक्टर, एम्बुलेंस और अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था कर दी है। निजी वाहनों को भी मरीजों के परिवहन के लिए टैग किया गया है, साथ ही अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन राशि देने का निर्देश जारी किया गया है। अब तक मुशहरी, बोचहा, पारू, कुढ़नी, मीनापुर और मोतीपुर प्रखंडों में एईएस के 12 मामले सामने आए हैं। इन बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के बाद वे स्वस्थ हो चुके हैं।




अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर प्रसाद ने जानकारी दी कि जिले में मिले सभी 14 मरीजों का इलाज एसकेएमसीएच के विशेष पीकू वार्ड में किया गया। उन्होंने बताया कि हम 'जीरो डेथ' की नीति पर काम कर रहे हैं और इस दिशा में जन-जागरूकता कार्यक्रम का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम गांव-गांव जाकर संध्या चौपालों के माध्यम से लोगों को चमकी बुखार के लक्षण और उससे बचाव की जानकारी दे रही है। लोगों को लक्षण दिखते ही तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाने की सलाह दी जा रही है।

डॉ. चंद्रशेखर प्रसाद ने बताया कि प्रभावित प्रखंडों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं और एएनएम की टीम लगातार बच्चों की निगरानी कर रही है और प्रतिवेदन भेज रही है।

## अलग-अलग स्थानों पर करंट से दो की मौत

**दरभंगा।** जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आकर दो युवकों की मौत हो गई। पहली घटना इंडस्ट्रियल एरिया धरमपुर की है, जहां एक एल्युमीनियम फैक्ट्री में काम कर रहे युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान लहेरियासराय थाना क्षेत्र के गुदरी बाजार निवासी अरुण सिंह के रूप में हुई है। अरुण की मां मंजू देवी ने बताया कि उनका बेटा रोज की तरह फैक्टरी गया था। कुछ देर बाद फैक्टरी से फोन आया कि अरुण को डीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। जब परिवार अस्पताल पहुंचा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मंजू देवी ने रोते हुए कहा कि उसके दो छोटे बच्चे हैं, अब उनका लालन-पालन कौन करेगा? अरुण की पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# ट्रक पर लदी 13 लाख रुपये की चीनी गायब

## गोपालगंज से बिहारशरीफ आ रहा था ट्रक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र से एक ट्रक पर लदी करीब 13 लाख रुपये की चीनी रहस्यमय तरीके से गायब हो गई। यह ट्रक गोपालगंज से बिहारशरीफ आ रहा था, जिसे पुलिस ने जीपीएस लोकेशन के आधार पर दीपनगर के मामू-भगना के पास लावारिस हालत में बरामद किया है।

बिहार थाना क्षेत्र के खंदक पर निवासी खाद्य सामग्री व्यवसायी सत्येंद्र कुमार ने दीपनगर थाना में ट्रक ड्राइवर समेत तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उन्होंने विष्णु शुगर मिल, गोपालगंज से 24 अप्रैल को 600 बोरी चीनी गुप्ता रोड लाइंस के माध्यम से ट्रक पर लोड करवाई थी।

ट्रक 25 अप्रैल को बिहारशरीफ पहुंचना था, लेकिन वह नहीं पहुंचा। व्यापारी के अनुसार, 25 अप्रैल की रात ड्राइवर से बात हुई थी, जिसने बताया कि वह फतुहा में खाना खा रहा है और जल्द ही बिहारशरीफ पहुंचेगा। इसके बाद से उसका फोन स्विच ऑफ आने लगा। जब ट्रक का लोकेशन ट्रैक किया गया, तो वह दीपनगर थाना क्षेत्र के मामू-भगना के पास मिला। मौके पर पहुंचने पर ट्रक में लदी चीनी की सारी बोरियां गायब पाई गईं।

सत्येंद्र कुमार ने ट्रक ड्राइवर गोलू कुमार निवासी माधोपुर, थाना बख्तियारपुर, जिला पटना, ट्रक मालिक विजय मिश्रा, निवासी गोपालगंज और ट्रांसपोर्टर गुप्ता रोड लाइंस के खिलाफ धोखाधड़ी और माल गायब करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। लदी हुई चीनी की कुल कीमत 12,88,665 रुपये बताई गई है।

दीपनगर थाना प्रभारी जितेंद्र राम ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

ट्रक ड्राइवर का मोबाइल फोन बंद है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और गायब हुई चीनी की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली

## रंगदारी की रकम लेने पहुंचा था रंगदार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** गोपालगंज के मीरगंज थाना क्षेत्र के सवरेजी गांव में सोमवार देर शाम रंगदारी की रकम लेने पहुंचे बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक बदमाश को पुलिस की गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान सवरेजी गांव निवासी राजू वर्मा के पुत्र पीयूष कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से एक अन्य बदमाश रोहित कुमार (पुत्र- विनोद वर्मा) को भी गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीसरा बदमाश भागने में सफल रहा।

पुलिस ने बदमाशों के पास से एक देशी पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, एक खोखा, एक चाकू, तीन मोबाइल, एक फाइटर और एक लोहे का दाब बरामद किया है। मामले को लेकर मीरगंज थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में हथुआ एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता ने बताया कि मीरगंज शहर के सोनार टोली निवासी प्रवीण सोनी से अज्ञात बदमाशों ने 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी।

सोमवार शाम बदमाशों ने एक बार फिर प्रवीण सोनी को फोन कर रुपये की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस ने जाल बिछाया और प्रवीण को एक लाख रुपये लेकर सवरेजी गांव भेजा। नरइनिया मंदिर के पास बदमाशों ने उसे फोन कर सवरेजी कब्रिस्तान के पास बुलाया और पैसे वहीं छोड़ने को कहा।

जैसे ही प्रवीण वहां पहुंचा, पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पीयूष कुमार के पैर में गोली लग गई और वह मौके पर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया, जबकि भाग रहे रोहित कुमार को भी दबोच लिया गया।

दोनों से पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं। फरार बदमाश की तलाश में छापेमारी की जा रही है। इस कार्रवाई में मीरगंज इंस्पेक्टर सुजीत कुमार, थानाध्यक्ष अनिल कुमार, एसआई विनीत विनायक, दीपिका रंजन, प्रवीण कुमार सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

## एसडीओ ने की बीएलओ के साथ बैठक

शिवाजीनगर। प्रखंड के मनरेगा सभा भवन में सभी बीएलओ के साथ रोसड़ा एसडीओ ने बैठक की। जिसकी अध्यक्षता रोसड़ा एस डी ओ आकाश चौधरी ने करते हुए सभी बीएलओ को हर माह सभी मतदान केंद्र के सभी घरों पर जाकर वंचित नए मतदाता, महिला मतदाता का नाम जोड़ने और मृत व्यक्ति नाम हर हाल में हटाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। समीक्षा दौरान रोसड़ा एसडीओ ने बीडीओ को कार्य में अनदेखी करने वाले बीएलओ से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया।मौके पर अवर निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह, उमेश राय, पारस नाथ महराज, शिव कुमार पंकज, आदि थे।

## युवक ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिले के बलिया थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के बाद एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बरबीघी निवासी बबलू महतो (42) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात बबलू महतो की अपनी पत्नी शोभा देवी से किसी पारिवारिक विषय को लेकर कहासुनी हो गई थी। बताया जा रहा है कि कहासुनी के बाद बबलू ने गुस्से में आकर देर रात गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह जब परिजन जागे तो उन्होंने बबलू को फंदे से लटका देखा, जिसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बलिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में बलिया थाना की प्रशिक्षु आईपीएस सह थानाध्यक्ष साक्षी कुमारी ने बताया कि अभी तक मृतक के परिजनों द्वारा कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पंचायत के दौरान दो पक्ष भिड़े, एक्शन में दिखे एसपी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई, जिसमें कुछ लोग चोटिल हो गये। मारपीट के दौरान गोलियां भी चलाई गई, गनीमत रही कि गोली लगने की कोई घटना नहीं हुई। घटना नगर थाना क्षेत्र के तकिया मोहल्ले की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इतना ही नहीं मामला बिगड़ते देख रोहतास एसपी रौशन कुमार भी घटनास्थल पर पहुँच गये और खुद हाथ में पिस्टल लेकर इधर उधर दौड़ते नजर आये।

घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर के भूमाफिया और कुछ स्थानीय लोगों के बीच किसी जमीन को लेकर पूर्व से विवाद चल रहा था। इसी विवाद में तकिया मोहल्ला स्थित एक मकान में दोनों पक्षों के बीच पंचायत हो रही थी।

पंचायत होने के दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। कहासुनी होते होते मामला गाली गलौज और मारपीट तक पहुँच गया। फिर क्या था, देखते ही देखते संग्राम शुरू हो गया। दोनों पक्ष एक दूसरे से भीड़ गये और मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते माहौल पूरी तरह बदल गया। कुछ देर के बाद फायरिंग भी होने लगी। आसपास के लोगों में दहशत का माहौल हो गया। इसी दौरान किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुँच गयी और मामले को सुलझाने लगी। पुलिस के पहुंचते ही भगदड़ की स्थिति हो गई। इस दौरान एसपी भी घटनास्थल पर पहुँच गये और हाथ में पिस्टल लेकर बदमाशों को खदेड़ने लगे। उनको पिस्टल निकालते देख अन्य पुलिस कर्मी भी अपना अपना हथियार लेकर हाथ में लहराने लगे। यह नजारा देखकर सभी बदमाश घटनास्थल से फरार हो गये।

घटनास्थल पर मौजूद रोहतास एसपी रौशन कुमार ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर गोलीबारी की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना स्थल से भारी संख्या में लोगों को हिरासत मेनन लिया गया है, जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। उनके पास से हथियार भी बरामद किया गया है। एसपी रौशन कुमार ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए फिलहाल छापेमारी चल रही है।

## नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** दुल्हिनबाजार थाना अंतर्गत एक गांव के रहने वाले दो युवको नें घर मे घुसकर एक 13 साल की बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म किया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस गांव पहुंची तो दोनों आरोपी युवक फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने एक अभियुक्त के दो परिजनों को हिरासत में लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार दुल्हिनबाजार थाना की पुलिस को बीते रात्रि सूचना मिली कि गांव के दो युवकों के द्वारा घर में घुसकर पीड़ित नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। जिसके बाद पुलिस की टीम मां की शिकायत पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों आरोपी गांव से फरार हो गए थे।

घटना के बाद थानाध्यक्ष भृगुनाथ सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि बीते 25 अप्रैल को गांव में किराना दुकान के सामान को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। इसी विवाद के चलते पुलिस गांव पहुंची थी, जहां एक पक्ष के दो आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने लाया गया था। पूछताछ के दौरान पुराना विवाद भी सामने आया था। हालांकि, कल रात्रि को पीड़ित बच्ची की मां ने पुलिस को फोन पर सूचना दी कि उनकी बच्ची घर में अकेली थी, तभी दूसरे पक्ष के दो युवक घर में घुस आए और बच्ची के साथ गलत काम जैसी घटना को अंजाम दिया।

# 166 शिक्षकों से स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** सरकारी विद्यालय प्रारंभ होने की अवधि सुबह 6:30 निर्धारित है। सुबह होते ही स्कूल जाने के लिए शिक्षकों में होड़ मची रहती है।

शहर से लेकर गांव की सड़कों पर शिक्षक की गाड़ियां सरपट दौड़ते नजर आती है। सभी शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचने को लेकर तत्पर रहते हैं। फिर भी कई शिक्षक समय से विद्यालय नहीं पहुंच पाते हैं।

ऐसे में लेट लतीफी से विद्यालय पहुंचने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की जा रही है। मेसकौर प्रखंड के शिक्षा पदाधिकारी संजय जायसवाल ने प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में कार्यरत 166 शिक्षकों से सात दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है।

शिक्षा विभाग ने एक पत्र जारी करते हुए कहा है कि ई-शिक्षाकोष के माध्यम से सभी शिक्षकों को आनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई जाती है। ई-शिक्षाकोष पर शिक्षकों के द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के उपरांत 21 मार्च 2025 से लेकर 20 अप्रैल 2025 तक यानी एक महीने की उपस्थिति पंजियों की समीक्षा की गई।

इसमें विभिन्न विद्यालय में कार्यरत 166 शिक्षक के द्वारा लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संजय जायसवाल ने कहा कि कई शिक्षक समय के बाद उपस्थित बनाते हैं।

कई समय से पहले विद्यालय छोड़ देते हैं। वहीं कुछ का अनुपस्थित रहना, किसी दिन लाग आउट या लाग इन नहीं होना। मोबाइल के समय के साथ छेड़छाड़ कर उपस्थिति दर्ज करना आदि लापरवाही बरती गई है।

उन्होंने कहा कि इस सूची में 30 मिनट का छूट दिया गया। उसके बावजूद भी 166 शिक्षक लापरवाही में पाए गए। इधर, पत्र निर्गत होते ही प्रखंड के शिक्षकों में हड़कंप मच गया है।

शिक्षकों के बीच इस विषय को लेकर दिनभर चर्चा होती रही। बीईओ ने कहा कि बच्चों का भविष्य पहली प्राथमिकता है।

सभी शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचें। पूरी अवधि विद्यालय में रहकर बच्चों को अच्छी तरह से पढ़ाई करें। इधर, इस कार्रवाई की प्रखंड के बुद्धिजीवियों में प्रशंसा हो रही है।

# पिस्टल के बल पर युवती के अपहरण का प्रयास

## पिस्टल के साथ एक गिरफ्तार, पुलिस कर रही छानबीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरांव ।** बक्सर जिले के नया भोजपुर में ओवरब्रिज के पास मंगलवार शाम एक युवक ने फिल्मी स्टाइल में अपनी कथित प्रेमिका को पिस्टल दिखाकर ई-रिक्शा से जबरन उतारने की कोशिश की।

युवती के इनकार पर युवक ने हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की। जान बचाने के लिए जब युवती वहां से भागी, तो आरोपी ने उसका पीछा कर पिस्टल के बट से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए युवक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही नया भोजपुर थाने की गश्ती टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही युवती को सुरक्षित थाने लाई।

पुलिस ने आरोपी के पास से देशी पिस्टल भी जब्त की, जिस पर खून के निशान मिले हैं। गिरफ्तार युवक की पहचान डुमरांव दक्षिण टोला निवासी रामनिवास सिंह के पुत्र वकील कुमार के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि वकील कुमार और अनुमंडल क्षेत्र



के एक गांव की युवती के बीच पहले प्रेम संबंध थे, लेकिन हाल ही में युवती का झुकाव किसी अन्य रिश्तेदार की ओर हो गया था।

इसी बात को लेकर युवक नाराज था और उसे सबक सिखाने की नीयत से घात लगाकर खड़ा था। युवती बीए सेमेस्टर टू की परीक्षा देकर वापस लौट रही थी।

रास्ते में ओवरब्रिज के पास टीवीएस शोरूम के समीप युवक ने ई-रिक्शा रुकवाकर वारदात को अंजाम देने की कोशिश की।

इस संबंध में थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि युवक पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। युवती और उसके परिजनों से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में पुलिस कई बदुओ पर जांच पड़ताल कर रही है।

## नियोजित शिक्षकों को झटका

**मुजफ्फरपुर।** पटना हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद शिक्षा विभाग नियोजित शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति देने के मूड में नहीं है। कोर्ट के आदेश के चार महीने बाद शिक्षा विभाग ने एलपीए में जाने का निर्णय लिया है। नियोजन नियमावली में शिक्षकों की प्रोन्नति और स्थानांतरण का प्रावधान है, लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारी ने आज तक प्राथमिक व मध्य विद्यालय के शिक्षकों का स्थानांतरण नहीं किया।

दूसरी ओर, 12 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति देने का प्रावधान है। शिक्षा विभाग के अधिकारी ने नियोजित शिक्षकों को प्रोन्नति नहीं दी।

विभाग के टाल-मटोल रवैया के खिलाफ संजय कुमार ने 2021 में एक याचिका दायर की। हाई कोर्ट ने दिसंबर 2024 में शिक्षकों के पक्ष में फैसला सुनाया। प्राथमिक शिक्षा निदेशक साहिला ने सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में पत्र भेजा है। जिसमें कहा कि स्थानीय निकाय के नियोजित शिक्षकों को बेहतर सेवाशर्त प्रदान करने एवं राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली, 2023 अधिसूचित किया गया है।

# गुस्साये पति ने पत्नी के सीने में मारी गोली

## पिस्तौल के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**महुआ।** थाना क्षेत्र के कन्हौली बिशनपरसी पंचायत अंतर्गत खतरीचक गांव में गुस्से में एक पति ने ससुराल में अपने ही पत्नी को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए महुआ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहीं, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित पति भगवानपुर थाना के किरतपुर राजाराम निवासी विद्यानंद पासवान के पुत्र अमरेश कुमार को एक देसी पिस्टल, छह कारतूस, एक बाइक एवं एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक खोखा भी बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार कन्हौली बिशनपरसी पंचायत के खतरीचक गांव में किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हुआ। इसके बाद अमरेश पासवान ने अपने ही बीस वर्षीय पत्नी नेहा कुमारी को गोली मार दी।

नेहा सुरेश पासवान की पुत्री है। गोली नेहा के हाथ को छेदते हुए सीने में जाकर लगी।

गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े। वहीं, घटना की सूचना महुआ थाना की पुलिस को भी दी गई। सूचना मिलते ही महुआ के थानाध्यक्ष राजेश शरण, अपर थाना अध्यक्ष छोटेलाल पटवारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने पहुंचकर आरोपी पति अमरेश पासवान को गिरफ्तार कर लिया।

घायल नेहा को इलाज के लिए महुआ के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉ. केसी विद्यार्थी ने ऑपरेशन कर गोली को निकाला। महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष राजेश शरण ने बताया कि आरोपित पति को पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सरकार आंधी-तूफान से प्रभावित किसानों को राहत के लिए प्रतिबद्ध : विजय कुमार सिन्हा

## असामयिक वर्षा, ओलावृष्टि व आंधी से फसलों को भारी क्षति, 8.39 करोड़ की सहायता राशि की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राज्य के उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि हालिया ओलावृष्टि, आंधी और असामयिक वर्षा से राज्य के कई जिलों में रबी और गरमा फसलों को गंभीर क्षति पहुंची है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार किसानों को हर संभव सहायता देने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि 9, 10 और 14 अप्रैल 2025 को आयी प्राकृतिक आपदा से मक्का, गेहूं, गर्मा मूंग, उड़द, तिल, मूंगफली, पान, अरहर, सब्जियां, केला, प्याज जैसी प्रमुख फसलें प्रभावित हुई हैं। कृषि विभाग द्वारा सभी जिलों से क्षति की रिपोर्ट मांगी गई थी जिसके आलोक में सुपौल, नालंदा, समस्तीपुर, गया, मधुबनी, नवादा, मधेपुरा एवं बेगूसराय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल 4908.53 हेक्टेयर क्षेत्र में 33% से अधिक फसल क्षति हुई है। इस क्षति की भरपाई के लिए आपदा प्रबंधन विभाग से 8,39,57,775 रुपये की मांग की गई है। राशि प्राप्त होते ही प्रभावित किसानों को 'कृषि इनपुट अनुदान योजना' के तहत डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों के साथ हर आपदा में खड़ी है। किसान हमारे अन्नदाता हैं और उनके साथ खड़े रहना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रभावित किसानों को त्वरित और पर्याप्त राहत मिले, ताकि वे जल्द से जल्द पुनः खेती में लग सकें।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 3 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दानवीर भामाशाह की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को दानवीर भामाशाह की जयंती पर उन्हें नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी। भामाशाह की जयंती पर आयोजित समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने पटना के पुनाईचक पार्क स्थित शूरवीर दानवीर भामाशाह की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, जल संसाधन व संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, जदयू के प्रदेश महासचिव कमल नोपानी, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित कई अन्य राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी भामाशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

## अगर अब भी चुप रहे तो नहीं बचेगा संविधान : राजेश राम

### कांग्रेस की संविधान बचाओ पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा आज प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम से राजापुर पुल होते हुए डॉ राजेंद्र प्रसाद समाधि स्थल तक दो किलोमीटर लंबे तिरंगे के साथ हजारों की संख्या में कांग्रेस नेताओं के साथ संविधान बचाओ पदयात्रा का आयोजन किया गया। तीन किलोमीटर लंबी इस पदयात्रा का नेतृत्व बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने किया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि अगर अब हम संविधान सुरक्षा के लिए आवाज नहीं उठाएंगे तो संविधान नहीं बचेगा। इसलिए हमें चुप नहीं रहना है और इस निरंकुश शासन के खिलाफ लगातार आवाज बुलंद करना है। संविधान की सुरक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी और हमारे नेता से लेकर कार्यकर्ता तक दृढ़ संकल्पित रहें और हर तरीके के बलिदान को तैयार रहें। हमने देश की निरंकुश सरकार को बता दिया है कि संविधान के मूल आत्मा को बदलने के उनके प्रयास को हम सफल नहीं होने देंगे। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता संविधान के मूल्यों की रक्षा का संकल्प लेता है और यह सुनिश्चित करता है कि संविधान की रक्षा के लिए वो संघर्ष से पीछे नहीं हटेगा। देश में दबे कुचले और वंचित समुदाय को संविधान ने बल दिया और मजबूती देकर उन्हें मुख्यधारा में शामिल कराया, लेकिन आज संविधान को वर्तमान सरकार लगातार कमजोर कर रही है। ताकि वंचितों के हक की आवाज और प्रयास इस देश के विकास में शामिल न हो। हम इसके खिलाफ संघर्ष करते रहेंगे और संविधान सुरक्षा के लिए लगातार सड़कों से लेकर सदनों तक आवाज बुलंद रखेंगे।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स अन्नपूर्णा माइक्रो फाइनेंस प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति दिलवर कुमार जो बेगूसराय में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे, उनकी आश्रिता पत्नी-मुन्नी कुमारी, पुत्री- मानवी कुमारी एवं पुत्र-मानकर कुमार को आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. दिलवर कुमार की मृत्यु कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा इएसआइसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया, क्योंकि उनकी मृत्यु कार्य के दौरान दुर्घटना में हुई थी। उल्लेखनीय है कि कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को इएसआई एक्ट,1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को इएसआइ योजना के तहत वेतन का 90 प्रतिशत तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

## जदयू ने प्रदेश कार्यालय में मनाई मामा शाह की जयंती

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दानवीर भामाशाह की जयंती पर मंगलवार को जदयू के प्रदेश कार्यालय के कर्पूरी सभागार में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने भामाशाह जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू व्यवसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनजी प्रसाद ने की। मौके पर उर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चैधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक मौजूद थे। समारोह में उस समय सभी लोग चौंक गए जब मुख्य अतिथि के रूप में आये सीएम नीतीश कुमार खुद मेजवान बन गये और लोगों का स्वागत करने लगे। सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें नीतीश कुमार जदयू विधान पार्षद ललन शर्राफ का स्वागत कर रहे हैं। दरअसल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वागत के लिए जो पाग और गमछा लाया गया था उसी से उन्होंने ललन शर्राफ का स्वागत कर दिया। मुख्यमंत्री के संबोधन का लोग इंतजार कर रहे थे, लेकिन वह सम्मान देने वाले को सम्मानित कर वहां से निकल गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने व्यवसायी वर्ग के मान-सम्मान के प्रतीक दानवीर भामाशाह की प्रतिमा वर्ष 2019 में पटना के पुनाईचक में स्थापित करवाई तथा वर्ष 2023 में उनकी जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से पूर्व बिहार में लूट, हत्या, रंगदारी जैसी अपराधिक घटनाएं आम थीं जिससे व्यावसायी वर्ग को पलायन तक करना पड़ा, लेकिन जबसे बिहार की बागडोर नीतीश कुमार के हाथों में आई, उन्होंने 'न्याय के साथ विकास' के मंत्र के साथ प्रदेश को नई दिशा दी और व्यावसायियों के लिए भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित किया। उनके नेतृत्व में रोजगार के अवसर बढ़े, विकास की रफ्तार तेज हुई और हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आया है। विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि हमें हाट-बाजारों में जाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपलब्धियों और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना है।

## 15 नगर निकायों में प्रशासनिक भवन निर्माण का आदेश, शहरी विकास को मिलेगी गति

### तीन नगर परिषदों समेत 12 नगर पंचायतों में जल्द शुरू होगा भवन निर्माण कार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शहरी प्रशासन को मजबूती देने की दिशा में बिहार सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने राज्य के 15 नगर निकायों में प्रशासनिक भवनों के निर्माण की स्वीकृति दे दी है। इसमें तीन पुराने नगर परिषद–तेघड़ा, बलिया और शिवहर भी शामिल हैं जहां अब तक स्थायी कार्यालय भवन उपलब्ध नहीं थे। नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार ने कहा शहरी क्षेत्रों में सुशासन और जनसेवा की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए नए नगर निकायों में स्थायी कार्यालय भवन का निर्माण बेहद जरूरी है जिन निकायों का कार्य संचालन अब तक किराये या अन्य भवनों से हो रहा है, उन्हें जल्द से जल्द भूमि चयन कर प्रस्ताव विभाग को भेजने का निर्देश दिया गया है। मंत्री ने बताया कि कार्यालय अभी जिन भवनों में संचालित हो रहे हैं–जैसे समुदायिक भवन, प्रखंड कार्यालय, किसान भवन या अन्य किराये के परिसर–उन्हें मॉडल प्राक्कलन के अनुरूप जमीन चयन कर संबंधित अंचलाधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर विभाग को सौंपना होगा। सचिव अभय कुमार सिंह ने जानकारी दी कि नगर परिषदों के लिए बनने वाले प्रशासनिक भवनों के लिए 16 हजार वर्गफीट और नगर पंचायतों के लिए 10,760 वर्गफीट जमीन की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि एक नगर परिषद भवन के निर्माण में लगभग 4.98 करोड़ रुपये जबकि एक नगर पंचायत भवन के निर्माण में करीब 2.49 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि आवश्यक बजट, डिजाइन और प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा चुका है और निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाएगा। जिन नए नगर पंचायतों में प्रशासनिक भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है, उनमें अकबरनगर, पावापुरी, कटोरिया, शेखोपुर सराय, परबत्ता, हसनपुरा, इटाढ़ी, काको, मुरौल, घोसी, चंडी और सरैया शामिल हैं। यह पहल राज्य में शहरी ढांचे के सुदृढ़ीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, बाकी नवगठित नगर निकायों को भी चरणबद्ध तरीके से यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## डॉ. अनुप दास ने उपमहानिदेशक डॉ. ए.के. नायक से की शिष्टाचार भेंट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी क्षेत्रीय परिसर, पटना के निदेशक डॉ. अनुप दास ने हाल ही में कृषि अनुसंधान भवन, नई दिल्ली में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन प्रभाग के उपमहानिदेशक डॉ. ए.के. नायक से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डॉ. दास ने डॉ. नायक को पूर्वी क्षेत्रीय परिसर तथा इसके अधीन कार्यरत केंद्रों द्वारा संचालित विभिन्न प्रगतिशील योजनाओं और प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। डॉ. दास ने पूर्वी भारत में कृषि विकास हेतु संस्थान द्वारा अपनाई जा रही रणनीतियों, अनुसंधान प्रयासों तथा किसानों को लाभ पहुंचाने वाली नवाचारी पद्धतियों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा विकसित धान, फल-फूल तथा साग-सब्जियों की उन्नत किस्मों से किसानों को बेहतर उत्पादन एवं गुणवत्ता प्राप्त हो रही है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं समुचित उपयोग हेतु संस्थान ने कई नवीन तकनीकों का विकास किया है जिनका उद्देश्य कृषि को टिकाऊ बनाना और किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी सुनिश्चित करना है। डॉ. नायक ने संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि पूर्वी भारत की कृषि चुनौतियों को देखते हुए ऐसे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में और अधिक गहन अनुसंधान की आवश्यकता जताई तथा किसान-हितैषी तकनीकों के विकास पर बल दिया। साथ ही उन्होंने बहुआयामी योजनाओं के माध्यम से कृषि के विविध पहलुओं पर केंद्रित अनुसंधान को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर पूर्वी क्षेत्रीय परिसर, पटना के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी पुष्पनायक तथा सहायक रश्मिकांत भी डॉ. दास के साथ उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया जाएगा मजदूर दिवस

### मंत्री संतोष कुमार सिंह करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन एवं श्रमिकों को करेंगे सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मजदूर दिवस को लेकर राज्य एवं जिला स्तर पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए श्रम संसाधन विभाग ने व्यापक तैयारी की है। 30 अप्रैल और 01 मई 2025 को दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना में दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

**वृहत कार्यशाला का होगा आयोजन**

इस वर्ष पहली बार एक विशेष वृहत कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में श्रम कानून, बाल श्रम, मानव तस्करी, एआई के प्रभाव जैसे समसामयिक विषयों पर पैनल डिस्कशन आयोजित होंगे। इन चर्चाओं में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि, श्रम कानूनों के विशेषज्ञ, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद और अधिवक्ता शामिल होंगे। प्रमुख प्रतिभागियों में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, यूनिसेफ, वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान, आईआईटी पटना, टीआईएसएस तथा अन्य संस्थानों से वक्ता भाग लेंगे। इसके साथ ही 30 अप्रैल की शाम में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा जिसमें श्रमिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा।

राज्यभर के सभी जिलों में 01 मई को पौधरोपण, श्रमिकों को अनुदान वितरण एवं उत्कृष्ट श्रमिकों का सम्मानित किया जाएगा। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह 'बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना', 'बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना' सहित कई लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए 16 प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ये रथ 01 मई से 10 मई तक पूरे राज्य में भ्रमण करेंगे। पटना जिले में श्रमिकों के बीच चेक वितरण का कार्य खुद श्रम संसाधन मंत्री करेंगे। साथ ही श्रमिकों को उपहार भी प्रदान किया जाएगा।

## सामान्य विश्वविद्यालय के छात्रों को भी मिले मैटलैब की सुविधा : प्रो. राजकिशोर प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बीएन कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों को मैटलैब की सुविधा मिलती है मगर सामान्य विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को इस तरह की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उनका सरकार से आग्रह होगा कि सामान्य विश्वविद्यालय में भी पढ़ने वाले छात्रों को मैटलैब सॉफ्टवेयर की सुविधा मिले। प्रोफेसर राजकिशोर प्रसाद मंगलवार को बीएन कॉलेज के सेमिनार हॉल में मैटलैब के उपयोग से शिक्षक एवं शोध कार्य को कैसे विकसित किया जाए विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की मैटलैब एक सॉफ्टवेयर है जिसे यूएसए की कंपनी मैथवर्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाया गया है जिसके माध्यम से कंप्यूटेशन का काम बहुत ही आसान हो गया है। कोई भी इसे दो माह में सीख सकता है। इससे शिक्षक एवं शोध कार्य को बढ़ावा मिलता है। अगर सामान्य विश्वविद्यालय में यह सुविधा मिलती है तो बच्चे गणित से जुड़े विषयों को ठीक से समझ सकेंगे और शोध कार्य भी अच्छे से कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला के लिए मैथवर्क कंपनी ने दो सीनियर एप्लीकेशन इंजीनियर को भेजा है जिन्होंने कार्यशाला में शामिल विभिन्न विश्वविद्यालयों के 72 प्रतिभागियों को मैटलैब सॉफ्टवेयर के बारे में बताया है। इससे रिसर्च स्कॉलर को भी बहुत लाभ मिल रहा है। इस दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन इलमैक्स के सीईओ देवाशीष चक्रवर्ती एवं एन आई टी पटना के इलेक्ट्रॉनिक विभाग के रिटायर्ड विभागाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा ने किया।

## मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा फाइब्रो स्कैन जांच शिविर आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** समाज सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी ने आज एक निःशुल्क फाइब्रो स्कैन जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में प्रख्यात गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. अमित बंका द्वारा लगभग 70 मरीजों की विशेष जांच की गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि 15 मरीजों में लीवर संबंधी समस्याएं पाई गईं जिनमें प्रारंभिक फाइब्रोसिस और फैटी लीवर जैसी बीमारियां प्रमुख रहीं। डॉ. बंका द्वारा इन मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया तथा उन्हें उचित दवाइयां भी वितरित की गईं। साथ ही मरीजों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष निर्देश भी दिए गए। शिविर के अवसर पर डॉ. अमित बंका ने कहा लीवर की बीमारियां अक्सर प्रारंभिक अवस्था में बिना किसी लक्षण के रहती हैं। फाइब्रो स्कैन जैसी तकनीकों के माध्यम से हम समय रहते इनका पता लगाकर उचित इलाज प्रारंभ कर सकते हैं।

## राज्य में शुरू हुआ 'स्वच्छ बिहार' पोर्टल

### मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने किया लॉन्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी), भारत सरकार की तकनीकी सहायता से विकसित 'स्वच्छ बिहार पोर्टल' का शुभांरभ किया। इस पोर्टल को राज्य के सभी प्रशासनिक कार्यालयों में स्वच्छता मानकों की निगरानी, मूल्यांकन और पारदर्शी रिपोर्टिंग के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

**स्वच्छता और पारदर्शिता की दिशा में एक ठोस कदम**

पुराना सचिवालय स्थित सभा कक्ष में मंगलवार को इसे लेकर सभी जिलों के डीएम और प्रमंडलीय आयुक्त से लेकर संबंधित विभागों के वरीय अधिकारी भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े हुए थे। केन्द्रीय प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) की संयुक्त सचिव सरिता चौहान भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ी थीं। 'स्वच्छ बिहार पोर्टल' की शुरुआत बिहार सरकार की एक दूरदर्शी पहल है जो डिजिटल तकनीक के माध्यम से एक साफ जवाबदेह और पारदर्शी प्रशासन की नींव रखती है। 'स्वच्छ बिहार' पोर्टल की लॉन्चिंग के मौके पर बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि एनआईसी के सहयोग से इस पोर्टल को विकसित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इसमें सिर्फ स्वच्छता ही मात्र नहीं है बल्कि गवर्नेंस पर भी जोर दिया गया है। इसमें स्क्रैप डिस्पोजल की भी मॉनिटरिंग होगी। साथ ही 19 बिन्दुओं पर उनके कार्यों की समीक्षा की जाएगी और फिर प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग की जाएगी। विभागों या जिलों में मौजूद पुराने स्क्रैप से लेकर उनकी स्थापना से जुड़े रखरखाव का मानक के आधार पर परखा जाएगा। उन्होंने सभी विभागों में इस पोर्टल के रखरखाव के लिए लिए एक-एक नोडल ऑफिसर तैनात करने का आदेश जारी किया। उन्होंने सभी विभागीय सचिव के साथ-साथ जिलाधिकारी और प्रमंडलीय आयुक्तों से कहा कि जिन्होंने नोडल ऑफिसर अबतक नियुक्त नहीं किए हैं, वे तुरंत इसकी तैनाती करें। साथ ही इसका वीकली रिव्यू मीटिंग करें। इसके साथ ही उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग को निर्देश दिया कि वर्ष 2026 में होने वाले सिविल सर्विस-डे के दौरान तीन बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिला कार्यालय, तीन प्रमंडल कार्यालयों और तीन विभागों को सम्मानित करें।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने विभागाध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक में पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर चल रहे यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान रेलवे ट्रैक के रख-रखाव को प्राथमिकता देने तथा एसेट्स फेल्योर में कमी लाने पर चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने सभी मंडलों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाने, विशेष संरक्षा ड्राइव चलाने तथा रेलवे ट्रैक पर कैटल रन ओवर/मैन रन ओवर को रोकने हेतु जनजगारूकता अभियान चलाने हेतु सभी मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान माल लदान एवं आय बढ़ाने हेतु उठाये जा रहे कदमों पर विस्तृत चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने आरओबी/आरयूबी तथा स्टेशन पुनर्विकास कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## संपादकीय

# सिंधु से सीमा तक सख्ती

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले का स्वरूप ऐसा है कि भारत सरकार के लिए इस मसले पर ठोस कार्रवाई करना वक्त की जरूरत है। इसलिए भारत ने इस बर्बर घटना के बाद सख्त कदम उठाते हुए अगर पाकिस्तान को साफ संदेश दिया है तो यह स्वाभाविक है। यह जगजाहिर हकीकत है कि भारत में आतंकवादी गतिविधियों के पीछे पाकिस्तान की क्या भूमिका रही है। इसलिए भारत के सामने अब एक तरह की मजबूरी आ खड़ी हुई है कि वह आतंकवाद और उसे शह देने वाले देश के खिलाफ नीतिगत स्तर पर कोई ठोस कदम उठाए।इसी क्रम में भारत ने पाकिस्तान के विरुद्ध कई कड़े कदम उठाने की घोषणा की। इनमें पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा पर पाबंदी, दूतावास में राजनयिक कर्मचारियों की संख्या में कटौती, अटारी-वाघा सीमा को बंद करना और सबसे अहम छह दशक पुरानी सिंधु जल संधि के क्रियान्वयन को निलंबित करना शामिल है।जाहिर है, भारत की ओर से आतंक के विरुद्ध उठाए गए ये कदम पाकिस्तान को नागवार गुजरेंगे, लेकिन सच यह है कि लंबे समय से भारत में आतंकवाद की समस्या को और ज्यादा जटिल बनाने में पाकिस्तान की जो भूमिका रही है, उसने कई स्तर पर मुश्किलें खड़ी की हैं।दूसरी ओर, आतंकवाद को बढ़ावा देने में अपने भूमिका पर शर्मिंदा होने के बजाय पाकिस्तान इस मसले पर आमतौर पर अपनी हठधर्मिता ही प्रदर्शित करता रहा है। इस बार भी जब भारत ने कुछ सख्ती दिखाई तो हकीकत स्वीकार करने के बजाय पाकिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई के तौर पर भारत के साथ द्विपक्षीय शिमला समझौते को निलंबित करने, हवाई क्षेत्र और सीमाओं को बंद करने जैसे कुछ कदम उठाने की घोषणा कर दी।सवाल है कि ऐसा करके पाकिस्तान क्या साबित करना चाहता है। पहलगाम में आतंकी हमला आतंकवादियों के अपने एजंडे के लिए क्रूरता की हर हद को पार करने की मंशा का सबूत है। वरना क्या कारण है कि कश्मीर गए जिन पर्यटकों का उद्देश्य वहां घूमना-फिरना और प्रकृति के सौंदर्य के बीच खुशी के कुछ पल गुजारना था, उन्हें भी मार डालने में आतंकियों को कोई हिचक नहीं हुई।इस हमले का एक सीधा असर जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ पर चोट भी है। सवाल है कि इस तरह की क्रूरता करके आतंकवादी किसके हित में काम कर रहे हैं। समय-समय पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत सबूतों के साथ आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करता रहा है। मगर पाकिस्तान हर बार इसे महज आरोप बताता है। जबकि भारतीय सीमा में घुसपैठ से लेकर आए दिन होने वाले आतंकी हमलों में पाकिस्तान के संरक्षण के तथ्य सामने आते रहे हैं।फिलहाल पाकिस्तान जल संकट से दो-चार है और ऐसे में अगर भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने की घोषणा की है तो इससे पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ेंगी। पहलगाम में पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी और उसमें काफी लोगों की मौत के बाद भारत ने जो सख्त कदम उठाने की घोषणा की है, उसमें यह संदेश साफ है कि अगर पाकिस्तान आतंक के रास्ते भारत को अस्थिर करने और निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादी संगठनों को समर्थन और शह देना जारी रखता है तो उसे इसके नतीजे भी भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# अक्षय तृतीया प्रदान करती है सुख-समृद्धि

## अक्षय तृतीया पर्व का इतिहास हस्तिनापुर की धरती पर



**विजय कुमार जैन**

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव से जुड़ा है । भगवान ऋषभदेव ने अयोध्या में जन्म लिया एवं प्रयाग (इलाहाबाद) की धरती पर जैन धर्म की दीक्षा को धारण किया। जो कि इस युग की प्रथम दीक्षा थी। क्योंकि भगवान ऋषभदेव वर्तमान जैन चौबीसी के प्रथम तीर्थंकर है। दीक्षा को धारण करते ही ध्यान लगाकरके भगवान बैठ गये। भगवान के साथ में 4 हजार राजाओं ने दीक्षा ग्रहण की। 6 माह पश्चात भगवान ऋषभदेव आहारचर्या बतलाने के लिए कि जैन साधुओं को किस प्रकार आहार करना चाहिए लोगों को इस विधि का ज्ञान हो सके इसलिए आहार के लिए निकले। लेकिन लोगों को ज्ञान ही नहीं था कि जैन साधुओं को आहार किस प्रकार से कराना चाहिए। महायोगी ऋषभदेव जिस ओर कदम रखते थे वहीं के लोग प्रसन्न होकर के बड़े आदर के साथ उन्हें प्रणाम करते थे और कहते थे कि भगवान प्रसन्न हो जाईये कहिये क्या काम है, कितने ही लोग भगवान के पीछे-पीछे चलने लगते थे, अन्य कितने ही लोग बहुमूल्य रत्नलाकर भगवान के सामने रखकर कहते थे कि हे देव इन रत्नों ग्रहण कर लीजिए और कितने ही लोग अन्य प्रकार के पदार्थ वस्त्र आभूषण, माला, कन्या, भवन, सवारी आदि दिखाकरके कहते थे कि प्रभु इसे ग्रहण कर लीजिए और हमें कृतार्थ कीजिए। तीर्थंकर भगवन इसे अपनी चर्या में विघ्न मानकरके आगे बड़ जाते थे। लोग निराश होकर के प्रभु की ओर देखते रह जाते थे और सोचते थे कि किस प्रकार से भगवान को उनकी मनचाही वस्तु देकर के हम कृतार्थ हो सकें। इस प्रकार से भगवान को 6 महा व्यतीत हो जाते हैं। कुल मिलाकर के 1 वर्ष पूर्ण हो जाता है और तब महामुनि हस्तिनापुर नगर के समीप पहुंचते हैं।

जैन समाज के वरिष्ठ विद्वान सहितासूरी प्रतिष्ठाचार्य श्री विजय कुमार जैन शास्त्री ने बताया कि अक्षय तृतीया का प्राचीन इतिहास हस्तिनापुर तीर्थ से ही प्रारंभ हुआ है। वैशाख सुदी तीज को अक्षय तृतीया के नाम से जाना जाता है। अक्षय का अर्थ है जिस वस्तु का कभी क्षय न हो अर्थात् वस्तु समाप्त न हो और वह महीना वैशाख का था और तिथि तृतीया थी। इसलिए इसका नाम अक्षय तृतीया पड़ा। लोगों का मानना है कि इस दिवस किया जाने वाला कार्य वृद्धि को प्राप्त होता है। भगवान ऋषभदेव को हुए कोड़ा कोड़ी वर्ष (करोड़ों करोड़ो साल) व्यतीत हो गये। लेकिन आज भी अक्षय तृतीया का पर्व मनाने के लिए देश एवं विदेश से जैन श्रद्धालु हस्तिनापुर की धरती पर आते हैं। जैन श्रद्धालु आहार दान की महिमा का वर्णन करते हुए इस पवित्र धरती पर आते हैं। इस पवित्र दिवस का ये महत्व है कि बिना मुर्हूत के ही हजारों विवाह सम्पन्न होते हैं। अगणित ग्रह प्रवेश आदि मांगलिक कार्य सम्पन्न किये जाते हैं। और इसे सर्वश्रेष्ठ मुर्हूत माना जाता है। उस समय हस्तिनापुर नगरी के शासक राजा सोमप्रभ और उनके भाई श्रेयांस कुमार थे। पिछली रात्रि में राजा श्रेयांस को उत्तम-उत्तम 7 स्वप्न दिखाई देते हैं। प्रातः वह अपने स्वप्नों को अपने भाई सोमप्रभ से उन स्वप्नों को बताकर उनका फल पूछते हैं। प्रथम स्वप्न में मैने सुमेरूपर्वत देखा है, दूसरे में एक कल्पवृक्ष देखा है जिसकी शाखाओं पर आभूषण लटक रहे हैं, तीसरे में सिंह देखा है, चौथे में बैल, पॉचवें में सूर्य और चंदमा, छठे में लहरों से सुशोभित समुद्र तथा सातवें में अष्ट मंगल द्रव्यों को हाथों में धारण किये व्यंतर देवों को देखा है। इन स्वप्नों का उत्तम फल जानकरके अति प्रसन्न चित्त हो करके के चिन्तन ही कर रहे होते हैं कि तभी सुनने में आता है कि तीर्थंकर ऋषभदेव हस्तिनापुर में प्रवेश कर चुके हैं। चारों ओर भारी जन समुदाय एकत्र होकर के भगवान का दर्शन करता है। उनके चरणों की पूजन करता है।

*इच्छु रस का हुआ पारण, आखा तीज महान*
जय जय ऋषभदेव भगवान, जय जय ऋषभदेव भगवान।।

कोई कहता है कि अहो बड़े आश्चर्य की बात है कि ये तीन लोक के स्वामी भगवान ऋषभदेव समस्त राज्य वैभव का त्याग कर पूर्ण दिगम्बर होकर आज अकेले ही इस पृथ्वीतल पर विचरण कर रहे हैं। इतने में ही द्वारपाल द्वारा सूचना प्राप्त होती है कि प्रभु समीप में ही पधार चुके है और इधर ही आ रहे हैं। राजा सोमप्रभ और श्रेयांस महल के बाहर आ जाते हैं। प्रभु के चरणों में नम्रता पूर्वक नमस्कार करते हैं। इतने में ही राजकुमार श्रेयांस को पूर्वभव का स्मरण हो जाता है कि राजा बज्रजंघ की रानी श्रीमती की पर्याय में मुनियों को दिये गये आहार दान की सारी विधि स्मरण में आ जाती है। महाप्रभु ऋषभदेव को देखते ही राजा श्रेयांस एवं सोमप्रभ ने हे भगवन् अत्रो-अत्रो, तिष्ठो-तिष्ठो आहार जल शुद्ध है, मन शुद्धि, वचन शुद्धि, काय शुद्धि आहार-जल शुद्ध है मुद्रा छोडिये आहार ग्रहण करिये। राजा नवधा भक्ति पूर्वक ऋषभदेव भगवान का पड़गाहन कर लेते हैं एवं अष्ट द्रव्य से पूजन कर नमस्कार करते हैं ऐसे निवेदन कर प्रभु से आहार ग्रहण करने हेतु प्रार्थना करते हैं। भगवान ऋषभदे करपात्र में आहार प्रारंभ कर देते हैं। बड़ी भक्ति के साथ राजा श्रेयांस इच्छुरस (गन्ने) का आहार देते हैं। उसी समय आकाश से देवों द्वारा रत्न वृष्टि होने लग जाती है। नाना प्रकार सुगंधित पुष्पों की वृष्टि होने लग जाती है। देवता भी धन्य है, यह दान धन्य, यह पात्र धन्य, ये दाता ऐसे शब्दों से आकाश गुंजायमान कर देते हैं एवं देवों द्वारा पॉच अतिशय पंचाश्चर्य कहलाते हैं। राजा श्रेयांस प्रभु को आहार देने में मग्न हैं। देवतागण हर्ष विभोर होकर के पंचाश्चर्य की वृष्टि कर रहे है। प्रभु ऋषषदेव आहार करके वन की ओर प्रस्थान कर जाते हैं। उस दिन सारे नगर में गन्ने के सार का प्रसाद वितरण किया जाता है। लेकिन फिर भी गन्ने का रस समाप्त नहीं होता है। वह अक्षय हो जाता है। राजा श्रेयांस ने प्रथम आहार दान दिया क्योंकि इस युग के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव थे। इस प्रथम आहार के बाद राजा भरत चक्रवर्ती ने अयोध्या से पूरी सेना के साथ हस्तिनापुर आकर के राजा श्रेयांस व सोमप्रभ का खूब सम्मान किया एवं दान तीर्थ प्रवर्तक की उपाधि से उन्हें अलंकृत किया। इससे पूर्व दान देने की प्रथा इस धरती पर नहीं थी। इसका शुभांरभ राजा श्रेयांस के द्वारा ही हुआ। तो यह दानवीर भूमि भी कहलाई। तब से लेकर के आज तक ये हस्तिनापुर की धरती के समीपवर्ती क्षेत्रों में इच्छु (गन्ना) खेती खूब पाई जाती है। उस दिन से इस धरती पर गन्ने की खेती भी अक्षय हो गई। समीपवर्ती सभी क्षेत्रों में गन्ने की खेती होती है एवं ऐसा मानते है कि जैन साधु जहॉ पर भी विराजमान है उनको आज के दिन गन्ने के रस का आहार करवाया जाता है। जो लोग उपवास करते हैं वे पारणा करने के लिए हस्तिनापुर की धरती पर आकर के अपना उपवास समाप्त करके पारणा इच्छु रस से करते है और अपने आप को धन्य मानते हैं। यह इस भूमि का असीम पुण्य है। अक्षय तृतीय आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है।

**(लेखक प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार जैन शास्त्री मंत्री- भगवान महावीर जन्मभूमि, कुंडलपुर एवं अयोध्या दि. जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी हैं )**

# जैन धर्म में अक्षय तृतीया का महत्व



**एम पी जैन**

जैन धर्म मे अक्षय तृतीया के महत्व प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव (आदिनाथ) के आहार से है।

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव (आदिनाथ) ने दीक्षा कल्याणक होने के बाद छःमाह तक घोर तपस्या की। छः माह के बाद आहार लेने के लिए ऋषभदेव भगवान ने अनेक ग्राम नगर शहर में विहार किया, किन्तु जनता व राजा लोगों को आहार की विधि( जैन धर्म में मुनियों के आहार लेने की एक अलग विधि होती है) मालूम न होने के कारण ऋषभदेव भगवान को धन, कन्या, पैसा, सवारी आदि अनेक वस्तु दी। भगवान ने यह सब नहीं लिया क्योंकि किसी ने भी भगवान् को विधि पूर्वाक आहार नहीं दिया. तब ऋषभदेव पुनः वन में पहुंच छःमाह की तपस्या और की. इस प्रकार कुल एक वर्ष तक भूखे रहकर तपस्या करने के पश्चात ऋषभदेव भगवान पुनः आहार चर्या के लिए घूमने लगे. उस समय हस्तिनापुर में महाराज सोमप्रभ राजा राज करते थे. उनके श्रेयांस नाम के भाई थे. एक दिन रात्रि के समय सोते हुए रात्रि के आखिरी भाग में श्रेयांस कुछ स्वप्न आये। उन स्वप्नों में मंदिर, कल्पवृक्ष, सिंह, वृषभ, चंद्र, सूर्य, समुद्र, आग, मंगल द्रव्य यह अपने राजमहल के समक्ष स्थित हैं ऐसा उस स्वप्न में देखा तब सुबह में उठकर उक्त स्वप्न के बारे में अपने जेष्ठ भ्राता राजा सोमप्रभ से कहे, तब ज्येष्ठ भ्राता सोमप्रभ ने अपने विद्वान पुरोहित को बुलाकर स्वप्नों का फल पूछा। पुरोहित ने जबाव दिया- राजन! आपके घर श्री ऋषभदेव भगवान पारणा (उपवास के बाद प्रथम आहार लेना) के लिए पधारेंगे, इससे सबको आनंद हुआ। इधर भगवान ऋषभदेव आहार (भोजन) हेतु भ्रमण करते हुए हस्तिनापुर नगर के राजमहल के सामने पधारे तब सिद्धार्थ नाम का कल्पवृक्ष की मानो अपने सामने आया है, ऐसा सबको भास हुआ। राजा श्रेयांस को भगवान ऋषभदेव का श्रीमुख देखते ही उसी क्षण अपने पूर्व जन्म में एक सरोवर के किनारे दो चारण मुनियों को आहार दिया था-उसका स्मरण हो गया। अतः आहारदान की समस्त विधि जानकर श्री ऋषभदेव भगवान को तीन प्रदक्षिणा देकर पड़गाहन किया व भोजन गृह में ले गये। तब श्रेयांस राजा और उनकी धर्मपत्नी सुमतीदेवी व ज्येष्ठ बंधु सोमप्रभ राजा अपनी लक्ष्मीपती आदि ने मिलकर श्री भगवान ऋषभदेव को सुवर्ण कलशों द्वारा इक्षुरस (गन्ना का रस) पिलाया. भगवान् ने दो खंडी इक्षु रस पीया तो दो खण्डी रस से पेट भर गया। आहारचर्या करके वापस जाते हुए ऋषभदेव भगवान ने सब दाताओं को 'अक्षय दानस्तु' अर्थात् दान इसी प्रकार कायम रहे, इस आशय का आशीर्वाद दिया, यह आहार वैशाख सुदी तीज को सम्पन्न हुआ था। जिस दिन तीर्थंकर ऋषभदेव का आहार हुआ था, उस दिन वैशाख शुक्ला तृतीया थी। उस दिन राजा श्रेयांस के यहां भोजन, अक्षीण (कभी खत्म न होने वाला ) हो गया था। अतः आज भी लोग इसे अक्षय तृतीया कहते हैं। जैनधर्म के अनुसार भरत क्षेत्र में इसी दिन से आहार दान की परम्परा शुरू हुई। ऐसी मान्यता है कि मुनि का आहार देने वाला इसी पर्याय से या तीसरी पर्याय से मोक्ष प्राप्त करता है। राजा श्रेयांस ने भगवान आदिनाथ को आहारदान देकर अक्षय पुण्य प्राप्त किया था, अतः यह तिथि अक्षय तृतीया के रूप में मानी जाती है। यह दिन बहुत ही शुभ होता है, इस दिन बिना मुर्हूत निकाले शुभ कार्य संपन्न होते हैं। जब ऋषभदेव निरंतराय आहार करके वापस विहार कर गए उसी समय से अक्षय तीज नाम का पुण्य दिवस (जैनधर्म के अनुसार) का शुभारंभ हुआ। इसको आखा तीज भी कहते हैं। यह दिन हिन्दू धर्म में भी बहुत पवित्र माना जाता है। इस दिन अनबूझा मुर्हूत मानकर शादी, विवाह एवं मंगलकार्य प्रचुर मात्रा में होते हैं। जैनधर्म में दान का प्रवर्तन इसी तिथि से माना जाता है, क्योंकि इससे पूर्व दान की विधि किसी को मालूम नहीं थी। अतः अक्षय तृतीया के इस पावन पर्व को देश भर के जैन श्रद्धालु हर्षोल्लास व अपूर्व श्रद्धा भक्ति से मनाते हैं। इस दिन हस्तिनापुर में भी विशाल आयोजन किया जाता है। इस दिन व्रत, उपवास रखकर इस पर्व के प्रति अपनी प्रगाढ आस्था दिखाते हैं तथा व्रत का पारण इक्षु रस से करते हैं.

**(लेखक जैन संघ, पटना के मीडिया सचिव हैं )**

# देश का मुसलमान



**.रवि तिवारी**

पिछले कुछ वर्षों में आतंक की इतनी घटनाएँ हो चुकी हैं कि हिंदुस्तानियों का दिल आक्रोश से भर उठा है। हाल ही में घटित पहलगाम की घटना ने इस आक्रोश में और भी घी डाल दिया, जिसमें निर्दोष 26 सैलानियों को मौत के घाट उतार दिया गया। आतंकियों ने सैलानियों से उनका धर्म पूछा, कलमा पढ़ने को कहा, और जो न पढ़ सका, उसे गोली से भून दिया। यह रक्तरंजित घटना दिल दहला देने वाली थी, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।

आज पूरा देश पाकिस्तान और मुसलमानों के प्रति गुस्से से उबल रहा है। सबकी निगाहें केंद्र सरकार पर टिकी हैं कि वह आतंकवादियों और पाकिस्तान के खिलाफ कितनी कठोर और निर्णायक कार्रवाई करती है, जिससे भारतीयों के दिलों को शांति और न्याय का अनुभव हो सके।

अब समय आ गया है कि देश के मुसलमानों को परिस्थितियों के अनुरूप अपने भीतर परिवर्तन लाना होगा। चुप्पी साधे रहने से गलतफहमियाँ ही बढ़ती जाएँगी। इतिहास में मुसलमानों की उपलब्धियों के साथ-साथ कुछ कटु सच्चाइयाँ भी सामने आती हैं—जैसे सत्ता हथियाने के तरीके, महिलाओं की स्थिति, धार्मिक कट्टरता, अन्य धर्मों के प्रति नफरत, जबरन धर्म परिवर्तन, नए आविष्कारों का विरोध, हिंदुओं के आस्था स्थलों का विध्वंस कर वहाँ अपने धार्मिक स्थल बनाना, और धर्मनिरपेक्षता की कमी।

**देश के हर घर में आज यह चर्चा आम है**÷माना कि हर मुसलमान आतंकवादी नहीं होता, लेकिन हर पकड़ा गया आतंकवादी मुसलमान ही क्यों होता है?÷

मुस्लिम शासकों द्वारा बनवाई गई कई ऐतिहासिक इमारतों का निर्माण भी हिंदू आस्था स्थलों को ध्वस्त कर के ही क्यों किया गया? यह किस मानसिकता का प्रतीक रहा होगा?

हिंदू महिलाओं से जबरन विवाह, आस्था केंद्रों का विध्वंस और लूट—इन सब घटनाओं ने हिंदुओं को अपने स्वभाव के विपरीत आक्रोशित किया है।

भारत की आज़ादी के समय, देश को धर्म के आधार पर विभाजित कर दिया गया—हिंदुओं के लिए भारत और मुसलमानों के लिए पाकिस्तान। बावजूद इसके, भारत के नेताओं ने मुसलमान भाइयों को धर्मनिरपेक्षता की भावना से भारत में रोका, बराबरी का अधिकार दिया, और इसे निभाया भी। जबकि पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ ऐसा नहीं हुआ। हिंदुओं ने मुसलमानों को पूरा सम्मान दिया, उनके त्योहारों में भागीदारी की, कभी नफरत का भाव नहीं रखा। इसके बावजूद मुसलमानों का व्यवहार देश के प्रति संदेहास्पद ही बना रहा।

यदि मुसलमान इस देश के पूर्ण नागरिक होते, तो वे स्वयं को ÷अल्पसंख्यक÷ कहलाने पर आपत्ति करते। परंतु कभी किसी मुस्लिम नेता या संगठन ने इसका विरोध नहीं किया। आखिर क्यों?

यह भी एक गंभीर प्रश्न है कि अपने ही देश में जन्मा नागरिक खुद को अल्पसंख्यक कैसे मान सकता है?

यह भी सच है कि मुसलमानों ने भारत की आजादी में जबरदस्त कुर्बानियाँ दी हैं। एक से एक देशभक्त मुसलमान हुए हैं, जिन पर आज भी पूरे भारत को गर्व है। भारतीय सेना, खेल, फिल्म, विज्ञान, राजनीति, कृषि, व्यापार जैसे सभी क्षेत्रों में मुसलमानों ने शानदार योगदान दिया है। उनकी योग्यता, समर्पण और बलिदान को कमतर नहीं आँका जा सकता।

फिर भी आश्चर्य होता है कि कुछ मुसलमानों की आपराधिक गतिविधियों के चलते पूरी कौम बदनाम होती है और फिर भी अधिकांश मुसलमान उनके विरोध में मुखर नहीं होते। ऐसा क्यों?

यदि वे इस देश को अपना मानते हैं तो उन्हें यह आस्था और प्रतिबद्धता व्यवहार से भी प्रदर्शित करनी होगी। देश की बदलती राजनीति और समाज में मुसलमानों के प्रति बढ़ती शंका को केवल मुसलमानों के जागरूक प्रयास और स्पष्ट राष्ट्रप्रेम ही समाप्त कर सकते हैं।

कहा भी गया है कि अन्याय का विरोध न करना, स्वयं अन्याय से भी बड़ा अपराध होता है।÷

शायद अनजाने में, देशभक्त, धर्मनिरपेक्ष, शांति प्रिय मुसलमानों से यही चूक होती रही है, जिसका सुधार आज अत्यंत आवश्यक है।

भारत को विश्वगुरु बनाने के सपने को साकार करने के लिए भाईचारे, अमन-चैन और एकजुटता की नई पहल आवश्यक है।

आज समय की माँग है कि मुसलमान और उनके संगठन न केवल पहलगाम जैसी जघन्य घटनाओं का खुलकर विरोध करें, बल्कि पाकिस्तान और आतंक को संरक्षण देने वाले संगठनों के विरुद्ध खुली लड़ाई की मांग करें।

यदि समय रहते यह सुधार नहीं हुआ, तो देश में मुस्लिम समाज के प्रति बनती जा रही नकारात्मक धारणाओं को रोकना असंभव हो जाएगा।

इसलिए, देश की अब तक की धर्मनिरपेक्षता, उदारता और दिए गए समान अधिकारों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए, मुसलमानों को अपने आचरण और सोच में बदलाव लाना ही होगा।

तभी भारत अपनी प्राचीन गरिमा को पुनः प्राप्त कर, संपूर्ण विश्व का मार्गदर्शन कर सकेगा।

**( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार, समाजसेवी एवं पूर्व प्रशासनिक अधिकारी हैं )**


# जंगलों में आग- जीवन, जमीन और जल पर बढ़ता संकट

**(शकुंतला राणावत)**

गर्मियों की दस्तक के साथ ही भारत सहित दुनिया भर में, जंगलों में लगने वाली आग (वाइल्डफायर) एक गंभीर समस्या बन कर उभरने लगी है द्य जंगल की आग पहले केवल मौसमी आपदा मानी जाती थी, लेकिन अब जलवायु परिवर्तन के कारण यह अधिक तीव्र और विनाशकारी होती जा रही है। इस आग को प्राकृतिक और मानवजनित कारणों में वर्गीकृत किया जाता है, और इन कारणों को समझना रोकथाम के लिए बेहद जरूरी है। सूखे पर्णपाती, चौड़े पत्तों वाले वन विशेष रूप से आग की चपेट में आते हैं, खासकर प्री-मानसून के शुष्क मौसम में। एमओडीआईएस डेटा के अनुसार, मध्य और पूर्व-मध्य भारत में जंगल की आग की घटनाएं अधिक पाई गई हैं, जबकि हिमालय के चिर पाइन वन भी इस खतरे के प्रति अत्याधिक संवेदनशील हैं।

जहां एक ओर आग की लपटें पेड़ों और वन्यजीवों को निगल जाती हैं, वहीं दूसरी ओर इसका असर उन लोगों पर भी होता है जो जंगलों से आजीविका पाते हैं या उसके पास रहते हैं। आग की राख और विषैले तत्व जलस्रोतों को दूषित कर देते हैं, जिससे जलजीवों और लाखों लोगों की पेयजल आपूर्ति पर भी असर पड़ता है।

**मानव गतिविधियों से फैलती आग:** सरकारी आंकड़ों और शोध के अनुसार, भारत में लगने वाली लगभग 95 प्रतिशत जंगल की आग मानव गतिविधियों के कारण होती है। खेतों की सफाई के लिए आग लगाना, जानबूझकर या लापरवाही से जलती बीड़ी या माचिस फेंकना, या कभी-कभी अवैध रूप से लकड़ी और जंगल उत्पादों को निकालने के लिए आग लगा देना ये सभी इसके प्रमुख कारण हैं।2019 में भारत में 30,000 से अधिक जंगल की आग की घटनाएं दर्ज की गईं। ओडिशा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट और दक्षिण भारत के हिस्से हर साल



इस संकट का सामना करते हैं, खासकर वहां जहां सूखे पर्णपाती (ड्राई डेसिडुअस) जंगल अधिक हैं।ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वर्ष 2001 से 2023 के बीच जंगल की आग के कारण लगभग 16.5 लाख हेक्टेयर वनक्षेत्र खो दिया। वैश्विक स्तर पर भारत, 215 देशों में 45वें स्थान पर है जहां वनों की क्षति जंगल की आग के कारण सबसे अधिक हुई है।

**जमीन और पर्यावरण पर असर:** जंगलों में आग लगने से सबसे पहले प्रभावित होती है मिट्टी। जलने से मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है, और उसमें मौजूद सूक्ष्म जीव मर जाते हैं। इसके अलावा, बार-बार लगने वाली आग से मिट्टी की ऊपरी परत (टॉपसॉइल) हट जाती है, जिससे जमीन बंजर हो जाती है। इसके साथ ही आग से निकलने वाला धुआं वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ाता है, जिससे जलवायु परिवर्तन की समस्या और गंभीर हो जाती है। कई वैज्ञानिक मानते हैं कि वाइल्डफायर, जलवायु परिवर्तन का कारण भी है और परिणाम भी है।

स्प्रिंगर नेचर की एक रिसर्च बताती है, आग, वन की कार्य-प्रणाली को कई तरीकों से प्रभावित करती है, जैसे कि उसके पोषक तत्वों का चक्र मिट्टी की जल प्रतिकर्षकता प्रजातियों की संरचना और पुनरुत्पादन और पारिस्थितिक विविधता ,जंगल की आग अधिकतर मानवजनित गतिविधियों का परिणाम होती है, जबकि प्राकृतिक रूप से लगने वाली आग वैश्विक स्तर पर कुल घटनाओं का, केवल एक छोटा हिस्सा होती है। जंगल की आग, मिट्टी के क्षरण और पोषक तत्वों की हानि का एक प्रमुख कारण है।

**पानी पर असर:** जंगलों में आग का जल स्त्रोतों पर भी सीधा असर पड़ता है। जब मिट्टी की पकड़ ढीली हो जाती है, तो बारिश का पानी सीधे बह जाता है और जलस्त्रोतों में मिट्टी भर जाती है। इससे झीलें, नदियां और जलाशय धीरे-धीरे भरने लगते हैं और उनकी जलधारण क्षमता घट जाती है। इसके अलावा, आग से जंगल की हरियाली नष्ट हो जाने से मिट्टी की, पानी को सोखने और संग्रह करने की क्षमता भी कम हो जाती है। जिससे आसपास के इलाकों में जल संकट पैदा हो सकता है।

बार-बार लगने वाली जंगल की आग वर्षा और शुष्क दोनों ऋतुओं में बाढ़ और सूखे की परिस्थितियों को जन्म देती है। इससे भूमि की जल सोखने की क्षमता (इनफिल्ट्रेशन) कम हो जाती है, जिससे भूजल भंडारण घटता है और नदियों का सामान्य प्रवाह प्रभावित होता है। आग के कारण मिट्टी की ऊपरी परत नष्ट हो जाती है, जिससे वर्षा का जल सीधे सतह पर बहकर निकल जाता है और बहाव (रनऑफ) बढ़ जाता है।

परिणामस्वरूप, एक ओर तो वर्षा के दौरान बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है, वहीं दूसरी ओर सूखे में पानी की कमी और भूजल स्तर गिरने जैसी समस्याएं सामने आती हैं। यह स्थिति जलचक्र के संतुलन को बिगाड़ देती है और पारिस्थितिक तंत्र के लिए गंभीर खतरा बन जाती है ।

जंगल की आग से न केवल पेड़-पौधे नष्ट होते हैं, बल्कि वन्यजीवों का जीवन भी संकट में पड़ जाता है। छोटे जीव-जंतु तुरंत मारे जाते हैं और बड़े जीवों को अपने बसेरे छोड़ने पड़ते हैं। यह विस्थापन उनके जीवनचक्र और प्रजनन पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। मानव जीवन पर भी इसका असर होता है। जंगलों पर आश्रित आदिवासी समुदायों की आजीविका पर खतरा मंडराने लगता है, और कई बार उन्हें भी विस्थापित होना पड़ता है।

**समाधान की दिशा में कदम:** इस समस्या का समाधान केवल आग बुझाने तक सीमित नहीं रह सकता। इसके लिए दीर्घकालिक योजना की आवश्यकता है। आग लगने के कारणों की पहचान कर उनसे निपटना, आग से पहले की सतर्कता प्रणाली स्थानीय समुदायों को शामिल कर उन्हें जागरूक करना, और पारंपरिक ज्ञान का इस्तेमाल कर आग से बचाव की रणनीति बनाना, ये सब ज़रूरी कदम हैं।

इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन से निपटना भी अब वक़्त की माँग है, क्योंकि बढ़ती गर्मी, सूखा और बदलते मौसम जंगलों को और अधिक संवेदनशील बना रहे हैं।इसका सीधा प्रभाव मानव जीवन, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ रहा है। बढ़ती आगजनी विशाल जंगलों को नष्ट कर रही हैं, वन्यजीवों को बेघर कर रही हैं, और मानव जीवन व आजीविका के लिए खतरा बन रही हैं। इसके अलावा, आग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिससे कृषि उत्पादकता घटती है। अमेजन से लेकर हिमालय तक भड़कती इन आग की घटनाओं से निपटने के लिए वन प्रबंधन सुधारने, अग्निशमन व्यवस्था को मजबूत करने और जन-जागरूकता बढ़ाने की सख्त जरूरत है। जंगलों मेंलगने वाली आग अब सिर्फ एक मौसमी संकट नहीं रही। यह एक सतत और जटिल चुनौती बन चुकी है, जो हमारी भूमि, जल और जीवन के संतुलन को प्रभावित कर रही है।इसका समाधान केवल सरकारी स्तर पर नहीं, बल्कि सामाजिक, वैज्ञानिक और सामुदायिक स्तर पर एकजुट होकर ही संभव है। यह लेखक के निजी विचार हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जानलेवा हमले का आरोपी धराया

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा पुलिस ने इनरवा से कांड संख्या 30/25 के जान से मारने की नीयत प्रहार करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि मखन पडित को जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि लड़की के साथ छेड़खानी करने एवं पुछे जाने पर जानलेवा प्रहार कर घायल कर देने के मामले में पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### रास्ते की जमीन पर हो रहे निर्माण को पुलिस ने रोका

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के मंझरिया गांव में रास्ते पर हो रहे निर्माण कार्य को पुलिस ने रोक दिया है। और निर्माण करने वाले से उक्त जमीन की कागजातो की मांग की है। दरअसल मंझरिया गांव के बीच से निकलने के लिए एक छोटा सा रास्ता है। जिसे गांव के ही सुकट अंसारी द्वारा दीवाल खड़ा कर उक्त रास्ते को अवरुद्ध किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुचीं शिकारपुर पुलिस ने निर्माण कार्य को रोक दिया है।ग्रामीण कपिल पासवान,गीता देवी, रिता देवी, मोहन पासवान,धनई पासवान,बोधी पासवान आदि का कहना है कि यह रास्ता सार्वजनिक है जो पिछ्ले कई वर्षो से चालू है। किंतु गांव के ही सुकट अंसारी द्वारा उक्त रास्ते को दीवाल खड़ा कर उसे अवरुद्ध किया जा रहा है। वही सुकट अंसारी के परिजनों का कहना है कि उक्त रास्ता उनकी निजी जमीन में है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि रास्ते को अवरुद्ध करने वाले से उक्त भूमि की कागजातों की मांग की गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### टीकाकरण को लेकर लोगो किया जागरूक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 24 से 30 अप्रैल तक चलने वाले विश्व टीकाकरण सप्ताह के अवसर पर मंगलवार को रोटरी क्लब अपने युवा शाखा रोट्रेक्ट क्लब एवं स्कूली बच्चों के साथ खसरा और रूबेला जैसे बिमारिओ के बारे में जागरूकता को लेकर प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी नगर के देवी स्थान से निकालकर मस्जिद चौक, भगवती सिनेमा रोड, डाकघर, शहीद चौक होते हुए पुनः देवी स्थान पहुचीं। इस दौरान टीजर को करो हाय, खसरा को करो बाय। एम आर का दो टीका लगाना है खसरा रूबला को विश्व से मिटाना है आदि नारे लगाकर लोगो को जागरूक किया गया। मौके पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रखंड समन्वयक सैयद गैसुल आजम,रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, समाजसेवी वर्मा प्रसाद, उमेश जायसवाल ,रोट्रेक्ट क्लब के शशि भूषण कुमार, डॉ. मो काजिम आदि उपस्थित थे।

### सात माह बाद भी नहीं बना नाला व पुलिया

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत लौरिया के गठन के चार वर्ष पूरे हो चुके है तो सड़क, बत्ती , नाला साफ सफाई आदि पर करोड़ों रुपए इन चार वर्षों में खर्च हो चुके है। परंतु जेपी नगर और बस स्टैंड (शिक्षक कॉलोनी) को जोड़ने वाली नाली और पुलिया का निर्माण कार्य नवंबर 24 में शुरू हुआ नालियां तो बन गई पर पुलिया का निर्माण अब तक नहीं हुआ। जिससे जेपी नगर मुहल्ले वासियों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है तो अब बरसात प्रारंभ होने का डर भी सता रहा है। वही परेशान मुहल्ले वासियों में चंदन ठाकुर, संतोष प्रसाद, राजन कुमार, भरत सोनी, भगवान जी प्रसाद, संदीप कुमार, जगदीश प्रसाद, सुरेश प्रसाद सहित करीब डेढ़ दर्जन लोगों ने बरसात पूर्व नाला निर्माण कार्य पूरा करते हुए पुलिया का निर्माण भी शीघ्र करने हेतु कार्यपालक पदाधिकारी दिनेश पुरी को आवेदन देकर गुहार लगाई है।

### राजद शिष्टमंडल ने की बीडीओ से वार्ता

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विभिन्न जन कल्याणकारी कार्यो एवं सरकारी योजनाओं के त्वरित निष्पादन को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं का एक शिष्टमंडल बीडीओ संजीव कुमार से मुलाकात की। शिष्टमंडल की अध्यक्षता करते हुए राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष सह राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत शिक्षक डॉ देवीलाल यादव ने बताया कि क्षेत्र मे घुमने के क्रम मे गरीबो और मजदूरों के अनेकों समस्याओ से सामना होता है। उसी से सम्बंधित चर्चा करने को बीडीओ साहब के पास आया था। जिनमे पंचायतो मे कमीयी उपस्थिती जन्म प्रमाण पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र विभीन्न प्रकार के पेंशन सहित सभी सरकारी योजनाओ के आवेदन की जल्द से जल्द निष्पादन आवास योजना मे छुटे हुए भूमिहीन गरीबो को भी भूमि देकर आवास योजना का लाभ दिलाने की बात मुख्य थी। शिष्टमंडल मे राजद के प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव, महासचिव मनोहर ठाकुर, भरत यादव, सुरेश कुशवाहा आदि शामिल थे।

### दो जेई ने किया योगदान, चार-चार पंचायतों का मिला प्रभार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड में दो जेई ने पीटीए के रूप में योगदान किया है। योगदान के बाद दोनों को चार-चार पंचायतों प्रभार दिया गया है। बीडीओ सुरज कुमार सिंह ने बताया कि योजना एवं विकास विभाग के जेई दुर्गेश कुमार एवं मंजरूल हक ने पीटीए के रूप में प्रखंड में योगदान किया है। हालाकि प्रखंड में पहले से तीन पीटीए कार्यरत हैं। जिन दो जेई ने योगदान किया है, उन्हें चार चार पंचायत का प्रभार दिया गया है। उन्होंने बताया कि पीटीए दुर्गेश कुमार को डुमरिया, शेरहवा, बरवा बरौली और चमुआ तथा मंजरूल हक को मलदहिया पोखरिया, नौतनवा, भसुरारी एवं बिनवलिया पंचायत का प्रभार दिया गया है। दोनों को पंचायती राज विभाग के नियमानुसार कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

# सांसद कालीचरण मुण्डा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

**बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर सरकारी योजनाओं को ससमय पूर्ण करने एवं दिए गए निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने की कही गई बात**



**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित सभागार में आज खूँटी लोकसभा क्षेत्र के माननीय सांसद श्री कालीचरण मुण्डा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (उळ्ळटउ-उफ्रल्ठअ) की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में तोरपा विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री सुदीप गुड़िया, जिला परिषद अध्यक्ष श्री मसिह गुड़िया, सभी प्रखंड प्रमुख, जन प्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, बीडीओ, सीओ उपस्थित रहे।

बैठक की शुरूआत उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा माननीय सांसद, विधायक एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री श्याम नारायण राम द्वारा पूर्व के बैठक में दिए गए निदेर्शों पर की गई प्रगति की विस्तृत जानकारी साझा की गई। बैठक में माननीय सांसद द्वारा कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई एवं कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुए पूर्व से लंबित प्रधानमंत्री आवास निर्माण को जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ईमली, लेमन ग्रास, साल बीज इत्यादि का प्रोक्योरमेंट सेल द्वारा सरकारी एमएसपी पर खरीद बिक्री एवं प्रोसेसिंग यूनिट के संचालन पर चर्चा हुई। माननीय अध्यक्ष द्वारा जेएसएलपीएस समेत अन्य विभागों को सक्रिय होकर इस दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए गए। भूमि संरक्षण विभाग एवं जल छाजन के तहत बनाए गए तालाबों में मछली पालन को लेकर जिला मत्स्य पदाधिकारी से जानकारी ली गई, जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकारी योजनाओं की सहायता से अधिकांश तालाबों में लाभुकों द्वारा मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। माननीय अध्यक्ष द्वारा वैसे तालाब जहां मछली पालन अब तक प्रारंभ नही किया गया है, उन तालाबों को चिन्हित कर मछ्ली पालन का कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जल छाजन द्वारा बनाए गए तालाब, ट्रेंच कटिंग समेत अन्य का भौतिक निरीक्षण करने हेतु संबंधित प्रखंड प्रमुख को कहा गया। विभिन्न प्रखंडो में संचालित योजनाओं एवं कार्यो की जानकारी स्थानीय जन प्रतिनिधियों को देने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के तहत मुरहू समेत अन्य क्षेत्र में बनाए जाने वाले पुल को लेकर जानकारी ली गई, कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि डीपीआर तैयार कर विभाग को भेजा गया है, जल विभागीय स्वीकृति के पश्चात कार्य प्रारंभ किया जाएगा, वहीं कुछ पुल निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रियाधीन होने की जानकारी दी गई। जल्द विभागीय स्वीकृति के पश्चात निर्माण कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया।

वहीं पथ निर्माण विभाग द्वारा वैसे सड़क या पुल निर्माण कार्य जो काफी समय से लंबित है उन्हें जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के तहत बनाए गए जल मीनार, चापाकल एवं पेयजल की अन्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने को कहा गया। कार्यपालक अभियंता को सख्त हिदायत दिया गया कि वह गुणवत्तापूर्ण तरीके से अपने सभी कार्यो को कराना सुनिश्चित करें, जिससे लोगों को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। गले 1 सप्ताह में खराब पड़े चापाकल, जल मीनार इत्यादि के सुचारू संचालन का निर्देश दिया गया। वैसे जल मीनार जो मामूली तकनीकी समस्या के कारण बंद पड़े है, उन्हें पंचायत और ग्राम स्तर से मुखिया समेत अन्य जन प्रतिनिधियों के माध्यम से ठीक कराने का निर्देश दिया गया। लघु सिंचाई के तहत हर प्रखंड में योजना लेने का निर्देश दिया गया, जिससे ग्रामीणों को लाभ मिल सके। वहीं प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाए जा रहे सड़कों की जानकारी ली गई, कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि गराटोली से चाईबासा तक 18 किलोमीटर का सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, माननीय सांसद द्वारा वर्षा के मौसम से पूर्व सभी निमार्णाधीन सड़कों के निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। जिला सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान सभी लैम्प्स केंद्रों को सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया, जिससे धान खरीद बिक्री में किसानों को समस्या न हो। वहीं खरीदे गए धान की नियमित रूप से भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। भू अर्जन विभाग के तहत जमीन अधिग्रहण के पश्चात मुआवजा भुगतान ससमय करने का निर्देश दिया गया। विद्युत प्रमंडल के तहत खराब पड़े ट्रांसफार्मर को ठीक करने की जानकारी ली गई एवं क्षेत्र में खराब होने वाले ट्रांसफार्मर को अविलंब ठीक करने का निर्देश दिया गया, निर्देशित किया गया कि वैसे टोला या गांव जहां अब तक विद्युतीकरण नही हो पाया है, वैसे क्षेत्रों को चिन्हित कर विद्युतीकरण सुनिश्चित करें। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए अल्पसंख्यक विद्यालयों के शिक्षकों को नियमित वेतन भुगतान करने का निर्देश दिया गया। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय को अपग्रेड करने एवं उच्च विद्यालय कालामाटी को +2 विद्यालय में प्रोन्नत कराने को लेकर समिति की बैठक आयोजित करने को कहा गया। शिक्षक विद्यालयों में प्रतिदिन समय पर उपस्थित रहे यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए क्षेत्र में ड़ेंगू की रोकथाम को लेकर दवा का छिड़काव कराने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। अस्पतालों में रोएस्टर अनुसार उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। तोरपा अस्पताल में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया। उपलब्ध एम्बुलेंस का संचालन भी अच्छे से करने को कहा गया, जिससे मरीजों को समस्या न हो। एनएचएआई की समीक्षा करते हुए पिपरा टोली सड़क चौड़ीकरण, खूँटी बाईपास सड़क निर्माण समेत अन्य की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित कार्यपालक अभियंता को दिया गया। हाथियों के झुंड द्वारा आय दिन ग्रामीणों पर किए जा रहे हमले एवं उनके घरों को किए जा रहे छतिग्रस्त को लेकर भी वन प्रमंडल पदाधिकारी संग विचार विमर्श कर इसे रोकने को लेकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं राजस्व विभाग की समीक्षा के क्रम में रेवेन्यू कैम्प के विषय पर अपर समाहर्ता द्वारा बताया गया कि सभी अंचल कार्यालय में बुधवार को रेवेन्यू कैम्प का आयोजन कर दाखिल खारिज समेत अन्य कार्य किया जा रहा है। जिससे ससमय आमजनों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। वहीं विभिन्न अंचलों में लंबित आवेदन के नियम संगत एवं ससमय निष्पादन का निर्देश दिया गया। खेल विभाग की समीक्षा करते हुए रानिया में स्टेडियम निर्माण की जानकारी ली गई। कोचांग में भी मिनी स्टेडियम निर्माण को लेकर जल्द अग्रेतर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। जिससे जिले में खेल प्रतिभा को और बढ़ावा दिया जा सके।पंचायतीराज विभाग की समीक्षा करते हुए पंचायत भवनों में मुखिया, वार्ड प्रधान, पंचायत सचिव समेत अन्य के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिससे पंचायतों को पूरी तरह से क्रियाशील कर आमजनों की समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर से सुनिश्चित कराई जा सके। बैठक के अंत में उपायुक्त द्वारा माननीय सांसद व माननीय विधायक को आश्वस्त किया गया कि बैठक में प्राप्त निदेर्शों का अनुपालन सभी पदाधिकारियों द्वारा अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाएगा। माननीय सांसद एवं माननीय विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धनयवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

# अपने अंदर अच्छे संस्कार व दिव्य गुणों को धारण कर समाज हित में करें बेहतर काम : अजय तिवारी

**लेस्लीगंज प्रखंड के कोर्ट खास में मनी भगवान परशुराम की जयंती**



**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में मंगलवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर लेस्लीगंज के कोट खास स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

ब्राह्मण समाज के लोगों ने भगवान परशुराम जी की विधिवत पूजा अर्चना की। मुख्य अतिथि महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने भगवान परशुराम जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। साथ ही पूजा व आरती कर समारोह का उद्घाटन किया। समारोह की अध्यक्षता महासभा के लेस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष जयराम तिवारी व संचालन नरेंद्र मिश्रा ने किया। महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजय तिवारी ने ब्राह्मण समाज के लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। व्यास प्रेम गिरी व अंकू राय ने भजन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भगवान परशुराम के जयघोष से वातावरण गूंज रहा था। मुख्य अतिथि महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा कि गौरव की बात है कि सभी भगवान परशुराम के वंशज हैं। उनके जीवन दर्शन से सीख लेकर अपने अंदर अच्छे संस्कार, दिव्य गुणों को धारण कर समाज हित में काम करें।

उन्होंने महासभा के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों व समस्याओं को दूर करने के लिए सबकी जागरूकता व एकजुटता पर बल दिया। कहा कि संस्कार, संस्कृति व संस्कृत के विकास के लिए अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दें। उन्होंने भगवान परशुराम के जीवन दर्शन से सीख लेते हुए समाज हित में काम करने की जरूरत बताई।

उन्होंने भगवान परशुराम के मंदिर निर्माण व भागवत कथा के आयोजन पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि चतरा सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि समाज का हित सर्वोपरि है। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने ब्राह्मणों को सनातन धर्म, ज्ञान, संस्कृति व दर्शन का वाहक बताया। कहा कि भगवान परशुराम जी के जीवन दर्शन से सीख लेने की जरूरत है। मुरारी शरण शुक्ला ने कहा कि कुरीतियों का त्याग कर सुंदर समाज के निर्माण में सबको सक्रिय भागीदारी निभाने की आवश्यकता है। बदलते परिवेश में समाज के लोगों को एकजुट होना चाहिए। महासभा के उपाध्यक्ष सीताराम दुबे ने कहा कि सकारात्मक सोच,आपसी समन्वय एवं सुसंस्कार का विकास होना चाहिए। वक्ताओं ने भगवान परशुराम के महान व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। जयंती के अवसर पर भंडारा हुआ व श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश तिवारी, सुरेन्द्र शुक्ला, नीलकंठ गिरी, कृष्णकांत दुबे, सुरेश पाठक, हीरानंद पाठक, नवीन पांडेय, परशुराम गिरी, श्याम बिहारी दूबे, सत्यप्रकाश पांडेय, जयनन्दन तिवारी, राजेंद्र राय, पवन तिवारी, अक्षय तिवारी सहित काफी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग शामिल थे।

# उपायुक्त ने कदमा स्थित कटहल प्रोसेसिंग यूनिट का किया निरीक्षण

**● कटहल प्रोसेसिंग से बने उत्पादन को बढ़ाने को लेकर संबंधित एफपीओ को दिए आवश्यक निर्देश**

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने आज कदमा स्थित कटहल प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यूनिट में उत्पादित वस्तुओं की गुणवत्ता, उत्पादन प्रक्रिया एवं विपणन प्रणाली की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त



ने नए बृष्टि ग्रीन फार्मर महिला एफपीओ को बेहतर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। साथ हीं उन्हें कटहल प्रोसेसिंग से बने उत्पादन में वृद्धि एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादों के निर्माण हेतु प्रेरित किया। उपायुक्त ने कहा कि विगत वर्ष 45 टन कटहल का प्रोसेसिंग कर कैनिंग, चिप्स एवं आटा तैयार किया गया था।

कटहल का सीजन प्रारंभ हो चुका है, इस वर्ष कटहल प्रोसेसिंग में और वृद्धि करें और इसे 65 टन तक पहुंचाने का प्रयास करें। उपायुक्त ने एफपीओ किसानों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से न केवल कृषि क्षेत्र को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि स्थानीय उत्पादों को भी नया बाजार मिल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा ताकि किसान आत्मनिर्भर बन सकें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। उल्लेखनीय है कि यहां निर्मित उत्पादों की बिक्री न केवल ऑनलाइन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जैसे एमेजॉन के माध्यम से की जा रही है, बल्कि ऑफलाइन माध्यम से भी विभिन्न राज्यों में इनकी खपत हो रही है। यह स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निरीक्षण के दौरान जिला उद्यान पदाधिकारी श्री महेश राम, उप परियोजना निदेशक (आत्मा) अमरेश कुमार, कार्यकारिणी एजेंसी एडुकेटर एक्स्ट्रा ऑर्डिनर की तकनीकी टीम, बृष्टि ग्रीन फार्मर महिला एफपीओ के सदस्यगण समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# महिला संवाद के दौरान जीविका दीदियों ने उठाई स्थानीय समस्या

**रघुनाथपुर/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के चकरी पंचायत के जयजोरी गांव स्थित राजकीय उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय परिसर में अनमोल जीविका महिला ग्राम संगठन एंव खुजवाँ पंचायत के नौंवाडीह गांव में बंधन जीविका महिला ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम के दूसरा दिन मंगलवार को आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड परियोजना पदाधिकारी अशोक कुमार एंव छाया जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ चकरी की अध्यक्ष नीतू देवी,सचिव किरण देवी कोषाध्यक्ष सुनीता देवी ने संयुक्त रूप से दिपप्रज्ज कर किया। जिस दौरान बिहार सरकार की ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महिलाओं के आर्थिक एंव सामाजिक सशक्तिकरण हेतु योजनाओं की जानकारी चल चित्र के मध्य से जीविका दीदियों की जानकारी दी गई। वही इस दौरान जयजोरी में जीविका दीदियों द्वारा अपने पत्र के माध्यम से जनसमस्याओं को उठाई गई। जिनमें सर्व प्रथम हरपालपुर से श्री जटाहवा बाबा तक जर्जर सड़क को बनाने की



मांग उठाई गई।वही गांव पेंशन की राशि बढ़ाई जाए, गांव में विवाह भवन, अपना जीविका भवन, सहती अन्य समस्याएं से पत्र के माध्यम से जीविका दीदियों ने अवगत कराई गई। वही नौंवाडीह गांव में महिला संवाद जीविका दीदियों ने चकरी बाजार में सार्वजनिक शौचालय, पंचायत के वार्ड में भी सार्वजनिक शौचालय की मांग किया। एंव अन्य समस्याओं से गवगत कराई गई।इस दौरान प्रखंड परियोजना पदाधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं की उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं का उनतक लाभ पहुचाने की लिए इस प्रकार की शिविर के माध्यम से जीविका दीदियों को जानकारी दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जीविका से महिला जुड़ कर अपनी समृद्ध की ओर बढ़ रही हैं। ऐप के जरिये महिला की मांग भरी जा रही हैं। इस मौके पर अमरेश कुमार, सौरव कुमार , चिरंजीवी सिंह, वरुण कुमार, पंकज कुमार, किरण देवी, पूनम देवी , सुन्दर लाल पासवान, रिकू देवी सहित अन्य जीविका दीदी सहती कर्मी मौजूद थे।

# समाज को सही दिशा देने के लिए धर्म जागरण बहुत जरूरी :सतेंद्र भारती

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के मेहंदार स्थित एक निजी भवन में मंगलवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले भगवान परशुराम के तैलचित्र को फूल मालाओं से सजाया गया। उसके बाद भगवान परशुराम की आरती की गई। इस दौरान सभी ने भगवान परशुराम के जयकारे लगाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह जदयू प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र भारती ने भगवान श्रीपरशुरामजी के जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा की धर्म जागरण बहुत जरूरी है। समाज को इससे दिशा मिलती है और इसकी रक्षा करने का कर्तव्य आने वाली युवा पीढ़ी का है।कमलदेव तिवारी ने कहा अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। इस दिन युगादि तिथियों की गणना



होती है। ब्राह्मण समाज सदैव से सकल समाज का पथ प्रदर्शक रहा है। समाज को आगे भी इसी भूमिका का निर्वहन करना है।उन्होंने कहा अत्याचार के खिलाफ भगवान परशुराम ने अपनी आवाज बुलंद की।राष्ट्रीय एथलीट विकास सिंह ने कहा कि नई पीढ़ी के लिए भगवान परशुराम का जीवन अनुकरणीय है। युवाओं को उनसे सीख लेनी चाहिए। जब धरती पर कुछ राजाओं का अत्याचार अन्याय बढ़ गया था, तब भगवान परशुराम ने हथियार उठाकर उनका संहार किया था। मंच का संचालन कांग्रेस नेता अजीत उपाध्याय ने किया।मौके पर सचीन पांडेय,सागर पांडेय, महेंद्रानाथ मंदिर के प्रधान पूजारी तारकेश्वर उपाध्याय, नीरज उपाध्याय, रूपक दुबे, अमीत मिश्रा, सुरेश पांडेय, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सारण्य महोत्सव के तत्वावधान में दानवीर भामाशाह की जयंती समारोह पूर्वक मनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** सारण्य महोत्सव के तत्वावधान में दानवीर शिरोमणि भामाशाह की जयंती मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत दानवीर भामाशाह के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पण के साथ हुई। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए सारण्य महोत्सव महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने कहा कि मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम व अद्वितीय दानवीरता के लिए भामाशाह इतिहास में अमर हैं। उन्होंने महाराणा प्रताप को कठिन समय में सम्पूर्ण धन-संपदा समर्पित कर मेवाड़ की अस्मिता की रक्षा में निर्णायक भूमिका निभाई। भामाशाह ने दिल्ली गद्दी के प्रलोभन को ठुकरा कर मातृभूमि की सेवा को प्राथमिकता दी। सारण्य महोत्सव अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज ने भामाशाह को त्याग व आत्म



सम्मान का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनका जीवन देशभक्ति, संस्कृति व सेवा का प्रेरणास्त्रोत है। आज भी किसी महान दानदाता को भामाशाह कहकर सम्मानित किया जाता है। शिक्षाविद रामदयाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भामाशाह का जन्म 29 अप्रैल 1547 को रणथम्भौर में हुआ था। वे मेवाड़ के राजा के विश्वस्त सलाहकार थे और उन्होंने संग्रहण की प्रवृत्ति से दूर रहकर समाज को सेवा का मार्ग दिखाया। उन्होंने कर्ण की तरह दानवीरता का परिचय दिया। डॉ सम्पूर्णा नन्द सिंह ने कहा कि भामाशाह ने केवल पूर्वजों की संपत्ति ही नहीं, बल्कि स्वयं अर्जित विपुल धनराशि भी राष्ट्र सेवा में अर्पित कर दी।

# पांकी पुलिस ने लूट कांड की घटना में संलिप्त तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**मेदिनीनगर (पलामू)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पांकी थाना पुलिस ने लूटकांड की घटना में संलिप्त तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर मंगलवार की दोपहर जेल भेज दिया है। पलामू पुलिस ने बताया कि 24 अप्रैल को विकास कुमार राम के लिखित आवेदन के आधार पर पांकी थाना कांड संख्या 51/2025 दर्ज किया गया था ।इसमें कांड के वादी को डरा धमकाकर व चाकू दिखाकर दो मोबाइल फोन, नगद 7 हजार रुपए व स्विफ्ट कार की चाबी लूट लिया गया।



अनुसंधान के क्रम में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निदेर्शानुसार पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। कांड अनुसंधान के क्रम में कांड में लूटा गया दो मोबाइल फोन व 800 रूपए के साथ कांड में संलिप्त तीन अपराध कर्मियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त में जोल्हाबीघा गांव के मोहम्मद सदिक अंसारी का 25 वर्षीय पुत्र मो. शमशाद अंसारी, गड़गांव गांव के अली मोहम्मद मियां का 22 वर्षीय पुत्र मो. हुसैन आलम उर्फ सोनम आलम गड़गांव के ही कलाम मियां का 25 वर्षीय पुत्र मोहम्मद इमाम आलम उर्फ कारू को गिरफ्तार किया गया। मोहम्मद शमशाद अंसारी पर पूर्व में भी पांकी थाना व पिपराटांड़ थाना में तीन मामले दर्ज हैं। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक पूनम टोप्पो, थाना प्रभारी राजेश रंजन, संतोष गिरी, श्याम भगत सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

रोजगार बाजार में सुधार

## नौकरियों के आवेदन 30 फीसदी बढ़े, महिलाओं की अच्छी हिस्सेदारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेशेवर नेटवर्किंग मंच अपना की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी-मार्च तिमाही में नौकरी के रिकॉर्ड 1.81 करोड़ आवेदन आए ।यह आंकड़ा सालाना आधार पर 30 फीसदी अधिक है। यह भारत के बढ़ते आर्थिक आशावाद और सभी क्षेत्रों में डिजिटल माध्यम से भर्ती में उछाल को बताता है। इसके अलावा, लचीले कामकाज, समावेशी भर्ती प्रक्रिया और मझोले-छोटे शहरों में भी रोजगार के अवसर बढ़ने से कार्यबल में



महिलाओं की संख्या बढ़ी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च तिमाही में महिलाओं के आवेदन सालाना आधार पर 23 फीसदी बढ़कर 62 लाख से अधिक रहे। यह वृद्धि चंडीगढ़, इंदौर और जमशेदपुर जैसे टियर-2 और टियर-3 शहरों में सबसे अधिक देखने को मिली। हाल ही में पढ़ाई पूरी करने वाले युवाओं (फ्रेशर्स) ने मार्च तिमाही में 66 लाख से अधिक आवेदन किए, जो एक साल पहले की तुलना में 46 फीसदी अधिक है ।इस बीच, नियोक्ताओं की ओर से 3.1 लाख पदों के लिए आवेदन मंगाए गए, जो सालाना आधार पर 26 फीसदी अधिक है।

## सेबी ने 4 निदेशकों पर बाजार में कारोबार करने पर रोक लगाई

- जब्त होगी 3.22 करोड़ की अवैध कमाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑर्डर स्पूफिंग हेराफेरी में शामिल होने के कारण बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने स्टॉक ब्रोकिंग कंपनी पटेल वेल्थ एडवाइजर्स (पीबीडब्ल्यूएए) और इसके 4 निदेशकों पर बाजार में कारोबार करने पर रोक लगा दी। इनमें देनिश महेशभाई पटेल, मितुल उमेदलाल वोरा, कौशल वसंतराय पटेल और मिनीश महेशभाई पटेल शामिल हैं।

सेबी ने निदेशकों के 3.22 करोड़ रुपये की अवैध कमाई जब्त करने का भी आदेश दिया है। कंपनी पर 621 मामलों में ऑर्डर स्पूफिंग कर शेयरों की कीमतों में हेरफेर करने का आरोप है। बता दें कि ऑर्डर स्पूफिंग में कोई ट्रेडर्स जानबूझकर ऐसा ऑर्डर देता है, जिसे वह निपटाने से पहले ही निरस्त कर देता है और उसी समय दूसरी तरफ ट्रेड करता है।

**बाजार में कीमतों में उतार-चढ़ाव से मुनाफा कमाया, लोगों को किया गुमराह**

सेबी के होल-टाइम मेंबर कमलेश वार्ष्णेय ने 41 पेज के आदेश में कहा, पटेल वेल्थ एडवाइजरों ने इसका इस्तेमाल दूसरों को गुमराह करने और बाजार में कीमतों में उतार-चढ़ाव से मुनाफा कमाने के लिए किया। इसने बाजार की कीमतों में अव्यवस्था पैदा की और बाजार को कमजोर किया।

### क्या है ऑर्डर स्पूफिंग

ऑर्डर स्पूफिंग एक अवैध व्यापार गतिविधि है, जिसमें शेयरों के बड़े पैमाने पर खरीद या बिक्री के ऑर्डर दिए जाते हैं। ऑर्डर को निष्पादन से पहले रद्द करने का इरादा होता है, जबकि साथ ही ऑर्डर बुक के विपरीत पक्ष पर व्यापार निष्पादित किए जाते हैं। इस तरह के ऑर्डर को स्पूफ साइड कहा जाता है, और इसमें शामिल व्यापारी को स्पूफर के रूप में जाना जाता है।

### सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद

# अक्षय तृतीया पर खरीदारी की उम्मीद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अक्षय तृतीया के अवसर पर सोने की कीमतें अपने उच्च स्तर पर बनी हुई है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों में सोने की कीमतों में काफी गिरावट भी आई, जिसका मुख्य कारण मुनाफाखोरी और अमेरिकी डॉलर में नए सिरे से दिलचस्पी का उभरना रहा। ज्वेलर्स और उद्योग जगत का कहना है भारतीय उपभोक्ता इस अक्षय तृतीया पर कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद सोना खरीदना जारी रखेंगे। खरीदार अपनी आवश्यकता अनुसार आभूषण ले रहे हैं। वे कम वजन के आभूषणों से लेकर गोल्ड ईटीएफ, डिजिटल सोना ओर सिक्के सहित बार व सोने के विभिन्न रूपों में खरीदारों ने मजबूत रुचि दिखा रहे हैं। ज्वेलर्स का यह भी कहना है कि उपभोक्ता अक्षय तृतीया यानी 30 अप्रैल 2025 को सोने की कीमतों को देखकर भी खरीदारी का फैसला ले सकते हैं।

**ऊंची कीमतों के बावजूद सोने के प्रति लोगों की भावना मजबूत-** पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक सौरभ गाडगिल ने अमर उजाला डॉटकॉम को बताया कि सोने में रिकॉर्ड कीमतों के बाद भी, निवेश वर्ग और समृद्धि के प्रतीक के रूप में सोने के प्रति उपभोक्ताओं की भावना मजबूत बनी हुई है। हमें अक्षय तृतीया पर सोने की बिक्री बढ़ने की उम्मीद है, हालांकि उच्च कीमतें पिछले साल की तुलना में वॉल्यूम वृद्धि को कम कर सकती हैं, लेकिन हमें उम्मीद हैं कि मूल्य के संदर्भ में वृद्धि से इसकी भरपाई हो जाएगी। हम बिक्री पर फिलहाल कोई दबाव नहीं देख रहे हैं। इससे अलग सोने को सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश के रूप में देखा जाता रहा है, खासकर वैश्विक अनिश्चितताओं को देखते हुए। उनका कहना है हम इस त्योहारी सीजन में मजबूत बिक्री की उम्मीद करते हैं। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलरी एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुमार जैन बताते हैं कि फिलहाल सिक्के और बार में बुकिंग काफी समय पहले से हो चुकी है। लेकिन पिछले साल की तुलना में यह काफी कम है। बावजूद इसके अक्षय तृतीया पर बिक्री उम्मीद है। झवेरी बाजार के बीडी बैंगल्स के श्रेयस कोठारी कहते हैं, इस अवसर पर ग्राहक वर्ग शुभता व पारंपरिक खरीदारी के लिए खरीदारी करेंगा ऐसी हमें उम्मीद है। सोने की कीमतें अधिक होने की वजह से



यह खरीदारी हल्के गहनों, पुराने देकर नया आभूषण लेने, कम ग्राम के सोने के सिक्कों की होगी। लेकिन यह पिछले साल की तुलना में कम रहने की संभावना है। इसलिए हम गहनों की बनवाई पर छूट दे रहे हैं और कई तरह के ऑफर ग्राहकों के लिए पेश किए हैं।

### जनवरी से अब तक वैश्विक कीमतों में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के क्षेत्रिय सीईओ, भारत सचिन जैन कहते हैं, यह साल सोने के लिए महत्वपूर्ण रहा है, जनवरी से अब तक वैश्विक कीमतों में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। घरेलू बाजार में भी सोने की कीमतों ने एक लाख रुपये प्रति दस ग्राम का ऐतिहासिक उच्च स्तर छुआ और इससे उपभोक्ताओं का विश्वास मजबूत हुआ। उनका कहना है कि सुरक्षित निवेश, अच्छे रिटर्न और पारंपरिक वजहों से सोने में उतार-चढ़ाव के बाद भी इस अक्षय तृतीया पर खरीदारी होगी। उन्होंने बताया कि उद्योग की प्रतिक्रिया से पता चलता है कि उच्च कैरेट के सोने के आभूषण, गोल्ड ईटीएफ, डिजिटल सोना ओर सिक्के सहित बार व सोने के विभिन्न रूपों में खरीदारों ने मजबूत रुचि है दिखा रहे हैं। टैरिफ से जुड़ी समस्याओं के बावजूद सोने के आभूषण खुदरा विक्रेताओं के पास पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और वे खरीदारी को लेकर भी आशावादी हैं, क्योंकि त्योहारों के साथ शादी ब्याह का सीजन भी शुरू हो रहा है।

### बाजार के विशेषज्ञों की राय

कोटक सिक्योरिटीज के करेंसी, कमोडिटी एंव ब्याज दरें वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रिसर्च हेड अनिंद्य बनर्जी कहते हैं, पिछले चार महीनों में सोने की कीमतों में 25 से 30 प्रतिशत की तेजी ने रिटेल मांग को कम कर दिया है। लगातार उच्च स्तर पर बनी हुई सोने की कीमतें सामान्य खरीदारी को प्रभावित कर रही हैं। वे कहते है ऐतिहासिक रूप से रिटेल बिक्री कीमतों के स्थिर होने पर फिर से शुरू होती हैं, इसलिए इस अक्षय तृतीया पर सोने की मांग सामान्य से कम हो सकती है। हलांकि एक बार कीमतें स्थिर या फिर कम हो जाने के बाद हम उम्मीद करते हैं कि रिटेल मांग में वृद्धि होगी। भविष्य में सोने की कीमतों के बढ़ने या फिर घटने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सोने में निकट भविष्य में कुछ समेकन (कंसॉलिडेशन) और सुधार (करेक्शन) देखने को मिल सकता है, क्योंकि व्यापार युद्ध को लेकर घबराहट के कारण तेजी से कीमतों बढ़ोतरी हुई है।

### सोने की कीमतों गिरावट की भविष्यवाणी बेहद मुश्किल

सौरभ गाडगिल ने कहा इस समय सोने की कीमतों में सुधार की भविष्यवाणी करना बेहद मुश्किल है। हम ऐसे दौर में हैं जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था अभी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। इसलिए सोने में निवेश सुरक्षित विकल्प है, जो इसकी मांग को बढ़ावा देगा। कोटक महिंद्रा एएमसी के फंड मैनेजर सतीश डोंडापति कहते हैं, पिछले कुछ दिनों में सोने की कीमतों में काफी गिरावट भी आई, जिसका मुख्य कारण मुनाफाखोरी और अमेरिकी डॉलर में नए सिरे से दिलचस्पी का उभरना रहा है। अल्पावधि में आगे बढ़ते हुए सोने की कीमतें आनेवाले आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगी, जिसमें अमेरिकी मुद्रास्फीति और रोजगार के आंकड़े शामिल हैं, जो ब्याज दरों पर फेडरल रिजर्व के रुख को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण होंगे।

## 12 प्रमुख बैंकों में से 11 का टोल प्लाजा पर अटक जाता है फास्टैग का ट्रांजैक्शन




**नईदिल्ली, एजेंसी।** देशभर में सफर के दौरान लोगों को टोल प्लाजा पर लंबे जाम का सामना करना पड़ रहा है। इसकी बड़ी वजह बैंकों द्वारा जारी फास्टैग का सही से काम न करना है। फास्टैग वॉलेट में पर्याप्त धनराशि होने के बावजूद तकनीकी या अन्य गड़बड़ी से पैसा नहीं कटता, जिस कारण टोल बैरियर नहीं खुलता है। आंकड़ों से पता चला है कि 12 प्रमुख बैंकों में से सिर्फ एक बैंक का फास्टैग का ट्रांजैक्शन सही समय पर शत प्रतिशत पूरा हुआ। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के आंकड़ों को देखें तो मार्च 2025 में एचडीएफसी बैंक से जारी फास्टैग के सभी लेनदेन (ट्रांजैक्शन) पूरी तरह से पूर्ण हुए। यह आंकड़ा 100 फीसदी रहा। किसी भी लेनदेन को तकनीकी या अन्य किसी व्यावसायिक कारण के चलते खारिज नहीं किया गया।

### सबसे अधिक इन्हों ने किया परेशान

इसके उलट आईडीबीआई, यस बैंक और एयरटेल पेमेंट बैंक के लेन-देन सबसे ज्यादा खारिज किए गए। देश में लेनदेन संख्या के आधार पर आईसीआईसीआई बैंक पर सबसे ज्यादा दबाव है,लेकिन उसका रिकॉर्ड फिर भी काफी बेहतर है। इस मामले में 'हिन्दुस्तान' की ओर से तीनों बैंकों को ई-मेल भेजकर जवाब भी मांगा गया लेकिन किसी भी बैंक की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया।

### लोगों के लिए परेशानी का बड़ा कारण

ट्रांजैक्शन फेल होने की स्थिति में कई बार बैरियर नहीं खुलता है। ऐसी स्थिति में वाहन चालक दिखाते हैं कि उनके फॉस्टैग वॉलेट में पर्याप्त धनराशि है, लेकिन टोल कर्मियों का तर्क होता है कि उन्हें धनराशि होने से मतलब नहीं है।

उनके सिस्टम में फास्टैग स्कैन हो जाए और पर्याप्त धनराशि कट जाए, तभी वह टोल प्लाजा से निकल सकते हैं। इस हालात में किसी लेन में 10 वाहन खड़े हैं और एक वाहन के साथ फास्टैग से जुड़ी समस्या होती है तो थोड़ी से देर में वहां वाहनों की लंबी कतार लग जाती है।

### फेल होने प्रमुख कारण

- सबसे ज्यादा ट्रांजैक्शन व्यावसायिक कारणों के चलते खारिज किए गए। इनमें डुप्लिकेट लेनदेन या फास्टैग आईडी का जारीकर्ता बैंक से संबद्ध न होना प्रमुख कारण रहा।
- इसके बाद, तकनीकी आधार पर ट्रांजैक्शन फेल या रिजेक्ट किए गए। इसमें फास्टैग में बैंक आईडी खाली होने या उसकी जानकारी सही प्रारूप में उपलब्ध न होने भी कारण रहा। फास्टैग का कोड डेटाबेस में उपलब्ध नहीं होना भी एक कारण रहा।

## 1 लाख रुपये के बनाए 33 लाख रुपये, नवरत्न कंपनी ने 5 साल से कम में किया मालामाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नवरत्न कंपनी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने पांच साल से भी कम में निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयरों ने पांच साल से कम में 1 लाख रुपये के निवेशकों को 33 लाख रुपये से ज्यादा बना दिया है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर इस अवधि में 84 रुपये से बढ़कर 2700 रुपये के पार पहुंच गए हैं। कंपनी अपने शेयरों का भी बंटवारा कर चुकी है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 2929.98 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 1046 रुपये है।

**1 लाख रुपये के ऐसे बना दिए 33 लाख रुपये से ज्यादा-** मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर पिछले पांच साल से कम में 3216 पर्सेंट उछल गए हैं। नवरत्न कंपनी के शेयर 16 अक्टूबर 2020 को 84.03 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 28 अप्रैल 2025 को बीएसई में 2787.10 रुपये पर बंद हुए हैं। अगर किसी व्यक्ति ने 16 अक्टूबर 2020 को मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में 1 लाख रुपये से खरीदे गए शेयरों की वैल्यू 33.16 लाख रुपये होती। शिपिंग इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स का मार्केट कैप 1,12,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है।

MAZAGON DOCK SHIPBUILDERS LIMITED

हमने अपने कैलकुलेशन में कंपनी की तरफ से दिए गए डिविडेंड को नहीं जोड़ा है।

**शेयरों का बंटवारा कर चुकी है कंपनी-** मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स अपने शेयरों का भी बंटवारा (स्टॉक स्प्लिट) कर चुकी है। कंपनी ने अपने शेयरों को दो टुकड़ों में बांटा है। नवरत्न कंपनी ने दिसंबर 2024 में 10 रुपये फेस वैल्यू वाले शेयर को 5 रुपये फेस वैल्यू वाले 2 शेयरों में बांटा है।

### 3 साल में शेयरों में 1753 प्रतिशत की तूफानी तेजी

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयरों में पिछले तीन साल में 1753 पर्सेंट का जबरदस्त उछाल आया है। नवरत्न कंपनी के शेयर 29 अप्रैल 2022 को 150.35 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 28 अप्रैल 2025 को 2787.10 रुपये पर बंद हुए हैं। अगर पिछले दो साल की बात करें तो मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयरों में 639 पर्सेंट की तेजी आई है। पिछले एक साल में कंपनी के शेयर करीब 135 पर्सेंट उछल गए हैं।

## दहाड़ रहा डिफेंस शेयर, 1200 रुपये के पहुंचा पार, शेयर बांटने की है तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज का शेयर रॉकेट सा उड़ रहा है। डिफेंस कंपनी का शेयर मंगलवार को बीएसई में 7 पर्सेंट से अधिक उछलकर 1234 रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी की बोर्ड बैठक बुधवार 30 अप्रैल को होनी है, उससे ठीक पहले शेयरों में यह तेजी आई है। कंपनी बोर्ड मीटिंग में शेयरों के बंटवारे (स्टॉक स्प्लिट) के साथ डिविडेंड का ऐलान कर सकती है। पिछले एक महीने में पारस डिफेंस के शेयरों में 26 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है।

Paras

**दो साल में 125 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए हैं कंपनी के शेयर-** पारस डिफेंस के शेयर पिछले दो साल में 125 प्रतिशत से अधिक चढ़ गए हैं। एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री से जुड़ी इस कंपनी के शेयर 28 अप्रैल 2023 को 540.55 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 29 अप्रैल 2025 को 1234 रुपये पर पहुंच गए हैं। अगर पिछले एक साल की बात करें तो कंपनी के शेयरों में 70 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। पारस डिफेंस के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1592.75 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 681.95 रुपये है।

### 175 रुपये पर आया था कंपनी का आईपीओ

पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 21 सितंबर 2021 को खुला था और यह 23 सितंबर तक ओपन रहा। आईपीओ में डिफेंस कंपनी के शेयर का दाम 175 रुपये था। कंपनी के शेयर 1 अक्टूबर 2021 को बीएसई में 475 रुपये पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग वाले दिन ही पारस डिफेंस के शेयर उछाल के साथ 498.75 रुपये पर जा पहुंचे। पारस डिफेंस का आईपीओ टोटल 304.26 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 112.81 गुना सब्सक्राइब हुआ। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स कैटेगरी में 927.7 गुना सब्सक्रिप्शन मिला।

### डानी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 2 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी आई

# कंपनी को अमेरिका में जांच में क्लीन चिट मिली

- मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा 24 प्रतिशत बढ़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गौतम अडानी की कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर में मंगलवार को तेजी आ गई। इस कंपनी के शेयर में तेजी आने के कई कारण रहे। पहला, कंपनी को वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में जबरदस्त प्रॉफिट हुआ है। दूसरा कारण है कंपनी को अमेरिका में हुए मामले में क्लीन चिट मिलना। कंपनी के शेयर सोमवार को 940.20 रुपये पर बंद हुए थे। मंगलवार को यह दो फीसदी से ज्यादा की तेजी के साथ 960.90 रुपये पर खुले। हालांकि बाद में इसके शेयर में कुछ गिरावट भी आई। मंगलवार सुबह 9:30 बजे इसके शेयर 0.39 फीसदी की तेजी के साथ 943.85 रुपये पर कारोबार कर रहे थे।

### अमेरिकी मामले में क्लीन चिट

अमेरिका में गौतम अडानी और अडानी ग्रीन के कुछ बड़े अधिकारियों पर रिश्वत देने का आरोप लगा था। कहा गया था कि उन्होंने पावर कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए 265 मिलियन डॉलर की रिश्वत दी। अडानी ग्रीन ने कहा है कि इस मामले की जांच में उन्हें कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। कंपनी ने खुद यह जांच करवाई थी। नवंबर में अमेरिकी अधिकारियों ने गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और मैनेजिंग डायरेक्टर विनीत एस जैन पर आरोप लगाया था। आरोप था कि उन्होंने भारत में बिजली सप्लाई




के कॉन्ट्रैक्ट पाने के लिए रिश्वत दी और अमेरिका के निवेशकों को गुमराह किया। अडानी ग्रुप ने इन आरोपों को गलत बताया था। कंपनी ने जनवरी में कुछ स्वतंत्र लॉ फर्मों को इस मामले की जांच करने के लिए कहा था। अडानी ग्रीन ने बताया कि जांच के बाद कंपनी के मैनेजमेंट ने यह निष्कर्ष निकाला है कि उन्होंने और उनकी सहायक कंपनियों ने सभी कानूनों का पालन किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उन्हें नहीं लगता कि अमेरिका में चल रहे इस मामले का कंपनी पर कोई बुरा असर पड़ेगा।

### कंपनी को कितना हुआ प्रॉफिट

कंपनी को मार्च तिमाही में पिछले साल के मुकाबले इस साल 24 प्रतिशत ज्यादा मुनाफा हुआ है। इस तिमाही में कंपनी का मुनाफा 383 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी तिमाही में यह 310 करोड़ रुपये था। क्यू4 एफवाय25 में कंपनी की कमाई 3,073 करोड़ रुपये रही। यह पिछले साल के मुकाबले 22 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी की कमाई 2,527 करोड़ रुपये थी। अगर पिछली तिमाही से तुलना करें तो कंपनी का मुनाफा 19 प्रतिशत कम हुआ है। पिछली तिमाही में कंपनी का मुनाफा 474 करोड़ रुपये था। लेकिन, कंपनी की कमाई 31 प्रतिशत बढ़ी है। पिछली तिमाही में कंपनी की कमाई 2,340 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने अन्य स्रोतों से 214 करोड़ रुपये भी कमाए हैं। इससे कंपनी की कुल कमाई 3,278 करोड़ रुपये हो गई है। पिछली तिमाही में यह 2,636 करोड़ रुपये और पिछले साल इसी तिमाही में 2,841 करोड़ रुपये थी।

### 10 साल पुरानी है कंपनी

अडानी ग्रीन एनर्जी साल 2015 में शुरू हुई थी। यह एक बड़ी कंपनी है, जिसका बाजार पूंजीकरण 1,50,253.40 करोड़ रुपये है। यह पावर सेक्टर में काम करती है। कंपनी भारत की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनियों में से एक है। इसके पास अभी 21,953 मेगावाट की परियोजनाएं हैं।

12_16.12.2018 PAGE-04.qxd 29-04-2025 22:09 Page 1



# झीमड़ी गांव के सभी पुरूष हुए फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरायकेला-नीमडीह।** झारखंड के नीमडीह के झीमड़ी में शनिवार को आगजनी, तोड़फोड़, पथराव के आरोप में आठ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 20 लोगों के खिलाफ नामजद व करीब सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ नीमडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज की है।

पुलिस ने तीन महिलाओं को भी जेल भेज दिया है। नीमडीह पुलिस झीमड़ी गांव के ग्रामीणों के घर जा रही है और घटना में शामिल लोगों को उठाने की काम कर रही है। इसके बाद से गांव में सन्नाटा पसर गया है। पुरुष गांव छोड़कर फरार हो गए हैं। घर में सिर्फ महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग ही रह गए हैं। पीड़िता के धर्मांतरण के बाद गांव का माहौल बदल रहा था। इससे पहले की ग्रामीण उग्र होते पुलिस ने पुरुषों को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया।

रात में भी पुलिस गांव में गश्ती कर रही है। पुलिस का खौफ इस कदर ग्रामीणों में समाया है कि वे लोग घर छोड़कर फरार हो गए हैं। पथराव व तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने दर्जन भर लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी।

रविवार की शाम झिमड़ी गांव के खितीश कुमार, गंभीर प्रमाणिक, सीमांत महतो, हिमांशु महतो व क्रांति महतो को

## ▶ धर्मांतरण के बाद गांव का महौल बदला, बल तैनात

## ▶ गांव में पसरा सन्नाटा, सिर्फ महिलाएं एवं बच्चे बचे शेष

पीआर बांड में पुलिस ने छोड़ दिया है। पीड़िता का सोमवार को चांडिल कोर्ट में 164 का बयान दर्ज किया गया है। मेडिकल जांच की प्रक्रिया की जा रही है। पीड़िता के साथ उसकी मां व ग्राम प्रधान सहित गांव के तीन चार लोग साथ-साथ जा रहे हैं। घटना के तीसरे दिन भी झिमड़ी में पुलिस तैनात है। घटना के बाद से गांव की दुकानें बंद है।

# अंचल कार्यालय रणक्षेत्र में हुआ तब्दील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिसरी (गिरिडीह)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के गृह क्षेत्र तिसरी का अंचल कार्यालय सोमवार को देखते ही देखते रणभूमि में तब्दील हो गया। हालात तब बेकाबू हो गए जब, लंबे समय से रजिस्टर टू और खतियान की सत्यापित प्रति की मांग कर रहे किसान जनता पार्टी (किजपा) के कार्यकर्ताओं का जत्था सीओ अखिलेश्वर प्रसाद के चैंबर में घुसकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और सत्यापित प्रति के लिए सीओ पर दबाव बनाने लगा।

इधर, घटना की जानकारी मिलते ही सीओ के बचाव में बीडीओ मनीष कुमार कुछ प्रखंडकर्मियों के साथ दरवाजा तोड़कर सीओ के चैंबर में घुसे और कार्यकर्ताओं को कमरे से बाहर निकालने का प्रयास करने लगे तो कार्यकर्ता भड़क उठे, पहले झड़प और इसके बाद मारपीट शुरू हो गई।

इसके बाद कार्यकर्ताओं ने पथराव कर दिया, जिसमें पुलिसकर्मियों और प्रखंडकर्मियों समेत आधा दर्जन से अधिक कार्यकर्ता घायल हो गए।

गंभीर रूप से घायल पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश सिंह को बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर किया गया।

इनके अलावा एसआइ नंद राय, महिला हवलदार शकुंतला बेहरा, चौकीदार राहुल यादव, किजपा के भागीरथ राय, मुंशी मुर्मू के साथ-साथ पुलिसकर्मी, प्रखंडकर्मी, अंचलकर्मी व किजपा के कुछ अन्य कार्यकर्ताओं को भी चोट आई है।

पथराव में सीओ, पुलिस और जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल की गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रखंड मुख्यालय का मुख्य दरवाजा, कार्यालय की खिड़कियां और सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा हुआ है, जिसका आकलन किया जा रहा है।

किजपा कार्यकर्ता पिछले दो महीने से तिसरी ब्लाक मुख्यालय में 32

- ▶ किसान जनता पार्टी के कार्यकर्ता हुए उग्र
- ▶ प्रशासन और कार्यकर्ताओं में मारपीट
- ▶ पथराव में आधा दर्जन भर लोग हुए चोटिल
- ▶ आईजी ने पहुंचकर ली घटना की जानकारी
- ▶ दो माह से आंदोलनरत हैं किजपा के लोग

मौजा के रजिस्टर टू और खतियान की सत्यापित प्रति की मांग को लेकर धरना, तालाबंदी और सड़क जाम कर रहे थे। प्रशासन से आश्वासन न मिलने के चलते आंदोलन उग्र हो गया।

किजपा के भागीरथ राय का आरोप है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से सीओ से वार्ता कर रहे थे, तभी भू-माफिया के इशारे पर हमला किया गया।

वहीं, डीएसपी राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है, दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। पुलिस ने दर्जनों किजपा कार्यकताओं को हिरासत में लिया है, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं।

घटना के बाद मौके पर एसडीओ और डीएसपी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सशस्त्र बल तैनात कर दिए गए हैं।

सोमवार को मचे बवाल के बाद आइजी डॉ. माईकेलराज एस ने तिसरी थाना पहुंचकर घटना की जानकारी ली। इसके बाद एसडीओ अनिमेष रंजन, डीएसपी राजेंद्र प्रसाद, थाना प्रभारी रंजय कुमार सहित पुलिस पदाधिकारी के साथ अंचल कार्यालय पहुंचे। सीओ अखिलेश्वर प्रसाद से घटना की जानकारी ली।

सीओ ने कहा कि टेबल पर सरकारी और आमजन का काम का निपटारा कर रहा था। अचानक किजपा के लोग कार्यालय में घुस आए और रजिस्टर टू और खतियान की मांग करने लगे।

सीओ से वार्ता के बाद आइजी वहां से निकल गए। आइजी ने सीओ के हवाले से बताया कि किजपा के लोग काफी दिनों से मांग को लेकर धरना पर बैठे थे। आरटीआइ से मांग करने पर अंचल से जवाब दिया गया था। सीओ ने बताया की सभी लोगों को रजिस्टर टू और खतियान नहीं दिया जा सकता है। व्यतिगत मांग पर उपलब्ध कराया जा सकता है। पुलिस मामले का अनुसंधान कर रही है।

# 24 वर्षों बाद मकान और जमीन पर मिला दखल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा कुसाई कॉलोनी निवासी अफसर अली को 24 वर्षों के बाद अपने मकान और जमीन पर दखल मिल गया। सिविल जज जूनियर डिवीजन नुमान खान आजम की अदालत के आदेश पर सिविल कोर्ट के नाजीर जीशान अली ने डोरंडा थाना और दंडाधिकारी के सहयोग से अफसर अली को रहमत कॉलोनी स्थित दो मंजिला मकान और जमीन पर दखल दिलाने की कानूनी कार्रवाई पूरी की। इस संदर्भ में पूछे जाने पर पेशे से अधिवक्ता अफसर अली ने बताया कि उक्त जमीन को उसके पिताजी मंसूर अली ने वर्ष 1970 में खरीद कर घर बनाया था। वर्ष 2000 में पिताजी के निधन होने के बाद मोहम्मद अली वहां किराएदार के रूप में रहने आए।

मोहम्मद अली ने उसी मकान में रहते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार कर लिया और मकान पर अपना दावा करना प्रारंभ कर दिया। मोहम्मद अली उक्त मकान पर अनामिका सहकारी गृह निर्माण समिति के नाम से कागजात तैयार कर लिया।

इसके बाद अफसर अली ने मकान और जमीन को हासिल करने के लिए तथा मोहम्मद अली को मकान से निकालने के लिए सिविल कोर्ट में मोहम्मद अली के खिलाफ दीवानी मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमा वर्ष 2001 से लगातार 2025 तक चला। डिग्री प्राप्त करने के बाद अफसर अली वर्ष 2022 में एग्जिक्यूशन मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें कोर्ट से अनुरोध किया कि मोहम्मद अली तथा उसके उत्तराधिकारी पुत्री सैयदा परवीन उसके मकान में नाजायज तरीके से रह रही है, उसे घर से निकला जाए। एग्जिक्यूशन मुकदमे में दोनों पक्षों का बहस सुनने के बाद कोर्ट ने दो दिन पूर्व सदा प्रवीण को रहमत कालोनी स्थित अफसर अली के मकान से निकालने का आदेश जारी किया। जिसका पालन सिविल कोर्ट के नाजिर द्वारा किया गया।

# चार लोगों की हत्या मामले में फांसी की सजा बरकरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सोमवार को एक ऐसे व्यक्ति की फांसी की सजा को बरकरार रखा, जिसने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर क्राइम थ्रिलर देखने के बाद प्रेरित होकर अपनी पत्नी और दो बेटियों समेत चार लोगों की हत्या कर दी थी। जस्टिस रोंगोन मुखोपाध्याय और अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने इसे भयावह मामला करार देते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट, जमशेदपुर के विशेष न्यायाधीश द्वारा 1 अप्रैल, 2023 को सुनाई गई फांसी की सजा को सही ठहराया।

बता दें कि आरोपी दीपक कुमार जमशेदपुर का रहने वाला था और एक निजी कंपनी में काम करता था। उसकी पत्नी का नाम वीणा देवी था और उनकी दो नाबालिग बेटियां थीं। विशेष लोक अभियोजक विनीति कुमार वशिष्ठ ने बताया कि दीपक ने दो ओटीटी क्राइम थ्रिलर देखकर हत्या करने की योजना बनाई थी और हथौड़े से वार कर सबकी जान ली। 12 अप्रैल, 2021 को दीपक ने पहले सो रही अपनी पत्नी को हथौड़े से मारकर हत्या कर दी। फिर वह अपनी बेटियों के कमरे में गया, उन्हें भी हथौड़े से मारा और तकिये से दबाकर उनका दम घोट दिया।

तीनों की हत्या के बाद दीपक अपने बिजनेस पार्टनर रोशन का इंतजार कर रहा था, जिसे उसने लंच पर बुलाया था। वह रोशन की भी हत्या करना चाहता था, क्योंकि दोनों के बीच कारोबारी विवाद था। लेकिन इसी बीच दीपक की छोटी



बेटी की ट्यूशन टीचर घर पढ़ाने आई। घर में शव देखकर उसने शोर मचाया, तो दीपक ने उसकी भी गला घोंटकर हत्या कर दी और उसके साथ दुष्कर्म भी किया। बाद में जब रोशन अपनी पत्नी और भाई के साथ दीपक के घर पहुंचा, तो दीपक ने दोनों पुरुषों पर हथौड़े से हमला किया, लेकिन वह काबू में आ गया। रोशन की पत्नी किसी तरह भागकर बाहर गई और मदद के लिए चिल्लाई। इसी दौरान दीपक मौके से फरार हो गया। जांच में पता चला कि दीपक ने पत्नी के गहने बेच दिए थे। गहनों की बिक्री के बाद उसने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स भी डिलीट कर दिए और बाइक से भाग निकला। दीपक के खिलाफ उसके साले ने केस दर्ज कराया था। पुलिस ने उसकी बैंक ट्रांजैक्शन ट्रेस कर उसे धनबाद से गिरफ्तार किया।

## संविधान बचाओ रैली में भाग लेंगे खड़गे

**रांची।** झारखंड में गठबंधन सरकार की भागीदार कांग्रेस अब एक्टिव मोड में नजर आ रही है। पार्टी आगामी 6 मई को राजधानी रांची में संविधान बचाओ रैली का आयोजन करेगी। इस रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता राज्यभर में जुटे हुए हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रैली की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मुख्य अतिथि होंगे। उनके साथ कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई वरिष्ठ नेता भी शामिल रहेंगे।

उन्होंने कहा कि रैली के बाद पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें संगठन को मजबूती देने से जुड़े कई अहम निर्णय लिए जाएंगे। केशव महतो ने बताया कि रांची के बाद राज्य के विभिन्न जिलों में भी ह्यसंविधान बचाओ रैलीह्ल आयोजित की जाएगी, जिसकी तिथियां जल्द तय की जाएंगी।

# 331 करोड़ की लागत से बनेगा अंतरराज्यीय बस पड़ाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची और जमशेदपुर में अंतरराज्यीय बस पड़ाव के निर्माण को लेकर राज्य सरकार आगे बढ़ रही है और इसी क्रम में मंगलवार को नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने जुडको की ओर से संचालित दोनों परियोजनाओं को लेकर कई जानकारियां साझा की गईं। प्रधान सचिव ने पीपीपी मोड, हैम मोड एवं इपीसी पर निर्माण की संभावनाओं पर चर्चा की।

बताया गया कि दोनों परियोजनाएं कुल 331 करोड़ रुपये की लागत पर तैयार हो जाएंगी। रांची में अंतरराज्यीय बस पड़ाव (आईएसबीटी) के निर्माण की अनुमानित लागत 181 करोड़ रुपये है तो जमशेदपुर में 150 करोड़ रुपये। इसके साथ ही रांची में ट्रांसपोर्ट नगर के संचालन को लेकर निविदा शीघ्र निकालने का निर्देश दिया गया है।

प्रधान सचिव सुनील कुमार ने रांची और जमशेदपुर के नागरिकों की सुविधा को देखते हुए आईएसबीटी का निर्माण किया जाये। सचिव ने परामर्शी कंपनी आइडेक द्वारा तैयार किये गये डिजाइन का प्रजेंटेशन देखा। इस दौरान उन्होंने पीपीपी मोड, हाई ब्रिड एन्युटी माडल (हैम) तथा इपीसी मोड पर आईएसबीटी के निर्माण की संभावनाओं पर विचार विमर्श किया।

इन प्रणालियों में आईएसबीटी के निर्माण में जो उपयुक्त होगा उस पर विचार किया जायेगा। प्रधान सचिव ने बैठक में कहा कि दुबलिया, रांची और जमशेदपुर में बनने वाले आईएसबीटी की 60 प्रतिशत भूमि को खुला रखा जाये तथा 40 प्रतिशत भूमि पर ही निर्माण कार्य किया जाये।

खुले क्षेत्र में आकर्षक वृक्षारोपण भी किए जाएं। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण विश्रामागार एवं प्रतीक्षालय हरहाल में बनाया जाना चाहिए। साथ ही आईएसबीटी में यात्रियों के लिए सभी प्राथमिक सुविधाएं मुहैया करायी जायें।

# विभागीय कार्यशाला में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री

## चिकित्सकों से लापरवाही नहीं बरतने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मंगलवार को रांची के एक होटल में आयोजित कार्यशाला में हिस्सा लिया। यह कार्यशाला आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना और अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत आयोजित की गई थी। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आम जनता को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में राज्य में बेहतरीन डॉक्टरों की नियुक्ति की जा रही है और रिम्स की व्यवस्था को भी लगातार बेहतर किया जा रहा है। उन्होंने एआई तकनीक के माध्यम से इलाज की दिशा में भी काम करने की बात कही।

डॉ. अंसारी ने निजी अस्पतालों से अपील की कि वे मरीजों के इलाज में लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि जब तक योजना के तहत भुगतान होता है, अस्पताल इलाज करते हैं, लेकिन बाद में मरीजों को रेफर कर दिया जाता है, जिससे गंभीर स्थिति में मौतें होती हैं। यह अमानवीय




है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि कोई परेशानी हो तो अस्पताल प्रबंधन सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि राज्य में मातृ मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर में कमी आई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में लगभग 31,000 बेड हैं, जबकि आवश्यकता 1.13 लाख बेड की है। उन्होंने निजी और सरकारी अस्पतालों से समन्वय बनाकर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की अपील की।

झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक अबु इमरान ने निजी अस्पतालों से सरकारी गाइडलाइनों का सौ प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि छोटे अस्पतालों में प्रशिक्षित कर्मियों की कमी है, जिसके कारण वे गाइडलाइनों को सही तरीके से नहीं समझ पा रहे हैं। उन्होंने राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना और वय वंदन योजना में भी पंजीकरण की जरूरत पर बल दिया।

कार्यशाला में अस्पताल प्रबंधन को योजना से जुड़ी प्रक्रियाओं, शिकायत निवारण और कैपेसिटी अपडेट जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर सभी जिलों के सिविल सर्जन, शहरी क्षेत्र के 50 बेड से कम और ग्रामीण क्षेत्र के 30 बेड से कम के अस्पतालों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## तेज आंधी पानी की आशंका

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में सोमवार को जहां दिनभर आंशिक बादल छाए रहे तो शाम होते ही हुई झमाझम वर्षा ने गर्मी से आमजनों को राहत दी है। शाम में घने कारे बदरा छा गए और बिजली कड़कने लगी तो लोग जल्दी जल्दी अपने अपने घरों और प्रतिष्ठानों की और लौटने लगे।

डुमरदगा और बूटी बस्ती की ओर छाए घने बादल ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। वहां करीब आधे घंटे तक जोरदार वर्षा हुई जबकि कोकर और लालपुर क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम वर्षा हुई। पिछले दो दिनों से आसमान में छाए आंशिक बादल, रविवार, सोमवार एवं मंगलवार को कहीं-कहीं हुई वर्षा ने मौसम का मिजाज बदल दिया है। राजधानी रांची व आसपास के जिलों का तापमान भी 9 डिग्री सेल्सियस तक नीचे पहुंच चुका है। दो दिनों पूर्व तक रांची का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था जो कि गिरकर 29.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है और रात में तो ठंड का अहसास होने लगा।

# मंत्री हफीजुल हसन अंसारी पर नकली सर्टिफिकेट हासिल करने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने राज्य के मंत्री हफीजुल हसन अंसारी को मिली डॉक्टरेट की उपाधि पर सवाल उठाए हैं। भाजपा प्रवक्ता अजय साह ने सोमवार को इस मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेस आयोजित कर आरोप लगाया कि मंत्री हफीजुल अंसारी को मिली डॉक्टरेट की डिग्री एक फर्जी विश्वविद्यालय से प्राप्त की गई है।

उन्होंने कहा कि मंत्री को डॉक्टरेट की मानद उपाधि देने वाली संस्था भारत वर्चुअल ओपन एजुकेशनल यूनिवर्सिटी को अपने नाम के साथ विश्वविद्यालय शब्द का प्रयोग करने का भी अधिकार नहीं है। इस संस्था को किसी भी प्रकार की शैक्षणिक उपाधि प्रदान करने की मान्यता ही नहीं है।

उन्होंने कहा कि इस फर्जी यूनिवर्सिटी को ना तो यूजीसी, ना ही भारत सरकार और ना ही झारखंड सरकार ने कोई मान्यता दी है।

अजय साह ने आगे कहा कि हफीजुल अंसारी ने भारतीय संविधान के तहत संचालित मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों से डिग्री प्राप्त नहीं कर पाने के बाद शरीयत कानून का अनुसरण करते हुए ऐसे लोगों द्वारा संचालित एक फर्जी विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि हासिल कर ली, जो शुद्ध रूप से एक कागजी संस्था है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह संस्था मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों द्वारा संचालित की जाती है और इसका कोई वैधानिक अस्तित्व नहीं है। साह ने यह भी दावा किया कि यह फर्जी विश्वविद्यालय ह्लसेंट्रल क्रिश्चियन यूनिवर्सिटी, अफ्रीकाह्न से अपनी संबद्धता बताता है, जबकि इस विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. उस्मान को इस्लामाबाद, पाकिस्तान की एक संस्था द्वारा प्रोफेसर की उपाधि प्रदान की गई थी।

उन्होंने कहा कि मंत्री हफीजुल अंसारी की उपाधि का पूरा नेटवर्क पाकिस्तान से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। साह ने यह भी आरोप लगाया कि मंत्री का आचरण यह दशार्ता है कि वह अपने कार्यों और निर्णयों में भारतीय संविधान की अपेक्षा शरीयत कानून को प्राथमिकता देते हैं।

उन्होंने कहा कि जब एक राज्य के मंत्री से संबंधित इस प्रकार के गंभीर सवाल उठते हैं तो यह केवल एक व्यक्तिगत मामला नहीं रह जाता, बल्कि राज्य की प्रतिष्ठा और संवैधानिक मूल्यों का प्रश्न बन जाता है।

अजय साह ने मांग की कि इस पूरे प्रकरण में पाकिस्तान लिंक की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए, ताकि सच सामने आ सके और अगर कोई कानून का उल्लंघन हुआ हो तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

उधर, झामुमो के नेताओं ने हफीजुल का बचाव करते हुए भाजपा पर निशाना साधा है।

# अक्षय तृतीया आज, ज्वेलरी मार्केट में खनक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** इस वर्ष अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। बासुकीनाथ के पुरोहित कुंदन झा कहते हैं कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व हिंदू धर्म में अत्यंत शुभ है। तृतीया तिथि का प्रवेश 29 अप्रैल की रात 8:12 बजे से होगा और 30 अप्रैल को संध्या 6:00 बजे तक तृतीया तिथि प्रभावी रहेगी।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष अक्षय तृतीया पर एक दुर्लभ राजयोग का निर्माण हो रहा है जो लगभग 100 वर्षों बाद बन रहा है। अक्षय तृतीया को गजकेशरी राजयोग, राजयोग, रवि योग, चतुग्रही योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि एवं शोभन योग और लक्ष्मी नारायण राजयोग बन रहे हैं।

यह दुर्लभ संयोग आकस्मिक धन लाभ और तरक्की के योग बना रहे हैं।कहा अक्षय तृतीय पर मां लक्ष्मी के पूजन का विधान है।

कुंदन झा कहते हैं कि अक्षय तृतीया पर सोना, चांदी के आभूषण, पीतल-कांसे के बर्तन, नया वाहन, भूमि



खरीदना इस दिन शुभ माना गया है। कहा कि इस दिन सोना व अन्य महंगी वस्तुएं खरीदने को अत्यंत शुभ माना जाता है। यदि महंगी वस्तुएं खरीदना संभव न हो तो मिट्टी के बर्तन जैसे मिट्टी के कुल्हड़, दीपक या अन्य बर्तन खरीदना भी शुभ फलदायक माना गया है।

उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया को नए कार्यों की शुरूआत, निवेश, विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ तिथि माना जाता है। इस दिन किए गए शुभ कार्य अक्षय फल प्रदान करते हैं।

## यातायात की समस्या होगी हल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी में यातायात की समस्या को हल करने के लिए दो बड़े कदम उठाए गए हैं। पहला, निमार्णाधीन मानगो फ्लाईओवर के डिजाइन में बदलाव कर इसे मानगो चौक से पायल सिनेमा तक दोतरफा (टू लेन) बनाने का फैसला हुआ है। दूसरा, साकची के गांधीघाट से भुईंयाडीह श्मशान घाट तक एक नए फ्लाईओवर के लिए सर्वे और डिजाइन का काम शुरू करने का निर्णय लिया गया है। ये फैसले विधायक सरयू राय, फ्लाईओवर बनाने वाली कंपनी के मुख्य डिजाइनर संजय भार्गव और पथ निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता दीपक सहाय की शुक्रवार रात को हुई बैठक में लिए गए। इन सभी ने क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इस बदलाव से न सिर्फ यातायात सुगम होगा, बल्कि स्थानीय लोगों और व्यवसायियों को भी राहत मिलेगी।

# अकूत संपत्ति का मालिक निकला रेलवे का चीफ इंजीनियर

## पूरे परिवार की कुंडली खंगालेगी सीबीआई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रेलवे में ठेका दिलाने व बिल भुगतान के एवज में कमीशन वसूलने के मामले की जांच में सीबीआई जुटी हुई है। गत 25 अप्रैल को गिरफ्तार साउथ इस्ट सेंट्रल रेलवे बिलासपुर के चीफ इंजीनियर सहित चार आरोपितों के मामले में सीबीआई की दिल्ली स्थित अपराध निरोधक शाखा ने रेलवे के अधिकारी व निर्माण कार्य से जुड़ी कंपनी झाझरिया निर्माण लिमिटेड से जुड़े सात नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी। कांड के अनुसंधानकर्ता सीबीआई के इंस्पेक्टर एमके पांडेय हैं।

सीबीआई ने इस मामले में अनुसंधान तेज किया है और रिश्वत कांड में कोर्ट में भी इससे संबंधित ब्योरा उपलब्ध कराया है। सीबीआई की ओर से बताया गया है कि 25 अप्रैल को जांच एजेंसी ने रांची के हटिया में 32 लाख रुपये रिश्वत लेते चार को दबोचा था।

इनमें साउथ इस्ट सेंट्रल रेलवे विलासपुर के चीफ इंजीनियर विशाल आनंद को छत्तीसगढ़ से, जबकि उनके भाई कुणाल आनंद व पिता आनंद कुमार झा को रांची से पकड़ा था। चीफ इंजीनियर के भाई व पिता ही झाझरिया निर्माण लिमिटेड के कर्मचारी मनोज पाठक से रिश्वत के 32 लाख रुपये ले रहे थे।

सीबीआई ने रिश्वत के साथ पकड़े गए आरोपितों की निशानदेही पर रांची, विलासपुर व छत्तीसगढ़ के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी में भारी मात्रा में लेन-देन से संबंधित दस्तावेज बरामद किया था। अब सीबीआई की टीम चीफ इंजीनियर व उनके परिवार के सदस्यों के बैंक खाते खंगाल रही है।

सीबीआई यह पता लगाने की कोशिश में है कि चीफ इंजीनियर ने रिश्वत की राशि से कितने की चल-अचल संपत्ति बनाई। भविष्य में ये अवैध संपत्तियां जब्त भी होंगी। कहा जा रहा है कि परिवार के पास कई जगह फ्लैट और दुकान भी है। निर्माण कार्य से जुड़ी झाझरिया निर्माण लिमिटेड के खाते भी खंगाले जा रहे हैं।

सीबीआई को सूचना मिली थी कि साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे के अधिकारी-कर्मी मेसर्स झाझरिया निर्माण लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुशील झाझरिया व उनके बेटों सारांश झाझरिया व विनाप झाझरिया के साथ भ्रष्टाचार संबंधित गतिविधियों में लिप्त हैं।

मेसर्स झाझरिया निर्माण लिमिटेड छत्तीसगढ़ के विलासपुर की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी है। ये कंपनी रेलवे कंस्ट्रक्शन का ठेका लेती है और बिल भुगतान के एवज में कमीशन का भुगतान करती है।

सूत्रों ने सीबीआई को बताया था कि मेसर्स झाझरिया निर्माण लिमिटेड ने साउथ इस्ट सेंट्रल रेलवे बिलासपुर में कई छोटे-बड़े काम किए। इनमें पुल, रेलवे ओवरब्रिज, रेलवे अंडरब्रिज, ट्रैक लाइनिंग कार्य आदि शामिल थे।

सूत्रों से सीबीआई को यह भी जानकारी मिली थी कि 21 अप्रैल को सुशील झाझरिया ने अपने बेटे विनाप झाझरिया को बताया था कि उनकी रेलवे के चीफ इंजीनियर विशाल आनंद से विलासपुर में बैठक हुई है। उक्त बैठक में पूर्व के सभी लंबित मामलों पर बातचीत हुई थी।

मुख्य अभियंता विशाल आनंद से बातचीत के बाद सुशील झाझरिया ने अपने कर्मचारी मनोज पाठक को निर्देश दिया था कि वह विशाल आनंद के रिश्तेदार को रांची में करीब 32 लाख रुपये पहुंचा दे।

इसके बाद विशाल आनंद ने भी अपने भाई कुणाल आनंद को निर्देशित किया कि रांची के हटिया में मनोज पाठक 25 अप्रैल को 32 लाख रुपये देगा, उसे ले लेना है।

इस सूचना के बाद मुख्य अभियंता विशाल आनंद के भाई कुणाल आनंद व विशाल आनंद के पिता आनंद कुमार झा रिश्वत की राशि लेने के लिए हटिया पहुंचे। इसके बाद ही सीबीआई ने रिश्वत देने वाले व रिश्वत लेने वालों को रंगे हाथ पकड़ा और छानबीन शुरू की।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: ई-सीपीएम-जीएसयू-आद्रा-03-2025, दिनांक 25.04.2025**; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से सीपीएम/जीएसयू, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा नीचे उल्लेखित एबीएसएस कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का विवरण:** आद्रा मंडल में स्थलाकृति सर्वेक्षण एवं मिट्टी के स्तर (27 अदद) की जांच कर रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज परियोजना के लिए डीपीआर सह तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करना। **निविदा मूल्य:** रु. 1,38,49,959.20; **ई-निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समय:** 26.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। ऊपरोक्त ई-निविदाओं का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। **(PR-90)**



# वैभव बने टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र के शतकवीर

➲ सूर्यवंशी का बल्ला ऐसा चला कि हर कोई उनका दीवाना बन गया

➲ 35 गेंदों में शतक जड़ रिकॉर्ड बुक को हिलाकर रख दिया

## आईपीएल 2025: छोटा पैकेट बड़ा धमाका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को अगर छोटा पैकेट बड़ा धमाका कहा जाए तो गलत नहीं होगा। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच सोमवार शाम को खेले गए मैच में सूर्यवंशी का बल्ला ऐसा चला कि हर कोई उनका दीवाना बन गया। 14 साल की उम्र में वैभव ने महज 35 गेंदों में शतक जड़कर आईपीएल की रिकॉर्ड बुक को हिलाकर रख दिया। आइए, जानते हैं वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में कौन-कौन से कीर्तिमान को ध्वस्त किया। दरअसल, वैभव सूर्यवंशी आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

उनसे पहले ये कारनामा राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए युसूफ पठान ने किया था, जिन्होंने 37 गेंद पर शतक लगाया था। हालांकि, वैभव ने युसूफ के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए महज 35 गेंदों में ही ये कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने के मामले में वैभव के आगे अब सिर्फ क्रिस गेल हैं, जिनके नाम 30 गेंदों में शतक जड़ने का रिकॉर्ड दर्ज है। इसके अलावा, वैभव ने टी20 में सबसे कम उम्र के शतकवीर खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया है। सूर्यवंशी ने महज 14 साल 32 दिन की उम्र में टी-20 में शतक लगाकर इतिहास रच दिया है।इतना ही नहीं, अनकैप्ड बल्लेबाज की ओर से आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में भी वैभव पहले नंबर पर हैं। उन्होंने प्रियांश आर्य के रिकॉर्ड को तोड़ा है, जिन्होंने इसी सीजन में 39 गेंद पर शतक लगाया था। वैभव ने सबसे तेज फिफ्टी बनाने वाले युवा बल्लेबाज का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। वैभव ने महज 17 गेंदों पर 50 रन बनाए हैं। साथ ही 14 साल के वैभव आईपीएल की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए हैं। वैभव सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 101 रनों की पारी में 11 छक्के लगाए। साथ ही वह एक आईपीएल पारी में राजस्थान रॉयल्स की ओर से सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। पिछले साल, वैभव आईपीएल नीलामी में खरीदे जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए थे, जब उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपए में खरीदा था।

## सचिन तेंदुलकर ने बताई वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक बैटिंग की रेसिपी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के 47वें मैच में जयपुर में रनों की बारिश देखने को मिली. राजस्थान रॉयल्स के 14 साल के सलामी बल्लेबाज ने आईपीएल के इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक जड़कर गुजरात टाइटंस के बड़े स्कोर को बौना साबित कर दिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 209 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की टीम ने 25 गेंद शेष रहते 8 विकेट से इस मैच को जीत लिया. इस मैच के हीरो रहे 14 साल के वैभव सूर्यवंशी. जिन्होंने तूफानी शतक लगाकर गुजरात टाइटंस को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया. वैभव की इस शानदार पारी की तरीफ मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदलुकर ने भी की. महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर खुद को वैभव सूर्यवंशी की तारीफ करने से नहीं रोक पाए. उन्होंने वैभव की पारी का वीडियो शेयर करते सोशल मीडिया के अपने हैंडल पर लिखा, वैभव की निडर अप्रोच, बैट स्पीड, गेंद की लेंथ को जल्दी समझना और बॉल की एनर्जी को ट्रांसफर करने की काबिलियत उनकी इस शानदार पारी का राज है. अंत में नतीजा 38 गेंदों पर 101 रन, बहुत बढ़िया खेल.

## सहवाग ने आईपीएल इतिहास के 10 बेस्ट भारतीय बैटर्स का किया चयन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने आईपीएल इतिहास के 10 बेस्ट भारतीय बल्लेबाजों का चयन किया। कमाल की बात ये है कि इस लिस्ट में उन्होंने खुद को भी शामिल किया साथ ही इस लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विराट कोहली या फिर रोहित शर्मा, एमएस धोनी, सुरेश रैना को नहीं इस खिलाड़ी को उन्होंने पहले स्थान पर रखा। वीरेंद्र सहवाग ने क्रिकबज पर आईपीएल इतिहास के 10 बेस्ट भारतीय बैटर्स का चयन किया और उन्होंने इस लिस्ट में पहले स्थान पर सचिन तेंदुलकर को रखा। तेंदुलकर ने इस लीग में साल 2008 से लेकर 2013 तक मुंबई इंडियंस के लिए खेला। इस अवधि के दौरान उन्होंने 78 मैच मुंबई के लिए खेले और इसमें उन्होंने एक शतक और 13 अर्धशतक समेत 2334 रन बनाए। सचिन का औसत इन मैचों में 34.84 का रहा जबकि उनका स्ट्राइक रेट 119.82 का रहा। सचिन का आईपीएल में बेस्ट स्कोर नाबाद 100 रन था।सहवाग ने अपनी लिस्ट में विराट कोहली को दूसरे नंबर पर रखा जो इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर हैं और वो इस लीग में आरसीबी का प्रतिनिधित्व डेब्यू सीजन से लेकर अब तक कर रहे हैं। सहवाग की लिस्ट में तीसरे नंबर पर मुंबई को 5 बार चैंपियन बनाने वाले इस टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैं जबकि मिस्टर आईपीएल के नाम से मशहूर सीएसके के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना को उन्होंने चौथे स्थान पर जगह दी।

## अश्विन ने खोला राज, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर क्यों अचानक लिया था रिटायरमेंट का फैसला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व स्पिनर आर अश्विन को सोमवार को पद्म श्री अवॉर्ड से नवाजा गया। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले अश्विन ने खुलासा किया कि वो बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेना चाहते थे। उन्होंने इस मैच में शतक लगाया था और 6 विकेट लिए थे। वहीं अश्विन ने इस साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अचानक से रिटायरमेंट का ऐलान करके हुए सबको चौंका दिया था। वो टेस्ट सीरीज के बीच में से ही भारत वापस आ गए थे और फिर इस वक्त वो आईपीएल 2025 में सीएसके के लिए खेल रहे हैं। अश्विन ने पहले खुलासा किया था कि रिटायरमेंट के बारे में उनके दिमाग में दो बार विचार आया था जिसमें एक बार 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान और फिर एक साल बाद जब भारत ने इंग्लैंड को हराया था। अश्विन ने अब फ्रैंचाइजी के पॉडकास्ट शो माइक टेस्टिंग 123 पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई और सीएसके बल्लेबाज माइक हसी से बात करते हुए अपनी रिटायरमेंट के फैसले के बारे में बताया। अश्विन ने कह कि ईमानदारी से कहूं तो मैं अपने 100वें टेस्ट के बाद ऐसा करना चाहता था और फिर मैंने सोचा ठीक है मुझे घरेलू सीजन में इसे आजमाना चाहिए।

## प्रतिका रावल ने वनडे क्रिकेट में रचा इतिहास, बनी सबसे तेज 500 रन बनाने वाली महिला क्रिकेटर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को त्रिकोणीय सीरीज के दूसरे मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज प्रतिका रावल ने इतिहास रच दिया. वनडे क्रिकेट में लगातार पांचवी बार उन्होंने 50 से अधिक रन बनाए. वह दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं, जिन्होंने वनडे क्रिकेट में लगातार पांच बार अर्धशतक जड़ा है. प्रतिका ने वनडे में 500 रन पूरे कर भी एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया.



प्रतिका रावल ने स्मृति मंधाना के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 83 रनों की साझेदारी की. मंधाना 54 गेंदों में 36 रन बनाकर एनेरी डर्कसेन की गेंद पर कैच आउट हुई. प्रतिका रावल ने अपने वनडे करियर के 500 रन पूरे कर इतिहास रच दिया.

प्रतिका रावल ने इस शानदार पारी में अंतर्राष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में 500 रन भी पूरे किए. वह सबसे तेज 500 वनडे रन बनाने वाली महिला क्रिकेटर बन गई हैं. इस त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में भी प्रतिका ने 62 गेंदों में नाबाद 50 रनों की शानदार पारी खेली थी, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ़ द मैच का अवार्ड दिया गया था. उस मैच में भारत ने 9 विकेट से जीत दर्ज की थी. प्रतिका ने 8 पारियों में 500 वनडे रन पूरे किए हैं. साउथ अफ्रीका के खिलाफ प्रतिका रावल ने 91 गेंदों में 78 रन बनाए, इस पारी में उन्होंने 1 छक्का और 7 चौके जड़े. उन्होंने दूसरे विकेट के लिए हरलीन देओल के साथ मिलकर 68 रनों की साझेदारी की. उन्हें नॉनकुलुलेको म्लाबा ने बोल्ड किया.इस त्रिकोणीय सीरीज से पहले उन्होंने तीनों अर्धशतक आयरलैंड के खिलाफ राजकोट के मैदान पर ही लगाए थे. प्रतिका रावल ने आयरलैंड महिला टीम के खिलाफ 15 जनवरी 2025 को 154 रनों की रिकॉर्ड पारी खेली थी. उससे पहले दो मैचों में उन्होंने क्रमश 89 और 67 रन बनाए थे.







## श्रेयस, सूर्यकुमार, पृथ्वी शॉ, शार्दुल, सरफराज, रहाणे समेत 8 खिलाड़ियों को मिला आइकन प्लेयर का दर्जा

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने 26 मई से शुरू हो रहे टी20 मुंबई लीग 2025 सीजन के लिए आइकन खिलाड़ियों की लिस्ट का ऐलान किया जिसमें भारत के टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे समेत 8 खिलाड़ियों को रखा गया। टी20 मुंबई लीग की वापसी 6 साल के बाद हो रही है और ये आईपीएल 2025 के तुरंत बाद खेली जाएगी। इस लीग का समापन 8 मई को होगा। इस लीग के आइकन खिलाड़ियों की सूची में मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, अजिंक्य रहाणे के अलावा सरफराज खान, शार्दुल ठाकुर, पृथ्वी शॉ, शिवम दुबे और तुषार देशपांडे को रखा है। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा कि हमें 8 आइकन खिलाड़ियों के नाम की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जिन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से मुंबई को बहुत गौरव दिलाया है। वे मुंबई क्रिकेट की भावना और विरासत प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके इस लीग में शामिल होने से ना सिर्फ उभरती हुई प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलेगी बल्कि उनके लिए एक सीखने का अवसर भी होगा क्योंकि हम भारत के क्रिकेट सितारों की अगली पीढ़ी की खोज के लिए प्रतिबद्ध हैं। लीग में इन खिलाड़ियों की मौजूदगी से इसका कद भी बढ़ेगा और प्रशंसकों को एक रोमांचक और यादगार अनुभव मिलेगा।

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने अपने सभी भारतीय खिलाड़ियों के लिए टी20 मुंबई लीग में भाग लेना अनिवार्य कर दिया है। एमसीए ने हाल ही में भारत के वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा को अपने लीग का फेस घोषित किया था। एमसीए के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई के लिए खेलने वाले सभी भारतीय खिलाड़ियों को सूचित कर दिया गया है कि उन्हें टी20 मुंबई लीग में खेलना होगा, जो आईपीएल के बाद शुरू होगी। यह अनिवार्य है जब तक कि भारत के लिए प्रतिबद्ध या चोटिल खिलाड़ी इसे छोड़ न दें।एमसीए सभी भारतीय खिलाड़ियों को उनकी नीलामी राशि के अलावा 15-15 लाख रुपये का भुगतान करेगा। सूत्र ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों को एसोसिएशन द्वारा भागीदारी शुल्क के रूप में 15 लाख रुपये अलग से दिए जाएंगे, साथ ही वे नीलामी शुल्क से अलग से कमाई करेंगे। हम बेस प्राइस और अन्य विवरणों पर काम कर रहे हैं।

## शाहिद अफरीदी पर भड़का भारत का पूर्व क्रिकेटर, बोला- और कितना गिरोगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी पर निशाना साधा है। पाकिस्तानी क्रिकेटर ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के लिए भारतीय सेना को जिम्मेदार ठहराया था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। सोशल मीडिया पर कड़े शब्दों में लिखे गए पोस्ट में शिखर धवन ने शाहिद अफरीदी से पाकिस्तान के हालात पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने भारतीय सेना का समर्थन करते हुए कहा कि देश में हर किसी को सेना पर गर्व है। धवन की यह प्रतिक्रिया पाकिस्तान के एक टेलीविजन चैनल पर अफरीदी द्वारा की गई अजीबोगरीब टिप्पणियों के एक दिन बाद आई। अफरीदी ने आरोप लगाया था कि सुरक्षा चूक के कारण आतंकवादी हमला हुआ। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर ने घटना की कवरेज के लिए मीडिया की भी आलोचना की और भारत से आतंकवादी हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता के सबूत देने को कहा। अफरीदी ने बगैर नाम लिए भारतीय खिलाड़ियों पर भी निशाना साधा था। शिखर धवन ने क्या कहा-शिखर धवन ने एक्स पर कहा, कारगिल में भी हारया था, पहले से ही इतना गिरे हो और कितना गिरोगे, बेवजह कमेंट पास करने से अच्छा है अपने देश की तरक्की में दिमाग लगाओ शाहिद अफरीदी। हमें हमारी भारतीय सेना पर बहुत गर्व है। भारत माता की जय! जय हिंद!





## पीआर श्रीजेश को पद्म भूषण और अश्विन को मिला पद्मश्री पुरस्कार, राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश को सोमवार को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को पद्मश्री पुरस्कार दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान श्रीजेश और अश्विन को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। श्रीजेश और अश्विन को यह सम्मान खेल में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने 2025 के लिए पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी जिसमें श्रीजेश और अश्विन का नाम भी शामिल था।

अश्विन ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह भारत के सफल स्पिनरों में शामिल हैं। अश्विन ने टेस्ट में भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज के तौर पर अपना करियर समाप्त किया। 106 टेस्ट मैचों में अश्विन ने 537 विकेट झटके और वह बस पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले से पीछे थे जिन्होंने अपने टेस्ट करियर में 619 विकेट लिए हैं। अश्विन फिलहाल आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे हैं और इस सीजन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

भारतीय हॉकी टीम की दीवार कहे जाने वाले पीआर श्रीजेश ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद संन्यास का एलान किया था। फिलहाल वह जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं। 2010 विश्व कप में डेब्यू करने के बाद श्रीजेश भारत के लिए कई यादगार जीत का हिस्सा रहे हैं, जिसमें 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण और जकार्ता-पालेमबांग में 2018 एशियाड में कांस्य पदक शामिल है। वह 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की संयुक्त विजेता टीम के अलावा, भुवनेश्वर में 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल चैंपियन टीम में भी थे। इसके अलावा वह 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक और 2023 एशियाई चैंपियन ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। 2022 एशियाई खेलों में उन्होंने भारत को स्वर्ण जीतने में मदद की थी। इसके बाद उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भारत को कांस्य पदक दिलाया था। श्रीजेश को 2021 में खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। वहीं, 2022 में वह साल 2021 के लिए सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुने गए थे। श्रीजेश टोक्यो ओलंपिक और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतनी वाली हॉकी टीम की हिस्सा थे।

संक्षिप्त समाचार

## अनुराग ठाकुर ने कहा-संसद में चर्चा से ज्यादा जरूरी है पाकिस्तान को करारा जवाब देना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेस की संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाने की मांग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद अनुराग ठाकुर ने टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि आज संसद में चर्चा से ज्यादा ऐसे कदम उठाने की जरूरत है जिससे पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा चर्चा में विश्वास रखती है। सही समय आने पर चर्चा कराने में कोई आपत्ति नहीं है। हम लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं और जब भी सदन में किसी विषय पर चर्चा की मांग की गई, हमने उस पर चर्चा की। चिराग ने कहा-मुंहतोड़ जवाब देने का समयः इस मसले पर बिहार की राजधानी पटना में केंद्रीयमंत्री चिराग पासवान ने भी टिप्पणी की है। उन्होंने विपक्ष की विशेष सत्र बुलाए जाने की मांग पर कहा कि सरकार सही समय आने पर सही फैसला लेगी। यह मुंहतोड़ जवाब देने का समय है। जिस तरह से पुलवामा के बाद आतंकियों को जवाब दिया गया, उसी दिशा में पहलगाम की घटना के बाद भी जवाब दिया जा सके, इसके लिए सब लोग प्रयासरत हैं।

## खरगे, राहुल ने पहलगाम आतंकी हमले पर लिखा प्रधानमंत्री को पत्र



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने पहलगाम आतंकी हमले से उपजे देशव्यापी गुस्से के मद्देनजर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। दोनों ने प्रधानमंत्री मोदी से जल्द संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने 28 अप्रैल को लिखे पत्र में प्रधानमंत्री मोदी से अनुरोध किया है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए सामूहिक इच्छाशक्ति का प्रदर्शन जरूरी है। इसलिए संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र यथाशीघ्र बुलाया जाए। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी ऐसा ही पत्र प्रधानमंत्री मोदी को लिखा है। उन्होंने भी प्रधानमंत्री मोदी से अनुरोध किया है कि संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाया जाए। पत्र में कहा गया है, इस महत्वपूर्ण समय में भारत को यह दिखाना चाहिए कि हम आतंकवाद के खिलाफ हमेशा एकजुट हैं। इस बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, हमने कई विपक्षी दलों से बातचीत की और उसके बाद ही राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले पर विशेष सत्र बुलाने और चर्चा कराने की मांग की। इसका उद्देश्य दुनिया को यह सामूहिक संकल्प दिखाना है कि हम एक हैं। यह एकता का समय है, ध्रुवीकरण का नहीं। मौजूदा हालात को देखते हुए एकता और एकजुटता जरूरी है। हमें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री संसद का विशेष सत्र बुलाएंगे और उसमें मौजूद रहेंगे।

# यमुना प्राधिकरण की औद्योगिक-टॉय पार्क प्लॉट योजना में गड़बड़ी, साढ़े चार साल बाद 16 आवंटन रद्द

**नईदिल्ली , एजेंसी।**
यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर-33 में औद्योगिक और टॉय पार्क की योजना में गड़बड़ी सामने आने पर 16 आवंटियों के प्लॉट आवंटन निरस्त कर दिए हैं। एक से अधिक प्लॉट आवंटन के मामले में यह कार्रवाई की गई।

यमुना प्राधिकरण ने वर्ष 2020 में औद्योगिक और टॉय पार्क के लिए कुल 855 प्लॉटों की योजना निकाली थी। सेक्टर-29 में औद्योगिक पार्क के लिए 712 और सेक्टर-33 में टॉय पार्क के लिए 143 प्लॉट थे। इन दोनों योजना में कुल 2785 आवेदन प्राप्त हुए। वेरिफिकेशन में 2290 आवेदन पत्र योग्य और 495 अयोग्य मिले। 9 अक्टूबर 2020 को योजना के तहत 855 प्लॉटों के लिए ड्रॉ की प्रक्रिया हुई। इसमें 700 आवेदन सफल हुए। ड्रॉ की तिथि पर ही प्राधिकरण को एक ही परिवार के एक से अधिक आवेदन सफल होने की सूचना मिली। ऐसे में 43 आवंटनों को जांच के घेरे में रखा गया।



एसीईओ की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति का गठन कर जांच कराई गई। इसमें पाया गया कि 43 आवंटनों में से एक आवंटी ने पूर्व में ही प्लॉट सरेंडर कर दिया था। 42 आवंटनों में से कुल 16 आवंटन एक ही परिवार के हैं। यह योजना के नियम और शर्तों के अनुसार मल्टीपल अलॉटमेंट की श्रेणी में आते हैं। समिति की रिपोर्ट के आधार पर इन आवंटनों को अब निरस्त कर दिया गया है।

इस तरह से पकड़ में आया मामला केएल वेजिटेबल ऑयल प्रोडेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से अमित अग्रवाल ने आवेदन किया था। इन्हें सेक्टर-29 में दो हजार वर्गमीटर का प्लॉट नंबर ए-179 आवंटित हुआ। इनके शेयर होल्डर्स में विजय कुमार अग्रवाल का अंशदान 16.73 प्रतिशत, रविंद्र अग्रवाल का 17.43 प्रतिशत, विरेंद्र का 16.21 प्रतिशत, अमित अग्रवाल का 15.04 और शम्मी अग्रवाल का 13.61 और संजीव अग्रवाल का 15.65 प्रतिशत दिखाया गया था। जांच में पाया गया कि फर्म के कुल 28 अंशधारकों में से छह अंशधारकों की 90 प्रतिशत शेयर होल्डिंग है। ये मैसर्स रविंद्र ऑयल एंड गीनिंग मिल्स के साझेदार हैं। अर्थात एक कंपनी के हैं। शेयर धारक दूसरी संस्था में भी साझेदार हैं। ऐसे में प्राधिकरण ने इसे मल्टीपल आवंटन का केस मानते हुए प्लॉट का आवंटन निरस्त कर दिया। इसी तरह की गड़बड़ी अन्य 15 मामलों में भी मिली है।

आवासीय योजना में गड़बड़ी हो चुकी यमुना प्राधिकरण की पिछले वर्ष जुलाई में 361 आवासीय प्लॉटों की योजना आई थी। योजना में दो लाख से अधिक लोगों ने आवेदन किया था। इनमें 10 प्लॉट पर व्यावसायिक आरक्षण का लाभ मिलना था। इस श्रेणी में 10 आवेदकों ने आवंटित किए क्योस्क (व्यावसायिक श्रेणी) का कंपलीशन सर्टिफिकेट मई से लेकर जुलाई महीने की अलग-अलग तारीख में जारी कर लिया, जबकि मौके पर कोई निर्माण नहीं हुआ था। मामले का खुलासा होने के बाद प्राधिकरण ने इन सभी 10 क्योस्क के आवंटियों के कंपलीशन सर्टिफिकेट को अवैध करार दिया था। प्लॉट में आरक्षण के लिए अयोग्य भी कर दिया गया था। प्राधिकरण इन आवंटियों की जमा राशि में से 20 प्रतिशत काटकर बाकी रकम वापस करेगा।

## धर्म में क्यों बांट रहे हो;दिल्ली के स्कूली शिक्षक ने ऐसा क्या कहा? सिरसा हुए नाराज



**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा आज छतरपुर के स्कूल का निरीक्षण करने गए थे। उनके साथ दक्षिण दिल्ली से बीजेपी सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी भी थे। इस दौरान एक ऐसा वाक्या हुआ कि सिरसा और बिधूड़ी दोनों ने आपत्ति जताई। दरअसल वहां पास खड़े टीचर ने स्कूल को पक्का कराने के मांग की और बोल पड़ा कि यहां पढ़ रहे हिंदू बच्चों को दिक्कत होती है। इतना सुनते ही दोनों नेता भड़क गए। उन्होंने कहा कि इन्हें धर्म में क्यों बांट रहे हो? बाद में उसने गलती का अहसास होने पर माफी मांगी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिरसा और बीजेपी सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ छतरपुर के संजय कॉलोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल गए। वहां स्कूल स्टाफ भी साथ था। दोनों नेता निरीक्षण कर रहे थे,आपस में स्कूल के रखरखाव पर चर्चा कर रहे थे। तभी वहां खड़े स्कूल स्टाफ के एक शख्स ने दरख्वास्त की कि साहब यहां पक्की बिल्डिंग बनवाइए,70 सालों से यहां जो हमारे हिंदू बच्चे पढ़ रहे हैं,उनके लिए पीएम श्री या सीएम श्री जैसा कुछ करिए। इतना बोलते ही रामवीर सिंह बिधूड़ी और मनजिंदर सिरसा ने कहा कि हिंदू नहीं सभी के बच्चे हैं,इन्हें धर्म में क्यों बांट रहे हो? इतना सुनते ही व्यक्ति को अहसास हुआ और उसने कहा कि हमें लगा कि यहां पाकिस्तान के हिंदू बच्चे भी पढ़ते हैं? दोनों बीजेपी नेताओं ने कहा कि नहीं,यहां हिदुओं के अलावा और भी धर्मों के बच्चे पढ़ते हैं।

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाला: आप किसी इंसान को कस्टडी में रखकर उसे असल में दंडित कर रहे हैं

### सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा

**नईदिल्ली , एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ में 2000 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले में दो जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सोमवार को राज्य सरकार की खिंचाई की। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि वह एक आरोपी को कब तक जेल में रखेगी। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा कि इस मामले में तीन चार्जशीट दाखिल कर दी गई हैं और जांच अब भी जारी है। बेंच ने मौखिक रूप से टिप्पणी करते हुए कहा, जांच अपनी गति से चलेगी। यह अनंत काल तक चलती रहेगी। तीन चार्जशीट दाखिल की जा चुकी हैं। आप किसी व्यक्ति को हिरासत में रखकर उसे वास्तव में दंडित कर रहे हैं। आपने प्रक्रिया को ही सजा बना दिया है। यह कोई आतंकवादी या ट्रिपल मर्डर का मामला नहीं है।

राज्य सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने जमानत याचिकाओं का विरोध किया और कहा कि आरोपी का मामले में अन्य आरोपियों के साथ आमना-सामना कराया जाना है।

वहीं, आरोपियों की ओर से वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ अग्रवाल ने दलील दी कि इस मामले में तीन चार्जशीट दाखिल किए जा चुके हैं और अभी आरोप तय होना बाकी है। अग्रवाल ने कहा, मुझे (याचिकाकर्ता को) तीन लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया था। सरकारी कर्मचारियों समेत छह लोगों को जमानत मिल गई है, 457 गवाह हैं। जांच अब भी जारी है।

सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं अरविंद सिंह और अमित सिंह का पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से सामना कराने की अनुमति दे दी और मामले की अगली सुनवाई के लिए 9 मई की तारीख तय की है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरोप लगाया है कि इस घोटाले को राज्य सरकार के उच्च-स्तरीय अधिकारियों, निजी व्यक्तियों और राजनीतिक लोगों के एक सिंडिकेट द्वारा अंजाम दिया गया था, जिसने 2019-22 में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक रकम अर्जित की गई। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला 2022 में दिल्ली की एक अदालत में दायर आयकर विभाग के आरोपपत्र से निकला है। ईडी के अनुसार, शराब बनाने वालों से रिश्वत ली गई।

ताकि वे एक कार्टेल बना सकें और बाजार में एक निश्चित हिस्सा हासिल कर सकें।

## पत्नी से अवैध संबंध के शक में की थी साथी की हत्या, दिल्ली की अदालत ने दी उम्रकैद

**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने अपने सहकर्मी की हत्या करने के दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी को कथित तौर पर अपनी पत्नी और मृतक के बीच अवैध संबंध होने का शक था। हत्या की यह वारदात अगस्त 2019 में राजौरी गार्डन इलाके की एक फैक्ट्री में हुई थी। दोषी ने हत्या का हादसा दिखाने के लिए इसे बिजली के करंट से मौत का रंग देने की कोशिश की थी।



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पश्चिम) विनोद कुमार की अदालत ने 28 अप्रैल को दिए अपने फैसले में शकील अहमद की हत्या के अपराध में नौशाद आलम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा, कोर्ट ने सबूत नष्ट करने के लिए उसे एक साल के कारावास की सजा भी सुनाई। कोर्ट ने परिस्थितिजन्य साक्ष्य और गवाहों, विशेषकर फैक्ट्री मालिक सुमित अरोड़ा की गवाही के आधार पर आरोपी नौशाद आलम को दोषी ठहराया। आरोपी को दोषी ठहराते हुए अदालत ने गवाहों के बयान भी दर्ज किए। अदालत ने कहा, यह भी साफ है कि यह बिजली के करंट से मौत का मामला नहीं है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, चोटें कई हैं और इसलिए, यह स्पष्ट है कि यह हत्या का मामला है क्योंकि ऐसा लगता है कि शकील अहमद की हत्या करने के इरादे से चोटें पहुंचाई गई थीं और इसलिए यह मामला आईपीसी की धारा 300 के तहत परिभाषित हत्या की परिभाषा के अंतर्गत आता है, जो आईपीसी की धारा 302 के तहत दंडनीय है। कोर्ट ने कहा कि गवाहों के बयान से पता चलता है कि बचाव पक्ष ने इस बात पर विवाद नहीं किया है कि यह मृतक के सिर पर किसी भारी वस्तु से चोट लगने से हुई मौत का मामला है। एडिशनल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर अतुल श्रीवास्तव ने तर्क दिया कि अवैध संबंध एक ठोस मकसद है, जिसने आरोपी को यह अपराध करने के लिए उकसाया। इसलिए, अदालत से यह प्रार्थना है कि आरोपी को दोषी ठहराया जाए। अदालत ने इस दलील को अपराध के मकसद के रूप में खारिज कर दिया।

## अमेरिका में ट्रंप के नए फैसले से सिख समुदाय में उबाल, बोले- यह भेदभाव व अन्याय

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में ट्रक चालकों के लिए अंग्रेजी में दक्षता हासिल करने की अनिवार्यता को लेकर एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जिसे लेकर सिख अधिकार समूहों में रोष है। इन समूहों ने कहा है कि इस



आदेश का सिख समुदाय के ट्रक चालकों पर ''भेदभावपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है और रोजगार में अनावश्यक बाधाएं पैदा हो सकती हैं। 'अमेरिका के ट्रक चालकों के लिए सड़क के सामान्य नियमों को लागू करना शीर्षक वाले कार्यकारी आदेश में कहा गया है कि अमेरिका के ट्रक चालक देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती, इसकी सुरक्षा और अमेरिकी लोगों की आजीविका के लिए आवश्यक हैं। सोमवार को जारी आदेश में कहा गया है कि ''अंग्रेजी में दक्षता पेशेवर चालकों के लिए सुरक्षा संबंधी अनिवार्यता होनी चाहिए। वे यातायात संकेतों को पढ़ने और समझने में सक्षम होने चाहिए, उन्हें यातायात सुरक्षा, सीमा गश्त, कृषि चौकियों और माल वजन-सीमा स्टेशन के अधिकारियों के साथ संवाद करना आना चाहिए। ट्रंप ने अंग्रेजी को अमेरिका की आधिकारिक राष्ट्रीय भाषा घोषित किया है। 'सिख कोलिशन संगठन कहा कि वह ट्रंप के इस आदेश से ''काफी चिंता में है। उसने कहा, ''हम समझते हैं कि इस आदेश के तहत परिवहन मंत्री सीन डफी को 'अंग्रेजी में दक्षता संबंधी अनिवार्यता के अनुपालन के लिए निरीक्षण प्रक्रियाओं को मजबूत करने के मकसद से कदम उठाने का निर्देश दिया जाएगा। 'सिख कोलिशन समूह ने कहा कि यह कार्यकारी आदेश उस सिख समुदाय के लिए गंभीर चिंता पैदा करता है जिसकी अमेरिका के ट्रक संचालन उद्योग में मजबूत उपस्थिति है। इसमें 'द इकोनॉमिस्ट की उस रिपोर्ट का हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया था कि देश के ट्रक संचालन उद्योग में लगभग 1,50,000 सिख काम करते हैं।

## सेना और पुलिस, किसी को नहीं बख्शती...21 आतंकियों का काम तमाम, माली सेना को मिली बड़ी कामयाबी

**माली, एजेंसी।**
आतंकवाद से जूझ रहे अफ्रीकी देश माली में सेना ने एक निर्णायक कदम उठाते हुए आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। यह अभियान पश्चिमी माली के सेबाबौगू क्षेत्र में चलाया गया, जहां खुफिया सूचना के आधार पर सेना ने आतंकियों के अड्डों को निशाना बनाते हुए हवाई हमले किए।

इन हमलों में 21 आतंकवादी मारे गए, जबकि उनके कई ठिकाने पूरी तरह से तबाह हो गए। सेना ने जानकारी दी कि ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, रॉकेट लॉन्चर, बंदूकें और डिजिटल उपकरण भी नष्ट कर दिए गए हैं।

हालांकि सभी आतंकी मारे नहीं गए– कुछ घायल आतंकियों के साथ सेना की मुठभेड़ हुई, जिनमें से 5 घायल आतंकियों को भी पकड़ा गया है। जबकि कुछ अन्य मौके का फायदा उठाकर भाग निकले हैं। सेना अब उन फरार आतंकियों की तलाश में जुट गई है।

सेना के मुताबिक, इन हमलों में न केवल आतंकियों के ठिकाने ध्वस्त हुए, बल्कि बड़ी मात्रा में हथियार, गोलाबारूद



और विस्फोटक सामग्री भी नष्ट कर दी गई। सेना ने बताया कि इस अभियान के दौरान कुछ आतंकी बचकर निकलने में सफल रहे, जिनमें से कुछ के साथ मुठभेड़ हुई और पांच घायल आतंकियों को ढेर कर दिया गया है। जबकि बाकी बचे आतंकियों की तलाश अब भी जारी है और सेना ने उनके खिलाफ घेराबंदी तेज कर दी है। इस सैन्य कार्रवाई को माली की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। इससे न केवल आतंकियों को बड़ा झटका लगा है, बल्कि आम नागरिकों के मन में भी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ा है।

# उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस का साथ देने पर छह महीने बाद चुप्पी तोड़ी

**प्योंगयांग, एजेंसी।**
उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस का साथ देने की वैश्विक चिंताओं के बीच आज लगभग छह महीने बाद चुप्पी तोड़ी। उत्तर कोरिया ने आधिकारिक रूप से स्वीकार किया कि यूक्रेन में रूस के युद्ध का समर्थन करने के लिए उसने अपनी सेना की तैनाती की। इस बीच रूस ने दावा किया है कि द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ से पहले यूक्रेन में युद्ध के मैदान पर मास्को को निर्णायक बढ़त मिल जाएगी।



द कोरिया हेराल्ड अखबार की खबर के अनुसार प्योंगयांग की घोषणा का उद्देश्य बाहरी रूप से पारस्परिक प्रतिबद्धताओं को सुरक्षित करना है। साथ ही उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन का रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन का मजबूत समर्थन हासिल करना है। हालांकि, विशेषज्ञ इस बात से सहमत हैं कि किम के रूस के 9 मई के विजय दिवस समारोह में शामिल होने की संभावना कम ही है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह घोषणा उत्तर कोरिया और रूस के बीच दीर्घकालिक सैन्य गठबंधन को बनाने की क्षमता का भी संकेत देता है।

उत्तर कोरिया की रविवार को गई इस घोषणा को आज वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के केंद्रीय सैन्य आयोग ने लिखित बयान के रूप में जारी किया है। आई। इसे सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने आज प्रमुखता से प्रसारित किया है। इससे पहले यह घोषणा उत्तर कोरिया की सत्तारूढ वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के आंतरिक समाचार पत्र रोडोंग सिनमुन के पहले पन्ने की सुर्खी बनी। रोडोंग सिनमुन की खबर के अनुसार, देश के सैनिकों ने उत्तर कोरिया के नेता के आदेश पर रूस के कुर्स्क क्षेत्र के मुक्ति अभियान में हिस्सा लिया। उत्तर कोरिया के सैनिकों ने यूक्रेनी बलों को नष्ट करने और रूसी क्षेत्र को मुक्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कोरियाई भाषा में जारी बयान में कहा गया, ऐसे जांबाज सैनिकों का होना उत्तर कोरिया के लिए गौरव की बात है।

## भारत के रक्षा मंत्री से मिले नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. भट्टराई, पहलगाम आतंकी हमले को बताया निंदनीय

**काठमांडू एजेंसी।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री और माओवादी के पूर्व नेता डॉ. बाबूराम भट्टराई ने सोमवार को भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली में मुलाकात की। डॉ. भट्टराई ने कश्मीर के पहलगाम में नागरिकों पर हाल ही में हुए आतंकवादी हमले पर गहरा दुख व्यक्त किया और इस घटना की कड़ी निंदा की। दोनों नेताओं ने नेपाल-भारत संबंधों को और मजबूत करने और विकास और आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने को लेकर चर्चा की। डॉ. भट्टराई ने नेपाल के समग्र विकास में भारत के सहयोग की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के जन स्तर के संबंध को और अधिक मजबूत करने के लिए समान रूप से हमेशा प्रयास करने की आवश्यकता की है। डॉ. भट्टराई ने कश्मीर के पहलगाम में नागरिकों पर हाल ही में हुए आतंकवादी हमले पर गहरा दुख व्यक्त किया और इस घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने बताया कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की ओर से उठाए जाने वाले सभी कदमों का नेपाल पूरा समर्थन करता है। डॉ. भट्टराई वर्तमान में प्रगतिशील नेपाली समाज समिति, भारत के सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए भारत यात्रा पर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रह्म ऋषि समाज ने मनाई भगवान परशुराम की जयंती

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती आज बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। ब्रह्म ऋषि समाज चास के द्वारा जयंती को चास के मगध बैंकट हॉल में मनाया गया। जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय नेता जगरनाथ शाही



मौजूद रहे। ब्रह्म ऋषि समाज के लोगों ने भगवान परशुराम के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर जगरनाथ शाही ने कहा कि जिस सनातन धर्म के खिलाफ चारों तरफ से आक्रमण हो रहा है। उसको बचाने के लिए उसे फिर से पुनर्स्थापित करने के लिए भगवान परशुराम के आदर्श को आत्मसात करेंगे और उनके रास्ते पर चलने का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा कि एक समरसता का संदेश देने के लिए समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए जाति और वर्ण व्यवस्था को समाप्त करने के लिए एक बहुत बड़ा संदेश था। परशुराम अवतार का फिर से समाज में यह संदेश जाए और इसी के लिए इस जयंती को मनाने की जरूरत है।

### अवैध विदेशी शराब और बियर बरामद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार एवं सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन में मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर जिला उत्पाद बल एवं स्थानीय पेटरवार थाना की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर पेटरवार थाना क्षेत्र के गागी बाजार मठ टोला में सदमु प्रसाद एवं सूरज कुमार प्रसाद के घर पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया। टीम ने 293 पीस 69.12 लीटर करीब 08 पेटी विदेशी शराब, 141 पीस 75.75 लीटर करीब 10 पेटी बीयर एवं झारखंड




सरकार का नकली स्टीकर बरामद किया है। मामले में संलिप्त अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद बिजय कुमार पाल,अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास एवं पेटरवार थाना प्रभारी राजू मुंडा आदि उपस्थित थे।

### जरूरतमंद महिलाओं के बीच छाता वितरण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन, डिस्ट्रिक्ट 325, चैप्टर 8181ने प्रचंड गर्मी को देखते हुए जरूरतमंदों को छाता का वितरण किया। क्लब की पदाधिकारी रेनू कौशल ने कहा बढ़ती गर्मी को देखते हुए क्लब ने जरूरतमंदों, कामकाजी महिलाओं को धूप से राहत देने के लिए छाता वितरण का निर्णय लिया गया है जो बारिश तक जारी रहेगा। क्लब का उद्देश्य न केवल जरूरतमंद महिलाओं की मदद



करना है बल्कि उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना भी है। छाता वितरण में क्लब की वाइस प्रेसिडेंट लीना झा,कोषाध्यक्ष रेनू कौशल थी।

### 13 बांग्लादेशी नागरिकों को किया गिरफ्तार

**साहिबगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुंबई की विक्रोली पुलिस ने 13 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास झारखंड के साहिबगंज जिले के पते पर पंजीकृत फर्जी आधार कार्ड पाए गए थे। झारखंड के सीमावर्ती इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए "बेस कैंप" बनते जा रहे हैं। जांच में पता चला कि इन सभी के पास फर्जी विवरण वाले आधार कार्ड थे,जिनमें झारखंड के साहिबगंज को उनका निवास स्थान बताया गया है। राजमहल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा ने बताया है साहिबगंज जिले के उधवा प्रखंड क्षेत्र के पलाश गाछी गांव में और राजमहल प्रखंड क्षेत्र के दियारा क्षेत्रों में डेमोग्राफी बदल रही है अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्रों से आए बांग्लादेशी घुसपैठिए साहिबगंज में रहकर आधार कार्ड निवास प्रमाण पत्र आसानी से बना ले रहे हैं। महाराष्ट्र पुलिस ने तेरह संदिग्ध को पकड़ा है जिनका निवास स्थान साहिबगंज बताया जा रहा है। किसी खास समुदाय इतनी बड़ी सख्या में इन क्षेत्रों में नागरिकता प्रमाण पत्र बनना एक बड़ी समस्या को उत्पन्न कर रहा है।

### खूंटी समाहरणालय सभागार में दिशा की बैठक सम्पन्न

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खूंटी समाहरणालय सभागार में दिशा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने की। साथ ही बैठक में जिले के उपायुक्त लोकेश मिश्रा, तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया, जिला परिषद अध्यक्ष, खूंटी विधायक के प्रतिनिधि समेत जिले के सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। दिशा की बैठक में जिले में चल रही विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा और तोरपा विधायक ने विकास संबंधी कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। दिशा बैठक की अध्यक्षता कर रहे सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिए। घर घर नल जल योजनाओं को निश्चित समयावधि में पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही भूमि संरक्षण और अधूरे तालाब निर्माण को पूर्ण करने का भी निर्देश दिया। मत्स्य पालन और कृषि संबंधी कार्यों में भी तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

## कोयले के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम के लिए दिए कई दिशा निर्देश

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक टाउन हॉल में आयोजित की गई।

बैठक में जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने खनिजों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध खनन कार्यालय द्वारा की गई कार्रवाई पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। इस दौरान पूर्व में हुए जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की गई। साथ ही कोल कंपनियों को निर्गत विभिन्न पत्र एवं बैठकों की कार्यवाही के माध्यम से जारी निदेर्शों के अनुपालन की भी समीक्षा की गई। इस दौरान लघु एवं वृहद खनिजों के अवैध उत्खनन भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध दर्ज कांडों के अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में समीक्षा की गई।



साथ ही कोयला खनिज का परिवहन/क्रय में जीएसटी एवं ई-वे बिल का दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के संबंध में चर्चा की गई। इसके अलावा जिला अंतर्गत खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के संबंध में प्राप्त पत्रों की कार्रवाई की समीक्षा एवं खनिजों के अवैध खनन /परिवहन की रोकथाम हेतु टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अवैध खनन, भंडारण, परिवहन को रोकने हेतु संबंधित सभी पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सुश्री माधवी मिश्रा ने सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध खनन के रोकथाम हेतु संबंधित सभी विभाग के पदाधिकारी संबंध में स्थापित करते हुए कार्य करें। जो भी गलतियां होते आ रही है वह समन्वय स्थापित करने से नहीं आएगी। इसके लिए अंचल स्तर पर बनी कॉर्डिनेशन समिति की बैठक समय-समय पर निर्धारित तरीके से करें। ताकि स्थानीय स्तर पर आने वाले समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। आपसी समन्वय नहीं होने के कारण कई बार इनपुट मिलने पर भी कार्रवाई असफल हो जाती है। इसलिए इस पर गंभीर होकर सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

उपायुक्त ने कहा कि कई ऐसे मामले सामने आते हैं जिसमें बीसीसीएल रैयत को बिना मुआवजा दिए उनके जमीनों पर कार्य करना शुरू कर देती है, जिससे स्थानीय स्तर पर विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसको लेकर उन्होंने बीसीसीएल को यह निर्देशित किया कि कार्य शुरू करने से पहले यह आवश्यक जांच लें कि सभी रैयतों को उनका अधिकार एवं मुआवजा मिल चुका हो। वहीं बैठक के दौरान सिटी एसपी श्री अजित कुमार ने सभी थाना के थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी समस्याएं उत्पन्न होती है उसका समय पर निराकरण करना सुनिश्चित करें। साथ ही एफआईआर के लिए आए आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज करें एवं उसे पर कार्रवाई करें। साथ ही ग्रामीण एसपी श्री कपिल चौधरी ने बीसीसीएल के पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आप जब भी एफआईआर दर्ज करवाने हेतु थाना में जाते हैं तो घटना से संबंधित जानकारियां सही तरीके से आवेदन में मेंशन करें ताकि एफआईआर दर्ज हो सके। बैठक में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के द्वारा कोयले के अवैध खनन के विरुद्ध की गई छापामारी, अवैध खनन के हॉटस्पॉट, अवैध खनन स्थल पर की गई डोजरिंग पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि खनन स्थल पर ड्रोन द्वारा तथा सभी काटा घरों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जा रही है। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी अजित कुमार, एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, बीसीसीएल के पदाधिकारी, ईसीएल व सीआइएसएफ के पदाधिकारी सहित सभी अंचल के अंचल अधिकारी, बीसीसीएल एरिया जीएम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# आयुष्मान भारत 'मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना' मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना पर कार्यशाला

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड स्टेट आरोग्य समिति की ओर से आयोजित आयुष्मान भारत - मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना पर इएचसीपी के साथ एक दिवसीय कार्यशाला रांची में आज आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी मौजूद रहे और विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। यह कार्यशाला में आयुष्मान योजना से जुड़े वैसे अस्पताल जो शहरी क्षेत्र में 50 बेड से कम वाले अस्पताल एवं ग्रामीण क्षेत्र में 30 वेड से कम वाले अस्पताल के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया उनको आयुष्मान बेड बढ़ाने एवं स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करने का निर्देश दिया गया ताकि अधिक से अधिक लाभुकों को लाभ मिल सके। इस कार्यशाला में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना मुख्यमंत्री आवास स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत 5 लाख से 15 लाख तक की सुविधा दी जा रही है पैसे के अभाव में पहले इलाज नहीं हो पता था अब यहां के लोगों को स्वास्थ्य की गारंटी सरकार ले रही है और स्वास्थ्य कार्ड दिया जा रहा है उसे उनका इलाज कराया जाएगा जो भी आयुष्मान योजना के तहत हॉस्पिटल है। इस अवसर पर विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह कहा कि सरकार की जो स्वास्थ्य योजनाएं हैं जिनके द्वारा लाभुको को योजना का लाभ मिलता है उनसे आज समन्वय स्थापित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है ताकि आने वाले समय में इस पर और कैसे बेहतर से बेहतर कार्य कर सके इसके लिए सरकार हर संभव मदद करेगी इसके साथ गुणवत्ता पूर्वक इस योजना का लाभ लोगों तक पहुंचना है।

# विश्व टीकाकरण सप्ताह के अंतर्गत बीएसएल द्वारा परिधीय गांवों में जागरूकता अभियान







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व टीकाकरण सप्ताह 24 से 30 अप्रैल 2025 के अवसर पर, बोकारो स्टील प्लांट द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बीएसएल सीएसआर के अंतर्गत पिरामल स्वास्थ्य की मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा यह अभियान बोकारो स्टील सिटी के परिधीय गांवों जैसे बैधमारा, वास्तेजी, पचौड़ा, शेरशाहडीह, परसाडीह, कनारी, बोधनाडीह, मोहलिडीह, कनफट्टा एवं बेलडीह में सफलतापूर्वक संचालित किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को टीकाकरण के महत्व से अवगत कराना तथा विशेष रूप से नवजात शिशुओं एवं बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना है। बोकारो स्टील प्लांट की मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सकों द्वारा विभिन्न गांवों में जाकर जागरूकता सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें प्रतिभागियों को टीकाकरण के प्रकार, उसकी आवश्यकता, बचपन में इसकी अनिवार्यता तथा संबंधित रोगों की रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। साथ ही, उन्हें निकटतम सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध निःशुल्क टीकाकरण सेवाओं की जानकारी भी दी जा रही है। अभियान के दौरान ग्रामीणों को इस बात के लिए प्रेरित किया गया कि वे स्वयं टीकाकरण के प्रति सजग रहें एवं अपने परिवार और समुदाय को भी इसके लिए जागरूक करें, जिससे एक स्वस्थ, सशक्त और सुरक्षित समाज का निर्माण हो सके। इस जनहितकारी पहल के अंतर्गत अब तक 350 से अधिक ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया है। यह प्रयास बोकारो स्टील प्लांट की जनस्वास्थ्य एवं सामुदायिक कल्याण और स्वास्थ्य क्षेत्र में स्थायी सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# शिविर में आमजनों ने कराया आधार का निबंधन और अपडेट

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिले के विभिन्न बैंकों/पोस्ट ऑफिस/प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में संचालित आधार पंजीकरण/सुधार केंद्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त विशेष शिविर आगामी 01 मई तक सतत जारी रहेगा।

आयोजित विशेष शिविर में लोगों की काफी भीड़ जुट रही है। आमजन नया आधार पंजीकरण कराने के साथ ही आधार को अपडेट (संशोधन) करा रहें हैं। आधार को लेकर आयोजित विशेष शिविर का सभी बीडीओ - सीओ ने अपने - अपने प्रखंडों में निगरानी किया। वहीं, यूआइडी के डीपीओ ने भी विभिन्न



केंद्रों का निरीक्षण कर विशेष अभियान को सफल बनाने को लेकर निर्देश दिया। उल्लेखनीय हो कि, सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ लेने हेतु आधार कार्ड लाभुकों के पास होना अनिवार्य है। बिना आधार कार्ड के सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पाता है, इसलिए आमजनों से अपील है कि वह शिविर में शामिल होकर अपना आधार कार्ड बनाएं एवं अपडेट करें। 21 अप्रैल 2025 से आयोजित इस विशेष शिविर में अब तक कुल 920 लोगों ने अपना नया आधार कार्ड बनाया एवं 6733 लोगों ने अपने आधार में नाम/मोबाइल नंबर/ई-मेल आइडी आदि को अपडेट (संशोधित) कराया है।

### चोरों ने जेवरात समेत की लाखों की चोरी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चिराचास थाना क्षेत्र स्थित प्राप्ति स्टेट हाउसिंग कॉलोनी के 72 नंबर प्लॉट में रहने वाले एल के तिवारी के घर पर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। एल के तिवारी 6 अप्रैल को अपनी पत्नी का इलाज कराने पटना गए थे। जब 25 अप्रैल को वापस लौटे तो घर का तालाब टूटा हुआ मिला और घर में रखे जेवरात समेत 5 लाख की चोरी का पता चला।

एल के तिवारी ने 100 डायल पर फोन कर इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने थाने में जाकर शिकायत करने की बात कही। लेकिन थाने में लिखित शिकायत देने के बाद भी आज तक मामला दर्ज नहीं हो पाया है। पीड़ित का कहना है कि पुलिस ने गंभीरता के साथ इस मामले को नहीं लिया और नहीं जांच करने के लिए कोई टीम पहुंची।

# न्यू चेतन आनार्मेंट्स में अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में 2 मई तक धमाका ऑफर

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** न्यू चेतन ऑरनामेन्टस अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में एक धमाका ऑफर की घोषणा की है। इस ऑफर के तहत 22 कैरेट हॉलमार्क सोने के आभूषण प्रत्येक दिन के भाव पर प्रति 10 ग्राम 6000/- रुपए की भारी छूट यानि आज का भाव 89900/- रुपए प्रति 10 ग्राम ऑफर रेट 83900/- रुपए प्रति 10 ग्राम।डायमंड के आभूषणों की खरीद पर 100% मेकींग चार्ज फ्री। चाँदी के आभूषणों के मेकींग चार्ज में 50% की छूट।ग्रहरत्न पर 20% की भारी छूट।एचयूआईडी हॉलमार्क के सारे आभूषण उपलब्ध है। यह ऑफर 18 से 2 मई के लिए है। आप अपने सोने का आभूषणों का बुकिंग भी एडवांस पेमेन्ट में कर सकते हैं। सार्टिफायड डायमंड के आभूषण एवं नामी-गिरामी कम्पनियों के आकर्षक डिजाइन के गहने उपलब्ध कराये गये। न्यू चेतन ऑरनामेन्टस में भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 100% हॉलमार्क सोने के गहने आकर्षक डिजाइनों के साथ विशाल रेंज में उपलब्ध है।न्यू चेतन ऑरनामेन्टस अब गोविन्दपुर में भी जहां कैरेटोमीटर द्वारा आप अपने आंखों के सामने सोने की शुद्धता जांचे मात्र 30 सेकन्ड में, संचालक आयुष गोयनका ने कहा कि न्यू चेतन



ऑरनामेन्टस देता है आपको 22 कैरट हॉलमार्क शुद्ध सोने के आभूषण जो आपको पूरे भारतवर्षी में इसकी पूरी कीमत दिलाता है। न्यू चेतन ऑरनामेन्टस की शाखा शिवशम्भु प्लाजा, जी. टी. रोड, गोविन्दपुर धनबाद में स्थित है।न्यू चेतन ऑरनामेन्टस के संचालक चेतन गोयनका ने कहा कि आभूषण बेचना ही नहीं बल्कि रिश्तों को कायम रखना एवं ग्राहकों की संतुष्टि ही न्यू चेतन ऑरनामेन्टस का उद्देश्य रहा है। शुद्ध सोने आभूषण का मतलब का हॉलमार्क सोने के आभूषण, क्योंकि शुद्ध सोने के आभूषण को हॉलमार्क ही प्रमाणित करता है। चूंकि सोना सुख-दुःख का साथी है। इसलिए उसे खरीदते समय अच्छी तरह समझें, जाँचें, परखें तब खरीदें।

# कचरवा डैम में गहरीकरण के नाम पर हो रही खानापूर्ति : रूचिर तिवारी

## डैम से निकलने वाली मिट्टी को बेच रहे हैं संवेदक व अभियंता : भाकपा

**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने मेदिनीनगर निगम के वार्ड नंबर 6 में कचरवा डैम के सौंदर्यीकरण व गहरीकरण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में वार्ड नंबर 6 के पूर्व वार्ड उम्मीदवार मृत्युंजय तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी व रामराज तिवारी उपस्थित थे। मौके पर जिला सचिव तिवारी ने पाया कि मेदिनीनगर नगर निगम का जल स्रोत का सबसे बड़ा डैम कचरवा डैम है। इसमें गर्मी के महीना में भी पानी नहीं सूखता है। इसका क्षेत्रफल भी बहुत ज्यादा है। इसी डैम से मेडिकल कॉलेज पोखराहा



में पानी भी सप्लाई होता है। डैम का सौंदर्यीकरण व गहरीकरण के नाम पर केवल खानापूर्ति किया जा रहा है। संवेदक ने अभी तक कितनी लागत से डैम का कार्य शुरू कराया है, इसकी सूचना पट भी नहीं लगाई है। यही नहीं डैम के गहरीकरण से निकलने वाला मिट्टी संवेदक पैसे से दूसरे जगह बेंचने का काम कर रहे हैं। मिट्टी का उपयोग उस डैम के चारों तरफ ऊंची चबूतरा बनाने में करना है। डैम के जमीन का क्षेत्रफल बहुत बड़ा है। लेकिन उस डैम के किनारे भी बहुत सारे अवैध रूप से घर बनाकर लोग रह रहे हैं। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जल स्रोतों का अतिक्रमण किसी भी कीमत पर नहीं होना चाहिए। ऐसी स्थिति में कचरवा डैम मेदिनीनगर नगर निगम की लाइफ लाइन आने वाला समय में बन सकती है। जरूरत है इसे विस्तृत करने की।

# एसओएफ ओलंपियाड में राजकमल के विद्यार्थियों ने बटोरे 98 गोल्ड

## परिणाम विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण : सुमंत कुमार मिश्रा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन,गुड़गांव एसओएफ गणित अंग्रेजी,विज्ञान,सामाजिक विज्ञान व अन्य विषयों पर ओलंपियाड का आयोजन करता है। इसी आलोक में ओलंपियाड में भाग लेने वाले राजकमल के 110 बच्चों में से 98 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया इतना ही नहीं इनमें से कुछ को अंतरराष्ट्रीय रैंक भी प्राप्त हुआ है।

विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने कहा कि विद्यालय के लिए यह हर्ष एवं गौरव का विषय है। ऐसे विद्यार्थियों पर विद्यालय को गर्व है ।मेरा मानना है कि शिक्षा के क्षेत्र में जिनकी बुनियाद ठीक है वह सफलता के वृक्ष बनते हैं,फलते हैं और फूलते हैं।प्राचार्य श्री मिश्रा ने इसका श्रेय विद्यालय के उन शिक्षकों को भी दिया है जिन्होंने बच्चों को प्रेरणा दी एवं उन्हें तैयार करवाया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंग्रेजी




ओलंपियाड में मयंक गुप्ता को 3193, देवांश कुमारी को 1569 अनुष्का आर्या को 4387 ,आर्य कुमार को 3071, शिवानी कुमारी को 4540, शिवम कुमार को 3016, आर्यन साहू को 1881 एवं यशराज को 2223 वाँ रैंक प्राप्त हुआ। विज्ञान ओलंपियाड में वैष्णवी कुमारी, देवांशी राज, मृणाल आर्या ,श्रेया साहनी, जय श्री कुमारी, परिधि दुबे, पलक पांडे, पीहू कुमारी, शुभांगी ,चाहत कुमारी ,नम्रता अम्बष्ठ, एंजेल कुमारी , अन्वेषा राय ,अंशिका माली, प्रीति कुमारी, कृतिका कुमारी, नीरज आनंद, राघव कुमार, प्रत्यूष हर्ष, रक्षित कुमार पांडे, आकाश कुमार, राशि रानी, सुनिधि कुमारी ,सौरभ कुमार, मयंक मनोहर महतो ,रेहान शेख, अमर कुमार सिन्हा ,शिवम कुमार, अर्थ कुमार, प्रिंस कुमार, पवन कुमार, रोशन कुमार, ऋषभ गुप्ता, तनीषा श्रीवास्तव, दिव्यांशी गुप्ता एवं अनु कुमारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।गणित ओलंपियाड में रमिया मंजूम, आराध्या कुमारी, दिशा किस्कू ,आरव मुखर्जी, प्रताप रावत, दिव्यांशी कुमारी, सृष्टि कुमारी, संदर्भ श्रेया, दिव्य विजय गरुड़ ,देव प्रकाश, रुद्र प्रताप सिंह, सौरव शर्मा, यशराज ,शरद प्रसाद, निखिल भालोठिया, सरबजीत सिंह, निरुपम मित्र, आराध्या शर्मा ,आराध्या, लक्षिता कुमारी ,साक्षी सिंह ,काव्य कशिश राज ,बुशरा तनवीर, प्रिशा , अनन्या राय ,स्वाति कुमारी, वैष्णवी कुमारी, रिद्धि भावना, सुनिधि प्रिया, शान्वी मालाकार, परी कुमारी, इशिका घोष, स्नेहल, फातिमा रशीद, कोमल कुमारी, प्रियांशी कुमारी, सत्यम कुमार, दैविक रस्तोगी, आनंद कुमार साहू, मयंक कुमार दास, पीयूष दास ,अंकित कुमार, वैभव कुमार, मोहम्मद रेहान फजल ,रितेश रंजन, परविंदर प्रधान, अभिज्ञान आयुष, राघव कुमार ,मयंक कुमार, मानसी, विद्यानंद प्रसाद, विमर्श कुमार, वीर कुमार रवानी, अनुराग कुमार, रौनक कुमार सिंह, अरिजीत कुमार मिश्रा को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया ,अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, सचिव संजीव अग्रवाल, सहसचिव दीपक रुइया ,कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण, प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या लीला सिंह, प्रभारी प्रतिमा चौबे, कमल नयन ,पार्थ सारथी सरकार ,सुमोना दीक्षित, एवं छंदा बनर्जी ने इन सबों को बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बिजली विभाग द्वारा मृतक के आश्रित को सौंपा पांच लाख रुपए का चेक

**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिमी टुंडी के मनियांडीह थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव निवासी 53 वर्षीय पारा शिक्षक दिनेश मरांडी की पिछले दिनों घर के पीछे गिरे ग्यारह हजार वोल्ट के तार की चपेट में आने से मौत हो गई थी



इसी घटना को लेकर विद्युत प्रमंडल कार्यालय गोविन्दपुर में सोमवार को विद्युत कार्यपालक अभियंता मुकुल कुमार ने पारा शिक्षक की पत्नी को पांच लाख रुपए का चेक सौंपा। मौके पर मनियांडीह मुखिया सुपर्णा देवी, गोविन्दपुर विद्युत कार्यालय के क्लर्क जनार्दन सिंह उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK